

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 14 गेंद में एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं ... शेख हसीना के बेटे का बयान- देश नहीं छोड़ना चाहती ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 117 | नई दिल्ली, बुधवार, 07 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# बांग्लादेश में हालात पर सरकार की नजर, सीमा पर सुरक्षा बल सतर्क : जयशंकर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/,एजेंसी। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि सरकार बंगलादेश के राजनीतिक घटनाक्रम पर निरंतर नजर रखे हुए है और जब तक वहां कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती भारत की गहरी चिंता बनी रहेगी। सरकार ने बांग्लादेश में अस्थिर हालात पर चिंता जताते हुए मंगलवार को कहा कि वह पड़ोसी देश की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की स्थिति पर राज्यसभा में दिए गए एक बयान में कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत के दशकों से गहरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि वहां के हालात से यहां भी चिंता उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि वहां जून से हालात बिगड़ने शुरू हुए और यह सिलसिला अब तक जारी है और उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी हालात नहीं बदले। उन्होंने कहा कि जो कुछ पड़ोसी देश में हुआ, उसका एक सूत्री एजेंडा यह था कि प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा दे दें। जयशंकर ने कहा कि पांच अगस्त को कर्फ्यू के बाद भी वहां दंगे हुए। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में शेख हसीना ने कल कुछ वक्त के लिए भारत आने की अनुमति मांगी थी और उनका अनुरोध स्वीकार कर उन्हें यहां आने की अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी अस्थिर हालात हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में एक अनुमान के अनुसार 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 9,000 छात्र हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई में अधिकतर छात्र भारत लौट आए। विदेश मंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश के साथ लगने वाली सीमा पर सुरक्षा बलों को अत्यधिक सतर्कता बरतने के





निर्देश दिए गए हैं।

**राजनीतिक घटनाक्रम पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा:** सरकार ने मंगलवार को संसद भवन में एक सर्वदलीय बैठक में बंगलादेश में राजनीतिक घटनाक्रम पर गहन चर्चा की तथा राष्ट्रीय आम सहमति कायम करने की कोशिश की। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बंगलादेश की मौजूदा स्थिति और बंगलादेश में सामने आ रहे हालात पर भारत के रुख के बारे में भी जानकारी दी। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में संसद भवन में हुई बैठक की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, बंगलादेश में चल रहे घटनाक्रम के बारे में आज संसद में एक सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी गयी। सर्वसम्मति से दिये गये समर्थन और समझ की सराहना करते हैं। बैठक में एस जयशंकर के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य लोग शामिल हुये।

## बांग्लादेश की संसद आधिकारिक तौर पर भंग

प्रात : किरण संवाददाता

ढाका। बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अंतरिम प्रशासन के गठन के लिए मंगलवार को संसद को भंग कर दिया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने आज दोपहर तीन बजे तक संसद को भंग करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो वे बड़े पैमाने पर कार्यक्रम की घोषणा की करेंगे। आंदोलन के एक प्रमुख समन्वयक नाहिद इस्लाम ने फेसबुक वीडियो के माध्यम से मंगलवार को सुबह यह जानकारी दी। इस दौरान, उनके साथ साथी समन्वयक आसिफ महमूद और अबू बकर मजूमदार भी थे।

**हसीना के देश छोड़ने के बाद से100 से अधिक की मौत:** शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से सोमवार को इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के बाद वहां पैदा हुई अराजकता के बीच देशभर में हिंसा की घटनाओं में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कई समाचार रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल का बंगलादेश को लेकर सरकार को सहयोग का भरोसा

नईदिल्ली। कांग्रेस नेता तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बंगलादेश में शांति बहाली को लेकर वह सरकार को हर तरह से अपना समर्थन देंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने बंगलादेश के मुद्दे पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सरकार से विदेश नीति पर भी सवाल पूछा लेकिन कहा कि बंगलादेश में जारी संकट को रोकने के लिए वह सरकार को समर्थन देंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में श्री गांधी ने सरकार की विदेश नीति और खासकर बंगलादेश की घटनाओं के लेकर सवाल किए लेकिन कहा कि राष्ट्रहित में जो भी कदम उठाए जाएंगे उनका वह समर्थन करेंगे। उन्होंने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर भी चिंता जताई और कहा कि वहां अल्पसंख्यकों की स्थिति एक महत्वपूर्ण चिंता बनी हुई है, उनकी संपत्तियों पर हमलों की रिपोर्ट हैं।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को मंगलवार को दिल्ली के एक प्रमुख निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आडवाणी की हालत स्थिर है। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया। जुलाई के पहले हफ्ते में भी, आडवाणी को इस अस्पताल में भर्ती किया गया था और दो दिन चिकित्सकीय देखरेख में रखने के बाद (अस्पताल से) छुट्टी दे दी गई थी। उन्हें न्यूरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया था।

### झारखंड : स्टील प्लांट में जोरदार विस्फोट, 7 मजदूर झुलसे

रांची। झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही में पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट में ब्लास्ट से 7 मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं। इनमें से कुछ की मौत की आशंका जताई जा रही है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। गंभीर रूप से जख्मी चार मजदूरों को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। बताया गया कि प्लांट की चिमनी में दोपहर 12 बजे के आसपास धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ।

## सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक

# अवैध खनन की सूचना देने पर इनाम देगी सरकार

### छोटे वाहनों के लिए 5 हजार व बड़े वाहनों के लिए 10 हजार का इनाम



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में कुल 36 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए बालू-गिट्टी सहित अन्य लघु खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन संबंधी आसूचना तथा कार्रवाई के लिए सूचनादाताओं को पुरस्कार देने की योजना को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत बालू की अवैध धुलाई और खनन की जानकारी देने वालों को इनाम दिया जाएगा। अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर जैसे छोटे वाहनों के लिए सटीक सूचना देने वालों को उनकी पहचान गुप्त रखते हुए पांच हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों की सही सूचना देने वालों को दस हजार की प्रोत्साहन राशि सरकार की ओर से दिया जाएगा।

**लोगों के बीच सकारात्मक संदेश जाएगा :** राज्य के खनन मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकार के इस पहल से सुशासन के प्रयासों से हमारे सामाजिक योद्धा सीधे तौर पर जुड़ पाएंगे। प्रोत्साहन राशि के प्रावधान से ईमानदार लोगों के बीच सकारात्मक संदेश तो जाएगा ही साथ ही खनन उद्योग में स्वस्थ प्रतियोगिता भी विकसित होगी। यह उपभोक्ता और उद्यमी दोनों के लिए फायदे की स्थिति होगी। विभागीय कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने बताया कि इसके लिए नंबर भी विभाग ने जारी किया है।

**इस नंबर पर फोन कर दे सकते हैं जानकारी :** मंत्री ने बताया कि अवैध खनन की जानकारी देने के लिए मोबाईल संख्या 94731-91437 तथा 99395-96554 पर अवैध खनन एवं परिवहन की जानकारी दे सकेंगे। इन दोनों नंबरों पर 24 घंटे अवैध खनन की जानकारी दी जा सकती है।

**खनन की गाड़ियों की पहचान के लिए वाहनों पर लाल पट्टी :** मंत्री ने आगे बताया कि खनन गाड़ियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी गाड़ियों पर 20 इंच चौड़ाई की लाल पट्टी पेंट कराई जा रही है । जिस पर गाड़ी का नम्बर एवं खनन विभाग का रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित होगा। गाड़ियों की पहचान सुनिश्चित करने की यह प्रक्रिया 31अगस्त तक पूरी करा ली जाएगी ।

**परिवहन विभाग में102 लिपिक की बहाली :** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 12500 बेरोजगार युवकों को सहायता राशि दी जाएगी। कैबिनेट ने योजना के 1 साल विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। परिवहन विभाग के तहत क्षेत्रीय कार्यालय में 102 निम्न वरीय लिपिक की बहाली होगी।

### पीएमसीएच में 4315 नए पदों पर होगी बहाली

बिहार के सबसे बड़े अस्पताला पीएमसीएच में बंपर बहाली होगी। मंत्रिमंडल ने पीएमसीएच में 4315 नए पदों के सृजन का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। यहां 5462 शैय्या वाले नए चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल का निर्माण हो रहा है। इसे एम्स दिल्ली के मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

### बिहार खरीद अधिमानता नीति-2024 स्वीकृत स्थानीय लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर : सम्राट

पटना। मंगलवार को राज्य कैबिनेट से बिहार खरीद अधिमानता नीति-2024 को स्वीकृत किया गया है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इसके लागू होने से जहां राज्य के स्थानीय औद्योगिक इकाईयों, उद्यमों का विकास होगा, वहीं उनमें प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेंगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित होंगे। स्थानीय उत्पादों की खरीद को बढ़ावा मिलेगा, जिससे उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत वस्तु एवं सेवा से संबंधित खरीद के लिए स्थानीय सामग्री की न्यूनतम सीमा 30 प्रतिशत तय की गई है। यानी हर स्थिति में औद्योगिक इकाईयों व उद्यमों को कम से कम 30 प्रतिशत सामग्री व सेवा स्थानीय स्तर पर लेने की अनिवार्यता निर्धारित की गई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि वस्तुओं के लिए स्थानीय उद्यम का मतलब बिहार में निबंधित इकाई और यहीं पर होने वाले उत्पादन से है। इसी प्रकार सेवा के मामले में स्थानीय उद्यम उसे माना जायेगा जो निविदा प्रकाशन की तिथि से कम से कम एक वर्ष पूर्व से बिहार में काम कर रहा हो तथा एक वर्ष से सुविधा एवं सेवा कर विवरणी दाखिल किया हो। इसके अलावा उस उद्यम में कुल काम करने वालों में कम से कम 50 प्रतिशत बिहार के निवासी हो। श्री चौधरी ने कहा कि इस नीति में विशेष श्रेणी के उद्यम में बिहार में अवस्थित सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाई तथा स्टार्टअप को रखा गया है। ऐसे उद्यमों को निविदा की अग्रधन राशि/प्रतिभूति राशि से छूट के साथ ही निविदा के सेट मुफ्त में दिए जायेंगे। बिहार के स्टार्टअप को नामांकन के आधार पर 10 लाख रुपये तक का कार्य दिया जा सकता है। इस नीति के अन्तर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य खरीद अधिमानता स्थानीय समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक तीन महीने पर इसकी समीक्षा और नीति अनुपालन में कोताही पर उचित कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

## लालू-तेजस्वी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल

### जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई





प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ईडी ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी ने पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत 13 अगस्त को मामले की सुनवाई करेगी। जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में पहला पूरक आरोप पत्र दाखिल किया गया है। नई पूरक चार्जशीट 1000 पन्नों की है। ईडी द्वारा दायर मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से निकला है। लालू यादव और तेजस्वी यादव के अलावा आठ अन्य को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब बहस शुरू होगी जिसके लिए 13 अगस्त की तारीख तय की गई है। गौरतलब है कि कथित घोटाला उस समय का है जब लालू यादव यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी के पदों पर कई लोगों की नियुक्ति की गई और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीनें तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनकी संबंधित कंपनी एके इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड के नाम कर दी। इसी मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने 26 जून को एक अन्य आरोपी अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। ईडी के मुताबिक कत्याल एके इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक थे। उन्हें मेडिकल आधार पर छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी गई थी। कत्याल को प्रवर्तन निदेशालय ने 11 नवंबर, 2023 को धन शोधन निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

## कोई भी राज्य पश्चिम बंगाल का मॉडल नहीं अपनाना चाहेगा : शाह

नई दिल्ली/ एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस नीत ममता बनर्जी सरकार पर कटाक्ष करते हुए आश्चर्य जताया कि क्या कोई राज्य वामपंथी उग्रवाद को रोकने के संदर्भ में उनके मॉडल को लागू करना चाहेगा। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आंध्र प्रदेश का हवाला देते हुए



कहा कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पिछले 10-15 सालों से इन राज्यों में है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सफल रही है। उन्होंने सदन में गृह मंत्री से सवाल किया कि क्या वे पश्चिम बंगाल के मॉडल का अध्ययन कर इसे अन्य राज्यों में भी लागू करेंगे। सौगत रॉय के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुस्कुराते हुए खड़े हुए और कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उन राज्यों के मॉडल को लागू करने में कोई दिक्कत नहीं है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मैं मानता हूं कि कोई भी राज्य नहीं चाहेगा कि वहां पश्चिम बंगाल का मॉडल अपनाया जाए।

## हसीना की यात्रा योजना में अड़चन, विकल्पों पर विचार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की यात्रा योजना कुछ अनिश्चितताओं के कारण अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद सोमवार को हिंडन एयरबेस पर उतरीं हसीना



को एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया और उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि हसीना भारत से लंदन जाने वाली थीं, लेकिन अब वह अन्य विकल्पों पर विचार कर रही हैं, क्योंकि ब्रिटेन सरकार ने संकेत दिया है कि उन्हें किसी भी संभावित जांच के खिलाफ ब्रिटेन में कानूनी सुरक्षा नहीं मिल सकती है। सूत्रों ने बताया कि अवामी लीग की नेता हसीना ने भारत के रास्ते लंदन जाने की योजना बनाई थी और उनके सहयोगियों ने हिंडन पहुंचने से पहले भारतीय अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया था। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने सोमवार को लंदन में एक बयान में कहा कि बांग्लादेश ने पिछले कुछ हफ्तों में अभूतपूर्व स्तर की हिंसा और जान-माल की दुखद हानि देखी है और देश के लोग घटनाओं की संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में पूर्ण और स्वतंत्र जांच के हकदार हैं। सूत्रों ने कहा कि हसीना की यात्रा योजनाओं में कुछ अड़चन आ गई हैं और वह अगले कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं।

**सम्मान** मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, शाह ने दी बधाई

# भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है : राष्ट्रपति मुर्मू

प्रात : किरण



सुवा/नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दक्षिण प्रशांत महासागरीय द्वीप देश फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से नवाजा गया है। सुश्री मुर्मु फिजी की सरकारी यात्रा पर यहां पहुंची है। वह यहां की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। राजधानी सुवा के स्टेट हाउस में सोमवार को आयोजित समारोह में फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे ने सुश्री यह पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है। उन्होंने फिजी की संसद को भी संबोधित किया और सांसदों से बातचीत की। सुश्री मुर्मु ने अपने संबोधन में इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि लोकतंत्र, बहुलवाद और विविधता के साझा मूल्य किस तरह दोनों देशों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। उन्होंने कहा, भौगोलिक आकार में भारी अंतर के बावजूद भारत और फिजी दोनों में बहुत कुछ समान है, जिसमें हमारे जीवंत लोकतंत्र, हमारे समाजों की विविधता, हमारा पंथ कि सभी मनुष्य समान हैं, और प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रता, सम्मान और अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता। इससे पहले सुवा पहुंचने पर सुश्री मुर्मु का हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका ने स्वागत किया। बाद में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में सुश्री मुर्मु के सम्मान में पारंपरिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बधाई देते हुए कहा कि इससे न केवल विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी मजबूत हुए हैं।

**भारत और फिजी में जीवंत लोकतंत्र काफी कुछ एक समान :** फिजी की दो दिवसीय यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को वहां की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है। भारत एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनने के साथ-साथ प्राथमिकताओं के अनुसार फिजी के साथ साझेदारी करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस मौके पर दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए अपनी साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए एक साथ आने को कहा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आकार में बहुत अंतर होने के बावजूद भारत और फिजी में जीवंत लोकतंत्र सहित काफी कुछ एक समान है।

### बांग्लादेश हिंसा : बिहार पुलिस मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

पटना। बांग्लादेश में उपद्रव और हिंसा को लेकर बिहार में अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी सीमावर्ती जिलों में पुलिस और एसएसबी को अलर्ट रहने को कहा है। सीमा वाले इलाकों में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बिहार पुलिस और एसएसबी को तैयार रहने को कहा गया है। सीमांचल में बांग्लादेश और बिहार की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। कटिहार और किशनगंज से बांग्लादेश की सीमा सटी हुई है। ऐसे में बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। साथ ही एसएसबी को सतर्क किया गया है और 24 घंटे निगरानी रखने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस और एसएसबी अलर्ट मोड में आ गए हैं। बांग्लादेश और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में गाड़ियों की और हर आने-जाने वालों की सघन जांच की जा रही है।

## बांग्लादेश की जेल से निकले सैकड़ों कैदी, बंगाल सीमा पर घुसपैठ का खतरा

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर जाने के बाद बांग्लादेश में अस्थिरता थमी नहीं है। वहां थानों से लेकर जेलों तक हर जगह हमले हो रहे हैं। जेल पर हमला करके आंदोलनकारी प्रतिबंधित जमात के सदस्यों और इस्लामी छात्र संगठन के कैदियों को भी मुक्त करवा रहे हैं। सोमवार रात तक जमात और इस्लामी छात्र संगठन के सैकड़ों कैदियों को छुड़ा लिया गया था। इसके कारण बंगाल की कंटीले तारविहीन सीमा पर बांग्लादेशी घुसपैठ का खतरा बढ़ गया है। इसी आशंका के चलते बीएसएफ ने नाइट विजन कैमरों के साथ सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। सूत्रों के मुताबिक शेख हसीना के पदत्याग के बाद सोमवार को 13 थानों और दो जेलों पर हमले किये गये। प्रदर्शनकारियों ने कई कैदियों को छुड़ा लिया। इंटेलिजेंस ब्यूरो सूत्रों के मुताबिक हसीना सरकार के दौरान भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जमात और इस्लामिक छात्र संगठन के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। उन पर आतंकी गतिविधियों का समर्थन करने के कई आरोप लगे थे। सूत्रों के मुताबिक उनमें से कईयों को मुक्त करा लिया गया है।

ऐसे में सीमा पर घुसपैठ और अन्य गड़बड़ियों का खतरा बढ़ गया है। बांग्लादेश में रात के अंधेरे में तोड़फोड़ और आगजनी की खबरें आने के बाद बीएसएफ ने सतर्कता बढ़ा दी है। हसीना की पार्टी और अवामी लीग के सदस्यों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। आरोप है कि उनके घर जलाए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि वे सीमा पार कर इस देश में भी आने की कोशिश कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 सितंबर से शुरू होगी मां वैष्णो दरबार यात्रा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** श्री दुर्गा मंदिर में मां वैष्णो दरबार यात्रा को लेकर श्री दुर्गा यात्रा समिति की बैठक हुई। तय हुआ कि 24 सितम्बर की सुबह श्री दुर्गा मंदिर से यात्रा के लिए श्रद्धालु प्रस्थान करेंगे। इस वर्ष यात्रा के 33 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

यात्रा की वापसी दो अक्तूबर की शाम होगी। श्रद्धालु मां ज्वाला जी पावन ज्योति लेकर गल्ला मंडी पहुंचेंगे और वहां से श्री दुर्गा मंदिर सभा के नेतृत्व में पावन ज्योति श्री दुर्गा मंदिर पहुंचेगी। बैठक में वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, पंडित नवीन शास्त्री, महंत राजीव ठक्कर, सरनी बब्बर आदि मौजूद रहे।

### 24 सितंबर से शुरू होगी मां वैष्णो दरबार यात्रा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** श्री दुर्गा मंदिर में मां वैष्णो दरबार यात्रा को लेकर श्री दुर्गा यात्रा समिति की बैठक हुई। तय हुआ कि 24 सितम्बर की सुबह श्री दुर्गा मंदिर से यात्रा के लिए श्रद्धालु प्रस्थान करेंगे। इस वर्ष यात्रा के 33 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

यात्रा की वापसी दो अक्तूबर की शाम होगी। श्रद्धालु मां ज्वाला जी पावन ज्योति लेकर गल्ला मंडी पहुंचेंगे और वहां से श्री दुर्गा मंदिर सभा के नेतृत्व में पावन ज्योति श्री दुर्गा मंदिर पहुंचेगी। बैठक में वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, पंडित नवीन शास्त्री, महंत राजीव ठक्कर, सरनी बब्बर आदि मौजूद रहे।

### एक स्कूल बंद, दो ने किया मान्यता के लिए आवेदन

**रुद्रपुर, एजेंसी।** शहर में बीते दिनों बिना मान्यता संचालित होते पाए गए चार स्कूलों में से एक स्कूल को बंद कर दिया गया है। दो स्कूलों ने मान्यता के लिए शिक्षा विभाग को आवेदन किया है।

शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरूआत में बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इसमें रुद्रपुर खंड शिक्षा अधिकारी ने चार स्कूलों को बिना मान्यता संचालित होते पाया था। खंड शिक्षा अधिकारी ने इसकी रिपोर्ट मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौंपी थी। उधर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने चारों स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में स्कूल की मान्यता लेने या स्कूल को बंद करने के आदेश दिए थे। इसका असर रहा कि चार स्कूलों में से एक ने स्कूल संचालन को ही बंद कर दिया, जबकि दो ने मान्यता के लिए आवेदन किया है। बंद स्कूल के लगभग 50 बच्चों को अगल-बगल के स्कूलों में शिफ्ट किया गया है। वहीं एक स्कूल के कोई जवाब न देने पर विभाग कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है।

### 15 हजार नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

**शांतिपुरी, एजेंसी।** एक बंद मकान में ग्रिल और ताले तोड़कर घुसे चोरों ने 15 हजार की नकदी सहित लाखों के जेवरात उड़ा दिए। गृह स्वामिनी की पुत्री की तहरीर पर लालकुआं कोतवाली पुलिस को सौंपी है।

शांतिपुरी नंबर-दो निवासी सैन्यकर्मी महेश सिंह टाकुली इन दिनों पश्चिम बंगाल में तैनात हैं। घर पर उनकी मां रामुली देवी अकेली रहती थीं। बहू की डिलीवरी होने के चलते वह भी पश्चिम बंगाल गई हैं। बेटी पुष्पा ने बताया कि रविवार की सुबह उन्होंने मां के मकान का ताला खोला तो घर का सामान बिखरा था।

चोर मकान के पीछे की तरफ से खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर घुसे थे। उन्होंने घटना की तहरीर लालकुआं कोतवाली को दी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में मां रामुली देवी से संपर्क किया था। मां ने बताया था कि घर की तिजोरी में 15 हजार रुपये नकद, एक तोला सोने का मंगलसूत्र, बहू के डेढ़ तोले सोने के कान के दो जोड़ी झुमके, एक तोले की नथ, आधा तोले का मांग टीका और डेढ़ तोले की दो अंगूठियां व आठ तोले चांदी के पायल व बिछुए रखे थे।

### हजूर बाबा सावन सिंह जी जन्मोत्सव मनाया

**बाजपुर, एजेंसी।** सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से कृपाल आश्रम में बाबा सावन सिंह महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया।

रविवार को कृपाल आश्रम में आयोजित सत्संग में पहुंची परिचर नन्हीं देवी ने कहा कि संत महापुरुष दुनिया में परमात्मा से जोड़ने के लिए आते हैं। कहा कि हजूर बाबा सावन सिंह जी ने हम सबकों अध्यात्म के रास्ते पर चलना सिखाया है।

# उत्तराखंड यात्रा विकास प्राधिकरण बनाने को लेकर जगद्गुरु ने दी महाराज को बधाई



**हरिद्वार, एजेंसी।** जगदुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से मिलने पहुंचे कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि नंदा देवी यात्रा को लेकर जल्द ही यात्रा विकास प्राधिकरण का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब प्रशासनिक स्तर से 24 घंटे और सात दिन काम किया जाएगा तो चारधाम से लेकर अन्य यात्रा में होने वाली समस्या का भी समाधान होगा। कैबिनेट मंत्री की इस पहल को जगदुरु ने सराहा और कहा कि इसके लिए धामी सरकार व पर्यटन मंत्री दोनों ही बधाई के पात्र हैं।

जगदुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि पर्यटन की तर्ज पर तीर्थाटन से जुड़े मंत्रालय और विभाग बनाने के सुझाव उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों को दिए थे। उनके सुझाव पर वर्तमान में पहल की गई, इसका समूचे प्रदेश को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन जिस गति से अपने मुकाम पर पहुंचा है यात्रा और अन्य तीर्थाटन से जुड़ी समस्याओं के समाधान होने पर देश-विदेश से उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री ने हाल ही पहाड़ के विभिन्न क्षेत्रों में सामने आई दुश्वारियों के स्थायी समाधान को लेकर कहा कि इस विषय को लेकर सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों में अतिवृष्टि, बादल का फटना और मार्ग पर मलबा और बोल्डर आने जैसी समस्या बनी रहती है। इसके लिए भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सेटेलाइट के जरिए वैली और ताल तलैया आदि को चिन्हित करने का काम भी किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत केंद्र में कांग्रेस की सरकार में जल संसाधन मंत्री थे। उनके कार्यकाल में इस राज्य की मूल समस्या पर कोई पहल नहीं की गई। कहा कि आज प्रदेश में दो बड़े डैम नहीं होते तो पिघलते ग्लेशियर और मानसून सीजन में बारिश का पानी और उसका वेग कितना नुकसान पहुंचाता इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के आपसी समन्वय से बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां आज लोगों को सहायता बंटनी चाहिए वहां आज कांग्रेस विरोध और राजनीति करने पर आमादा है।

केदारनाथ से सोना चोरी के आरोपों पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दानदाता ने दिया मात्र 23 किलो। कांग्रेस अफवाह फैला रही है 228 किलो सोना चोरी होने का। उन्होंने कहा कि दानदाता की तरफ से भी कोई आपत्ति और या शिकायत नहीं दर्ज कराई गई। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि तमाम दैविय आपदाओं से निपटने के बाद ही सरकार पूरे प्रकरण की जांच कराएगी और पूरी रिपोर्ट सभी के सामने रखा जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने जगदुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से हरिद्वार में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की योजना को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि यहां एयरपोर्ट होगा तो देश-विदेश के विभिन्न जगहों से लोग कम से कम दिनों में हरिद्वार आकर अपने धार्मिक कार्य संपन्न कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि माता पिता व स्वजन की अस्थियां आदि लेकर आने वाले तमाम लोगों ने हरिद्वार में एयरपोर्ट बनाने के सुझाव भी दिए हैं। इसको लेकर केंद्र में पैरवी की जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जगह आदि चिन्हित की गई है, मंजूरी मिलते ही इस पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अभी पहाड़ तक रेल पहुंचाया है, जल्द ही हवाई सेवाओं से भी पूरी तरह संपन्न होगा।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार का प्रयास रहा कि आज बिना चाइना का वीजा लिए अपने देश के ही एक स्थान से कैलाश दर्शन की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि सीमांत गांवों के विकास को लेकर बड़ी योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में वह लिपुलेख होकर आए हैं, इसमें तमाम सीमांत गांवों को चिन्हित किया गया है। पूर्ण से विकास की योजनाएं वहां तक पहुंचेंगी। इसका पूरा खाका खींचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि गुंजी में काली नदी के पास महर्षी वेद व्यास से जुड़े पौराणिक स्थान है। यहां एक क्षेत्र नेपाल में है दूसरा भारत में। व्यास वैली कहे जाने वाले इस स्थान पर जल्द ही वेद व्यास की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

## 11452 यात्रियों को किया गया रेस्क्यू

**अभी भी केदारनाथ धाम में सौ यात्री फंसे हुए**



**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ धाम व पैदल मार्ग से अब तक 11 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों व स्थानीय लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। सोमवार को 1401 यात्रियों का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया। पैदल मार्ग पर खोजबीन अभियान जारी रहा, ड्रोन से भी जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया। वहीं लिनचोली में एक शव ओर बरामद किया गया, अब तक कुल चार शव बरामद किए जा चुके हैं।

सोमवार को पहली बार वायु सेना के मालवाहक हेलीकॉप्टर चिनूक ने गौचर से उड़ान भरी। जिसमें 65 यात्रियों को केदारनाथ से लाकर गौचर हवाई पट्टी पर उतारा गया। जबकि एमआई-17 ने तीन उड़ान भरी जिसमें 61 यात्री चारधाम हेलीपैड गुप्तकाशी में लाया गया। जबकि अन्य निजी हेलीकॉप्टरो द्वारा केदारनाथ व लिंनचोली से 519 यात्रियों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

हेली सेवाओं से कुल 645 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया, जबकि गौरीकुंड व सोनप्रयाग से रेस्क्यू आपरेशन के पांचवे दिन 584 का रेस्क्यू किया गया, वहीं चौमास पैदल मार्ग से भी 172 लोगों को रेस्क्यू किया गया। सोनप्रयाग में मैन्युल रेस्क्यू के लिए अब सेना, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस के जवानों संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। 6 ग्रेनेडियर यूनिट सीओ कर्नल हितेश वशिष्ठ के नेतृत्व में सेना आपदा से क्षतिग्रगस्त पैदल मार्ग को फिर से आवाजाही के लिए अनुकूल बनाने के लिए कार्य में रविवार से जुटी हुइ हई। वहीं लिंनचोली में एसडीआरएफ की सर्चिंग अभियान के दौरान एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान गौतम पुत्र संजय उम्र 21 वर्ष निवासी 223 ए वार्ड नंबर 18 जगाधरी, यमुनानगर हरियाणा के रूप में हुई है। अब तक कुल चार शव बरामद किए जा चुके हैं। मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ धाम में मात्र 70 से 100 तीर्थयात्री अब शेष बचे हैं। जबकि 300 के लगभग स्थानीय लोग हैं, जो भी जाना चाहेगा मंगलवार तक रेस्क्यू कार्य पूरा हो जाएगा।

## नदी नालों के किनारे अतिक्रमण करने वालों को प्रशासन का जारी किया नोटिस , विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना



**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में कलसिया नाले किनारे रह रहे 60 से अधिक परिवारों को प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। अब इस मामले के चलते प्रशासन हरकत में आ चुका है और मामले की जांच कर कार्रवाई में जुटा दिखाई दे रहा है। वहीं इसी बीच हल्द्वानी से कांग्रेस विधायक ने सरकार पर निशाना साधते हुए कई सवाल उठाए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के मुताबिक, प्रशासन अब दो तरह की कार्रवाई में जुटा है। पहले ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि भारी बारिश के दौरान नदी नालों के किनारे रहने वाले लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं ताकि इसमें किसी भी तरह की जनहानि से बचा जा सकें। वहीं दूसरी तरफ डीएम नैनीताल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो नदी नाले किनारे लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को चिन्हित और सर्वे करने का काम कर रही है। इसी के साथ जब अतिक्रमण को चिन्हित और सर्वे करने का काम पूरा हो जाएगा, उसके बाद संवैधानिक तरीके से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं इस मामले में हल्द्वानी से कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तराखंड में 70 फीसदी से अधिक आबादी नजूल भूमि पर बसी है। लिहाजा सरकार जिन लोगों का घर खाली कराएगी, इसके लिए क्या योजना बना रही है, यह एक बड़ा सवाल है?

## सावन अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने श्री दरबार साहिब में नवाया शीश



**नानकमत्ता, एजेंसी।** सावन अमावस्या पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के श्री हरमंदिर साहिब के दरबार में शीश नवाकर पवित्र सरोवर में डुबकी लगाई। इस दौरान पंजा साहिब की परिक्रमा कर सुख शांति की अरदास की।

बाबा अलमस्त दीवान हाल में सजे धार्मिक दीवान में भाई गुरबाज सिंह आजाद के ढ़ाणी जत्थे, गुरनाम सिंह परवाना, मुख्तार सिंह सेवक व सिंगारा सिंह के कविसरी जत्थे ने संगत को धर्म पथ पर चलने को प्रेरित किया।

धार्मिक दीवान का संचालन एसजीपीसी के धर्म प्रचार कमेटी के उत्तराखंड के प्रभारी सुखविंदर सिंह ने किया। संगत ने गुरुद्वारा दूधवाला कुआं, गुरुद्वारा भंडारा साहिब, गुरुद्वारा लाल गुरु, पवित्र वाऊली साहिब के दर्शन कर शीश नवाया। संगत ने धार्मिक डेरा कार सेवा पहुंच दिल्ली से संत बाबा बचन सिंह से आशीर्वाद प्राप्त लंगर छका।

वहां पर डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा रविंद्र सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह संधू, महासचिव अमरजीत सिंह वोपाराय, डायरेक्टर गुरवंत सिंह सोनी, गुरदयाल सिंह,देवेन्दर सिंह, प्रबंधक रणजीत सिंह आदि थे।

## लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने दी दबिश, घायल वन दरोगा का चल रहा है इलाज

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बाजपुर में केलाखेड़ा थाना पुलिस ने जंगलात टीम पर हमला करने वाले नामजद लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी। तस्करों को पकड़ने के लिए तीन पुलिस टीम जुटी हैं।

बाजपुर में केलाखेड़ा थाना पुलिस ने जंगलात टीम पर हमला करने वाले नामजद लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी। तस्करों को पकड़ने के लिए तीन पुलिस टीम जुटी हैं।

बीते शुक्रवार देर रात मुखबिर की सूचना पर तराई वन प्रभाग के बरहैनी रेंज की दो टीमें गांव थापकनगला स्थित श्मशान घाट पहुंची। टीम को देखते ही लकड़ी तस्करों ने हमला कर दिया था। इसमें वन दरोगा हरीश चंद सिंह घायल हो गए थे। इस दौरान बचाने पहुंचे दो वन कर्मचारियों को तस्करों ने झाड़ियों में फेंक दिया था।

तस्कर खैर लकड़ी से लदे वाहन और तीन बाइकों के घायल वन दरोगा को अगवा कर ले गए थे। पुलिस और वन टीम ने मौके पर पहुंच कर घायल वन दरोगा को छुड़ाया। घायल वन दरोगा का हल्द्वानी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

तराई वन प्रभाग के सुरक्षा दल प्रभारी कैलाश चंद तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने गांव महौली जंगल निवासी जयपाल, गांव थापकनगला निवासी अमनदीप सिंह, गांव हरिपुरा हरसान निवासी गुरमेज सिंह उर्फ गेजी, गी, गुरदास सिंह उर्फ टीटू, जसविंदर सिंह उर्फ बिन्दू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि थाना प्रभारी ललित मोहन रावल, बेरिया दौलत पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र मेहता के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं। नामजद लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने आरोपियों के घरों और अन्य ठिकानों पर दबिश दी। सभी आरोपी फरार मिले। इधर चर्चा है कि आरोपी तस्कर महोली जंगल क्षेत्र में देखे गए हैं।

तराई वन प्रभाग के सुरक्षा दल प्रभारी डिप्टी रेंजर कैलाश चंद तिवारी ने बताया कि जंगलात टीम पर हमला करने वाले नामजद लकड़ी तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी हैं। विभागीय स्तर से तस्करों की तलाश में वन विभाग की टीम जुटी हुई हैं। तस्करों की सुरागरसी की जा रही है। पुलिस को सहयोग किया जा रहा है।

## स्कूटी ने कांवड़िये को मारी टक्कर, हंगामा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये को किच्छा हाईवे पर स्कूटी ने मार दी। हादसे में कांवड़िया चोटिल हो गया और कांवड़ खंडित हो गई। इससे नाराज कांवड़ियों ने हाईवे पर हंगामा कर जाम लगाने की कोशिश की।कांवड़ियों के हंगामे से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। एसपी सिटी के समझाने के बाद हरिद्वार से गंगाजल मंगवाने के आश्वासन पर कांवड़िये शांत हुए।

रविवार रात हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों की टोलियां किच्छा की ओर जा रही थी। नेशनल हाईवे पर राधा स्वामी सत्संग भवन से आगे गलत दिशा में आ रही स्कूटी ने बहेड़ी निवासी एक कांवड़िये को टक्कर मार दी। इसमें कांवड़िया जख्मी हो गया और कांवड़ जमीन पर गिर गई। स्कूटी सवार को भी चोटें आ गई। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने हंगामा खड़ा कर हाईवे को जाम करने की कोशिश की। कांवड़ियों के हंगामे से हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया।

सूचना पर सीओ सिटी निहारिका तोमर, कोतवाल मनोहर सिंह दसोनी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कांवड़ियों को समझाने की कोशिश की। कांवड़ियों का कहना था कि स्कूटी सवार ने कांवड़िये को गलत दिशा में आकर टक्कर मारी है। हरिद्वार से लाई कांवड़ खंडित हो गई है। अब हरिद्वार से गंगाजल लाया जाए।

सूचना पर एसपी सिटी मनोज कत्याल मौके पर पहुंचे। उन्होंने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने का आश्वासन दिया और वीडियो काल से हरिद्वार में मौजूद कर्मियों से बात भी कराई। उन्होंने चुटकी देवरिया स्थित मंदिर में कांवड़ियों के लिए रात में रुकने की व्यवस्था कराए और गंगाजल आने तक वहां आराम करने का आग्रह किया।

इसके बाद कांवड़िए शांत होकर वहां से आगे बढ़ गए। एसपी सिटी ने बताया कि कांवड़ियों को समझा दिया गया है। हाईवे जाम नहीं हुआ था।

## सड़क किनारे खड़े विक्रमों व ठेलियों में जा घुसा अनियंत्रित ट्रक, पांच घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** थाना मुनि की रेती क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग तिराहे पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े विक्रमों और ठेलियों में जा घुसा। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल पति-पत्नी समेत पांच लोगों को राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में भर्ती कराया है। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

सोमवार को दोपहर करीब पौने 12 बजे भद्रकाली की ओर से आ रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। लोक निर्माण विभाग तिराहे के पास ट्रक पुलिस की ओर से डिवाइडर के रूप में लगाए गए बैरियर को तोड़ता हुआ सड़क किनारे खड़ी ठेलियों और ऑटो विक्रमों से जाकर टकराया। जिसमें सड़क पर खड़ी दो ठेलियों के परखच्चे उड़ गए।

वहीं सड़क के किनारे खड़े करीब सात-आठ विक्रम क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक की टक्कर के साथ ही घटनास्थल पर धूल का गुबार उठा और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तैनात यातायात पुलिस के जवान ने थाना मुनि की रेती में इसकी सूचना दी।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों का बचाव किया। दुर्घटना में एक दंपती सहित पांच लोग घायल हुए हैं। जिन्हें पुलिस ने निजी वाहनों की सहायता से एसपीएस राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स रेफर कर दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि हादसे में घायलों की पहचान जयप्रकाश (62) पुत्र राम इकबाल निवासी लोकहरिया, बड़हरिया, बेतिया, बिहार, रवि (30) पुत्र धर्मपाल निवासी शीशमझाड़ी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल, राजपाल (35) पुत्र प्रकाश पाल निवासी शीशमझाड़ी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल, शिवानी (19) पत्नी जोत सिंह भंडारी निवासी बड़ल, शिवपुरी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल, जोत सिंह भंडारी (28) पुत्र मातवर सिंह भंडारी निवासी बड़ल, शिवपुरी, मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल के रूप में की गई है।

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लेकिन ट्रक घटनास्थल पर ही खड़ा है। जिसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

दुर्घटना में घायल दो ठेली संचालक रवि और राजपाल की हालत गंभीर हैं, जिन्हें एम्स रेफर किया गया है। दोनों दुर्घटना स्थल के पास ठेली लगाते हैं। वहीं बिहार के जयप्रकाश पर्यटक हैं, जो ठेली के पास खड़े थे। शिवानी और जोत सिंह भंडारी पति-पत्नी और दुर्घटना के समय बाइक से वहां से गुजर रहे थे।

## आरओबी निर्माण में मानकों के उल्लंघन का आरोप, ज्ञापन सौंपा



**लालकुआं/हल्दूचौड़, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से तीनपानी के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जा रहे आरओबी निर्माण में मानकों के उल्लंघन से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने इस संबंध में लालकुआं विधायक डॉ. मोहन बिष्ट को ज्ञापन सौंपते हुए जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कराए जाने की मान की है।

किसानों और कारोबारियों का कहना है कि जलभराव के चलते जहां किसानों के खेत बर्बाद हो रहे हैं, वहीं राजमार्ग से सटे छोटे-मोटे कारोबार कर अपनी रोजीरोटी चला रहे लोगों के समक्ष रोजगार का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप आरीवॉल का निर्माण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम प्रधान सचिन कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलबीर सिंह रावत, मनोज रावत, डॉ. सुष्मिता पंत, बीआर पंत, चंद्र बल्लभ खोलिया आदि के हस्ताक्षर हैं।

# केजरीवाल सरकार का एक और वर्ल्ड क्लास स्कूल सुंदर नगरी में लगभग बनकर तैयार; शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण

## इस शानदार नए स्कूल की बिल्डिंग किसी भी अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग से कम नहीं है-शिक्षा मंत्री आतिशी

- उत्तरी-पूर्वी दिल्ली की घनी आबादी के बीच ये स्कूल 8000 बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास एजुकेशन का हब बनेगा-शिक्षा मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

सुन्दर नगरी की जनता को केजरीवाल सरकार की नई सौगात मिली है सरकार यहाँ आधुनिक सुविधाओं से लैस 120 कमरों वाले 5 मंज़िला स्कूल लगभग बनकर तैयार है। मंगलवार को शिक्षा मंत्री ने यहाँ निरीक्षण कर अंतिम चरण में चल रहे काम का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय विधायक राजेंद्र पाल गौतम भी मौजूद रहे।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, इस शानदार नए स्कूल की बिल्डिंग किसी भी अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि, उत्तरी-पूर्वी दिल्ली की घनी आबादी के बीच ये स्कूल 8000 बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास एजुकेशन का हब बनेगा।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के गरीब से गरीब परिवार के बच्चे को सबसे शानदार शिक्षा दिलाना अरविंद केजरीवाल जी का विजन है। ये नया स्कूल इस सपने को पूरा करने का एक प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, बचा हुआ काम महीने भर में पूरा कर स्कूल छात्रों को समर्पित किया जाए स्कूल और अंतिम चरण में हर बारीकी का खास ख़्याल रखा जाए। बता दे कि, स्कूल की जमीन केजरीवाल सरकार के प्रयासों की बदौलत भूमाफि याओं के चंगुल से छुटवाई गई थी। जनवरी 2023 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी नींव रखी थी और अब यहाँ 5 मंज़िला शानदार स्कूल लगभग बनकर तैयार है। इस नए स्कूल से मंडोली, सबोली, सुंदर नगरी, बैंक कॉलोनी, हर्ष विहार, नंद नगरी इलाकों के स्कूलों पर स्टूडेंट्स का दबाव कम होगा। 120 कमरों वाला नया स्कूल स्मार्ट क्लासरूम्स, लाइब्रेरीज, शानदार लैब्स, एक्टिविटी रूम, लिफ्ट सहित तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।



शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, सुंदर नगरी के इस स्कूल में आसपास के बच्चों को शानदार शिक्षा मिलेगी। और इसके जरिए हम अमीर-गरीब हर तबके के बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास शिक्षा सुनिश्चित करेंगे उन्होंने कहा कि इस दिशा में वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस ये स्कूल इलाके में क्वॉलिटी एजुकेशन का हब बनेगा और पढ़ाई के मामले में प्राइवेट स्कूलों को भी पीछे छोड़ेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि,शिक्षा के माध्यम से देश को बदलना मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी का विजन है ये विजन तभी पूरा होगा जब एक गरीब परिवार के बच्चे को वो सभी सुविधाएँ मिले जो एक संपन्न परिवार में बच्चों को मिलती है दिल्ली सरकार के स्कूलों को शानदार बनाकर हमने इसकी शुरूआत कर दी है हमारी सरकार ने दिल्ली के पेरेंट्स को ये भरोसा दिया है कि पैसों की कमी कभी भी उनके बच्चों के क्वालिटी एजुकेशन के आड़े नहीं आएगी

शिक्षा मंत्री ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि

महीने भर में स्कूल का बचा हुआ काम पूरा किया जाये और इसके लिए चेकलिस्ट तैयार की जाए। ताकि जल्द इसे दिल्ली के बच्चों को समर्पित किया जा सके। और अब जब निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में चल रहा है तो इसमें हर बारीकी का ध्यान रखा जाये।

स्कूल की विशेषताएँ

-5 मंजिला स्कूल

-स्कूल में कुल 120 कमरे

-87 शानदार क्लासरूम

-आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस 8 लैब

-एक्टिविटी रूम

-सैकड़ों बच्चों की क्षमता वाले 2 अत्याधुनिक एमपी हॉल

-5 लाइब्रेरी

-कांफ्रेंस रूम,लेक्चर रूम व प्रशासनिक कार्यों के लिए कमरे

-बच्चों के लिए लिफ्ट

# मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय विदेश मंत्री पद्मविभूषण स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज को उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले से पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली की पूर्व प्रथम महिला मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री रही पद्मविभूषण स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज को आज संघ के मुख्यालय बरवाला में उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि सुषमा स्वराज भाजपा की वरिष्ठ राजनेत्री थी। सुषमा जी एक कुशल वक्ता थीं। जब वह संसद में बोलती थी तो सभी उनकी बात ध्यान से सुनते थे। वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहीं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवार्ड भी मिला। सुषमा जी का हिंदी ओर संस्कृत भाषा के प्रति विशेष स्नेह था। उनकी मृत्यु के पांच साल बाद उनकी राजनीतिक विरासत को उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली से बतौर लोकसभा सांसद आगे बढ़ाया है। उनके पति श्री स्वराज कौशल सबसे कम उम्र के राज्यपाल रह चुके हैं। आज भी संसद में सुषमा स्वराज की कमी महसूस की जाती है।

# उत्तरी दिल्ली में थाने के अंदर एएसआई ने खुद को गोली मारी, मौत

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक की उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन पुलिस थाने में अपनी सरकारी बंदूक से कथित तौर पर खुद को गोली मारने से मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस थाने में तैनात विजय ने सोमवार देर रात खुद को गोली मार ली। उन्होंने आगे बताया कि विजय हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था और 1994 में पुलिस में भर्ती हुआ था। उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि अपराध और फॉरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी कुछ घरेलू समस्याएं थीं। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 (जांच) के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## फर्जी वीजा पर विदेश जा रहा यात्री गिरफ्तार

नई दिल्ली। किर्गिस्तान का फर्जी वीजा लेकर विदेश जा रहे एक यात्री को एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया। दो लाख रुपये में उसने यह वीजा एजेंट से लगवाया था। इस मामले में बिहार से रहमत अंसारी नामक एजेंट को भी पकड़ा गया है। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, बीते 30 जुलाई को 26 वर्षीय धनंजय कुमार यूएई जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचा। छानबीन के दौरान उसके पासपोर्ट पर किर्गिस्तान का फर्जी वीजा मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है।

वह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात रहमत नामक एजेंट से हुई। उसने दो लाख रुपये में उसे किर्गिस्तान होते हुए यूएई भेजने का वादा किया था। आरोपी एजेंट ने उसे यह वीजा लगवाकर दिया जिसके चलते वह पकड़ा गया। इस जानकारी पर पुलिस टीम ने रहमत अंसारी को बिहार से गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह दसवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है। उसने लगभग 14 साल यूएई में काम किया है। इस दौरान वह कुछ एजेंट के संपर्क में आया और भारत से लोगों को विदेश भेजने लगा। 2019 से उसने बिहार में कबूतरबाजी के लिए दफ्तर भी खोल रखा था।

## मजदूरों के कमरे में घुसी क्रेन, दीवार गिरने से एक की मौत

नई दिल्ली। पुल प्रह्लादपुर इलाके में मंगलवार तड़के लोक निर्माण विभाग की साइट के पास एक घर में तेज रफ्तार क्रेन घुस गई। इसकी चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई वहीं चार लोग घायल हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर क्रेन चालक की तलाश कर रही है। मृतक की पहचान गरीबा के रूप में हुई है। वहीं, घायल खेमचंद, हरकौर, रामेश्वर और घनश्याम का इलाज चल रहा है। सभी उत्तर प्रदेश के झांसी के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पांचों लोग पीडब्ल्यूडी के निर्माण स्थल पर मजदूरी करते थे और वहीं पर विभाग द्वारा बनाए गए कमरे में रहते थे। मंगलवार तड़के करीब 3:56 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एमबी रोड के पास एक घर में क्रेन घुस गई है और एक शख्स की मौत हो गई। एसएचओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक क्रेन के घर में घुसने से दीवार गिर चुकी थी। पुलिस ने मलबे में फंसे घायलों को निकाल कर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर रूप से घायल गरीबा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक ओखला टी प्वाइंट पर चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट में काम के लिए क्रेन को रखा गया है। मेट्रो साइट पर तैनात सुरक्षाकर्मी दीपक ने पुलिस को बताया कि क्रेन चालक ने तुगलकाबाद ले जाने के लिए मेट्रो साइट से अपनी क्रेन निकाली और जब उसने एमबी रोड पर क्रेन को मोड़ने की कोशिश की, तो चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद क्रेन घर में घुस गई। पुलिस को दिए बयान में घायल घनश्याम ने बताया कि वह सभी सोमवार देर रात अपना काम करने के बाद सोने के लिए कमरे में चले गए थे। देर रात तेज आवाज आई और उनकी नींद खुल गई। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, घर की दीवार उनके उपर गिर गई। दीवार गिरने के बाद छत का कुछ हिस्सा भी टूट गया।

**प्रवेश सूचना**

एससीईआरटी के संबंध संस्थान के लिए डीपीएसई (2024-25) के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आमंत्रित है। अंतिम तिथि 31/08/2024 है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
ICS INFOTECH
49C, Vashisth Park, Street No.8, Pankha Road, New Delhi-110046
Phone -41321321

**CORRIGENDUM**

It is to informed to the public at large that a PUBLIC NOTICE in the name of Sh. VinodKakar S/o Sh. Mohan LalKakar (Aadhar 7552 7392 9026) was given on 02.08.2024 in The Impressive Times at Page No. 02 (English Newspaper) ANDon 03.08.2024 in PratayKiran at Page No. 03 (Hindi Newspaper).The Property Address in relation to Public Notice was published is not mentioned in the above Newspapers. The Actual property address is Shop No. 162 measuring 35 sq. yds. situated in Nehru Park, Type-B, New Township Faridabad, Distt. Faridabad, Haryana Kindly read this corrigendum with above mentioned newspapers.
S. C. Varshney
Mobile: 8882600727
'SHUBHASHISH'
R-14/178, Raj Nagar, Ghaziabad-201 002

# एआईएसएससी के अध्यक्ष सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने वक्फ एक्ट संशोधन बिल का किया समर्थन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



केंद्र सरकार मौजूदा वक्फ एक्ट में संशोधन की तैयारी कर रही है, जिसके बाद से मुस्लिम समुदाय के लोग इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग संशोधन को धर्म के आधार पर बता रहे हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इसका समर्थन कर रहे हैं। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल (एआईएसएससी) अजमेर के अध्यक्ष सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने दिल्ली स्तिथ इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर में मीडिया से बात करते हुए कहा, ह्लउन्हें यकीन है कि केंद्र हो या राज्य सरकार इसको लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया जाएगा और इसमें किसी को भी कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हमें उम्मीद है कि वक्फ संशोधन विधेयक का मसौदा पारदर्शी और सशक्त होगा। पूर्व में भी सरकारो द्वारा अनेकों संशोधन समय-समय पर वक्फ अधिनियम में किए हैं। जो लोग भी इस बिल का विरोध कर रहे हैं और एक झूठा प्रचार कर समाज को धर्म के आधार पर बाटने की कोशिश कर रहे हैं। सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने कहा, इस संशोधन का विरोध करने वाले देश के प्रति अपनी जिम्मदारी से विपरीत काम कर रहे हैं। अच्छा तो तब होगा की वही लोग विरोध के बजाए अपने अच्छे सुझाव देकर सरकार का सहियोग करे कि सरकार इस बिल के जरिए एक अच्छा कानून बना सके और वक़्फ की बेशकि मती जमीनों का सही उपयोग कर उस की आमदनी को मुस्लिम समाज के उथान के उपयोग में लिया जा सके। बिल पास होने के बाद करेंगे स्टडीः उन्होंने कहा कि मसौदे की गहन जांच के बाद हम दरगाह के हितों से संबंधित अपनी सिफारिशें और प्रस्ताव प्रस्तुत करने का इरादा रखते हैं, क्योंकि मौजूदा कानून दरगाह की स्थिति, इसके रीति-रिवाजों और परंपराओं के संबंध में भी स्पष्ट प्रावधान प्रदान करने में विफल है। जबकि भारत में वक्फ के मुख्य हितधारकों के रूप में दरगाहों के साथ मौजूदा वक्फ अधिनियम द्वारा भेदभाव किया है।

# तलाक के बाद भी पति की मानहानि करने वाली पत्नी पर 15 लाख का जुमार्ना



नई दिल्ली। साकेत कोर्ट ने एक महिला को अपने पूर्व पति की मानहानि के लिए दोषी ठहराया है। हजार्ने के तौर पर उसे 15 लाख रुपये देने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के साकेत जिला न्यायालय के न्यायाधीश सुनील बेनीवाल ने पाया कि पूर्व पत्न ी के कृत्यों से व्यक्ति को चोट पहुंची और उसके पेशेवर विकास में बाधा उत्पन्न हुई। न्यायालय ने 29 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि वादी ने जो ई-मेल और चैट की प्रति दाखिल की है वह सत्यापित हो चुकी है और इसका खंडन नहीं किया गया है। प्रतिवादी ने ई-मेल की प्रामाणिकता को चुनौती नहीं दी है। दोनों की शादी 2001 में हुई थी। पति ने आरोप लगाया कि पत्नी 2009 में अपनी नाबालिग बेटी के साथ वैवाहिक घर छोड़कर चली गई और विभिन्न अदालतों व प्राधिकारियों के समक्ष उसके तथा उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मानहानिकारक आरोप लगाकर झूठे मुकदमे दायर करने लगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पत्नी ने उन्हें अपनी बेटी से मिलने नहीं दिया और उन्हें अपने प्यार से वंचित रखा। 2021 में एक जिला अदालत ने विवाह को भंग कर दिया। तर्क दिया गया कि पत्नी ने अपने ई-मेल खातों के माध्यम से अपने दोस्तों के साथ चैट करते समय उसके और उसकी मां के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। पत्नी ने तर्क दिया कि पति द्वारा दायर किया गया मुकदमा झूठा, दुर्भावनापूर्ण तथा प्रतिवादी को परेशान करने के लिए एक विचार मात्र है। अदालत ने पत्नी को उत्तरदायी माना और उसे मुकदमा शुरू होने की तारीख से भुगतान की तारीख तक 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 15 लाख रुपये का हजार्ना देने का आदेश दिया।

## प्रगति मैदान में आज से दिल्ली पुस्तक मेला शुरू

नई दिल्ली। प्रकाशन उद्योग के साथ-साथ प्रगति मैदान में 28वां दिल्ली पुस्तक मेला इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) की ओर से सात से 11 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इस बार स्टेशनरी, ऑफिस ऑटोमेशन और कॉर्पोरेट गिफ्ट मेला अतिरिक्त आकर्षण का केंद्र होंगे। हॉल संख्या 12ए और 12 में यह मेला भारत मंडपम में भारतीय प्रकाशक संघ (एफआईपी) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस बार इसकी थीम भारतीय पुस्तकों का वैश्विक प्रभाव है। दिल्ली पुस्तक मेला प्रतिभागियों को खुदरा बिक्री के अवसरों के अलावा बी2बी लेनदेन, नेटवर्किंग, सह-प्रकाशन व्यवस्था, अनुवाद और कॉपीराइट, पुरानी पुस्तकों के पुनःर्मुद्रण के लिए भी एक मंच प्रदान करता है। दिल्ली पुस्तक मेला को प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए अधिक सार्थक बनाने के लिए कई सम्मेलन, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, पुस्तक-विमोचन, लेखकों से मुलाकात कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

# अपनी मर्जी से शादी करनेवाले मुस्लिम जोड़े को सुरक्षा देने का आदेश, लड़के के माता-पिता को दी हिदायत




नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने अपनी मर्जी से शादी कर चुके एक मुस्लिम जोड़े को सुरक्षा देने का निर्देश दिया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने स्थानीय पुलिस को निर्देश दिया कि वो जोड़े को सुरक्षा प्रदान करें और लड़की के पिता और मामा को निर्देश दिया कि वे किसी भी सूरत में जोड़े को नुकसान नहीं पहुंचाएं वरना दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने लड़का और लड़की दोनों को कोर्ट में बुलाया। जस्टिस प्रतिभा सिंह ने सुनवाई के दौरान ही लड़का, लड़की, उनके माता-पिता और वकीलों को अपने चैंबर में बुलाया। चैंबर में लड़की की इच्छा जानने के बाद जस्टिस प्रतिभा सिंह ने लड़का और लड़की दोनों को चैंबर में ही छोड़ दिया और कहा कि आप पिछले दरवाजे से आपकी जहां मर्जी हो जाइए। मैं आदेश करने जा रही हूं। कोर्ट ने लड़की के परिजनों को हिदायत दी कि वे उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचाएं और अगर नुकसान पहुंचाने की कोई भी कोशिश की तो दंडात्मक कार्रवाई होगी।

2021 में की थी शादीः हाईकोर्ट ने स्थानीय पुलिस थाने के एसएचओ को निर्देश दिया कि वो लड़की के घर पर नियमित रूप से जाएं और शांति और सौहार्द्र बनाए रखें। याचिकाकर्ता यूनिस मलिक उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहनेवाला है। उसके वकील मोहम्मद अली ने कहा कि यूनिस मलिक उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ओल्ड मुस्तफाबाद इलाके में किराये पर रह रहा था। यूनिस ने ओल्ड मुस्तफाबाद की ही रहनेवाली एक लड़की से मुस्लिम रीति-रिवाज से 22 जून 2021 को शादी की। शादी के वक्त दोनों बालिग थे। दोनों की शादी के लिए दोनों के माता-पिता की सहमति नहीं थी। लड़की के माता-पिता का कहना था कि यूनिस उनके लायक नहीं है। हालांकि, लड़का और लड़की दोनों एक ही धर्म के हैं।

मायके आने के बाद नहीं लौटीः मोहम्मद अली ने बताया कि शादी के बाद मार्च 2024 में लड़की ये कहकर अपने मायके गयी कि वो शादी को लेकर अपने माता-पिता की स्वीकृति लेकर जल्द लौटेगी, लेकिन मार्च 2024 के बाद वह नहीं लौटी। याचिका में लड़की के माता-पिता पर आरोप लगया गया था कि उन्होंने घर में ताला में बंद कर बंधकर बनाया हुआ है। 24 जुलाई को यूनिस ने पुलिस अधिकारियों को दयालपुर पुलिस के अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके बाद यूनिस ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

# देशभर के जेलों में क्षमता से 31 फीसदी अधिक रह रहे कैदी, उत्तर प्रदेश की स्थिति ज्यादा चिंताजनक

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



देश की राजधानी दिल्ली के तिहाड़ जेल में क्षमता से अधिक कैदी रह रहे हैं। कमोबेश यही हालत देशभर के सभी जेलों की है। प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया रिपोर्ट के हालिया आंकड़े के अनुसार, जेलों की निर्धारित क्षमता के मुकाबले कैदियों की मौजूदगी यानी ऑक्यूपेंसी रेट पिछले पांच वर्षों में बढ़ गए हैं। इसके चलते उनके मानवाधिकारों का हनन हो रहा है।

केंद्र सरकार के पास जेलों में रह रहे कैदियों से संबंधित संपूर्ण आंकड़े भी नहीं हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में देश भर की जेलों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिले आंकड़े चिंताजनक स्थिति बयां कर रहे हैं। केंद्र के मुताबिक, देश भर की जेलों में क्षमता से 31.4 फीसदी अधिक कैदी रह रहे हैं। देश की जेलों में 4,36,266 कैदियों को रखने की क्षमता है, लेकिन वर्तमान में 5,73,220 कैदी बंद हैं। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के तिहाड़ जेल की कुल क्षमता 10 हजार है, जबकि वर्तमान में 19,500 कैदी रह रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में क्षमता से 79.9 फीसद अधिक कैदीः उत्तर प्रदेश की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। यूपी की जेलों में 67,600 कैदी रखने की क्षमता हैं, लेकिन 1,21,609 कैदी रह रहे हैं। यानि यूपी में कैदियों की संख्या जेलों की क्षमता से 79.9 फीसदी अधिक है। सरकारी आंकड़ों में उत्तर प्रदेश के जिला कारागार सबसे ज्यादा भरे हुए हैं और वहां कैदियों की संख्या साल 2018 के 183 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 207.6 फीसदी हो गई। इसके बाद उत्तराखंड आता है, जहां ऑक्यूपेंसी रेट 182.4 फीसदी है। उसके बाद पश्चिम बंगाल (181 फीसदी), मेघालय (167.2 फीसदी), मध्य प्रदेश (163 फीसदी) और जम्मू कश्मीर (159 फीसदी) का स्थान है।

क्षमता से ज्यादा कैदी रखना मानव अधिकारों का उल्लंघनः संसद के मॉनसून सत्र में सांसद संजय सिंह के पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1032 का जवाब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिया है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के जवाब में देश की जेलों की गंभीर स्थिति उजागर हुई है। देश की जेलें अपनी क्षमता से 31.4 फीसदी अधिक कैदियों से भरी हुई हैं, जो न केवल मानव अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि न्याय के सुधार गृह सिद्धांत के आइने पर एक गंभीर प्रहार है।

चार साल में बने 68 नए जेलः वहीं, 2018-22 के बीच मात्र 68 नए जेल बनाए गए। जबकि, इसी अवधि के दौरान देश में कैदियों की सख्या में 1,06,418 की वृद्धि हुई। जेलों में अव्यवस्थाओं के कारण हुई मौत के संबंध में पूछे गए सांसद के प्रश्न पर सरकार ने जवाब दिया है कि जेलों में हुई हिंसा के कारण होने वाली मौतों के बारे में कोई विशिष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है।

सांसद संजय सिंह का कहना है कि आंकड़ों पर हमेशा से सरकार का रवैया गैर जिम्मेदाराना रहा है। ये आंकड़े भी साल 2022 के हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि जेल के आंकड़ों को अपडेट करने में देरी हो रही है। अकेले 2022 में ही देश की जेलों में 159 अप्राकृतिक मौते हुई, जो चिंता का विषय है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता रोहतक अनुभाग में दो साल के लिए ट्रैक के दैनिक रखरखाव के लिए वाहनों को किराए पर लेना। |
| अनुमानित लागत | (1) रु.1,69,99,861.48 |
| धरोहर राशि | (1) रु.2,35,000.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 05.08.2024 को 17.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 27.08.2024 को 17.30 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/GEM/2024/B/5227539
दिनांकः 05.08.2024 2404/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

एनआईटी सं. 46245131 दिनांक : 25.07.2024
निविदा सं. 46245131 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Micro Processor based Electronic Speed Indicator Cum Recorder and Energy Monitoring System as per RDSO Spec No. RDSO/ PE/SPEC /EMU /0032- 2002, Rev. 0 or latest. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 83,63,250/- (तिरासी लाख तिरेसठ हजार दो सौ पचास रुपये) |
| 3 | मात्रा | 35 Set |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 27.08.2024 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 27.08.2024 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी : (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2397/24

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | A. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के तहत टीएमएमडी/एलकेओ और एमबी में आईओएच और ट्रैक मशीनों की प्रमुख मरम्मत का कार्य। B. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के तहत टीएमएमडी/टीकेडी, केकेडीई और बीटीआई में आईओएच और ट्रैक मशीनों की प्रमुख मरम्मत का कार्य। C. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./एन.आर. के अधीन टीएमएमडी/टीकेडी, केकेडीई, बीटीआई, एलकेओ और एमबी में आईओचएच/पीओएच के दौरान विभिन्न प्रकार के विद्युत कार्यों की फिक्सिंग और साथ–साथ कार्य स्थल पर ट्रैक मशीनों की प्रमुख मरम्मत प्रदान करना। |
| कार्य समाप्त अवधि | 24 महीने सभी के लिए |
| अनुमानित लागत | A. ₹3,49,32,904.32 B. ₹3,22,77,045.65 C. ₹3,10,58,003.23 |
| धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | A. ₹3,24,700.00 B. ₹3,11,400.00 C. ₹3,05,300.00 |
| निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | ₹ शून्य |
| निविदा जमा करने वा खुलने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 05.08.2024 से 27.08.2024 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 27.08.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 13.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गई हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

पत्र सं.: 1–डब्ल्यू–उ.मु.–अभि.–टी.एम.सी.–ला.–आईओएच–13–24–25, आईओएच–14–24–25 एवं ई.एल.ई.सी.–15–24–25
दिनांकः 05.08.2024 2409/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पहला शुद्धिपत्र**

टेंडर नं.: 30-ELECT-35-T-2024-25-E3
कार्य का नाम : 'एनआरडीएच अस्पताल पुरानी दिल्ली के नए भवन में नवनिर्मित 02 मॉड्यूलर ओटी में लेमिनार एयर फ्लो सिस्टम के साथ एयर कंडीशनिंग सिस्टम से संबंधित विद्युत कार्य।''

टेंडर नं. :- 30-ELECT-35-T-2024-25-E3

| | पहले प्रकाशित | | संशोधन |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 'एनआरडीएच अस्पताल पुरानी दिल्ली के नए भवन में नवनिर्मित 02 मॉड्यूलर ओटी में लेमिनार एयर फ्लो सिस्टम के साथ एयर कंडीशनिंग सिस्टम से संबंधित विद्युत कार्य।'' | | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | | Rs. 45.85 लाख | |
| कार्यालय का पता | | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि | | रु. 91700.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | | 02.08.2024, 12:00 Hrs. | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | | 02.08.2024, 12:00 Hrs. | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2394/24

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वाशिंग लाइन संख्या 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के साथ 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,20,25,793.71/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,10,100/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 19.08.2024 (10:30 बजे) से 02.09.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 02.09.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (20427103) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 15B-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक : 05.08.2024 2398/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 93246122 | एलएचबी और आईसीएफ कोचों के लिए कम्प्यूटरीकृत और पूरी तरह से स्वचालित सिंगल कार टेस्ट रिग की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, तकनीकी विनिर्देश संलग्न अनुलग्नक के अनुसार। | 06 नग | 04.09.2024 |
| 02 | 93246123 | संलग्न अनुलग्नक के अनुसार स्वचालित कम्प्यूटरीकृत रेक परीक्षण रिग (SCADA आधारित) की आपूर्ति और कमीशनिंग। | 08 नग | 04.09.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं:–93246122 & 93246123 दिनांकः 05.08.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2402/24

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, बुधवार, 07 अगस्त, 2024

## पत्रकारों को उत्कृष्टता के लिए भारतीय प्रेस परिषद पुरस्कार से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ सचदेव को पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) ने राजा राम मोहन राय पुरस्कार से सम्मानित किया है।

असमिया अखबार नियोमिया बार्ताह के संवाददाता जीतू कालिता और मलयालम दैनिक मातृभूमि के संवाददाता ए के श्रीजीत को ग्रामीण पत्रकारिता की श्रेणी में पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश जोशी की मौजूदगी में वरिष्ठ पत्रकार अशोक टंडन और रामबहादुर राय ने सोमवार को ये पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्र दीपिका के विशेष संवाददाता रेजी जोसेफ और द हिंदू की प्रमुख संवाददाता नवमी सुधीश को विकास रिपोर्टिंग की श्रेणी में सम्मानित किया गया है। मलयाला मनोरमा दैनिक के फोटोग्राफर गिबी सैम वी पी और माध्यमम दैनिक के फोटो पत्रकार विश्वजीत के को फोटो पत्रकारिता एकल समाचार चित्र की श्रेणी में संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया है। अमर उजाला के वरिष्ठ फोटोग्राफर विवेक निगम और स्वतंत्र फोटो पत्रकार शुभमॉय भट्टाचार्य को फोटो पत्रकारिता फोटो फीचर श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किए गए। डेक्कन क्रॉनिकल के कार्टून संपादक शेख सुभानी और टाइम्स ऑफ इंडिया के वरिष्ठ इन्फोग्राफिक्स डिजाइनर अशोक अडेपाल को बेस्ट न्यूजपेपर आर्ट: कवरिंग कार्टून, कैरिकेचर और इलस्ट्रेशन श्रेणी में सम्मानित किया गया।

हिंदुस्तान (रांची) के वरिष्ठ संवाददाता प्रवीण मिश्रा और टाइम्स ऑफ इंडिया के खेल संपादक एंथनी मार्कस मेरगुलहाओ को संयुक्त रूप से खेल रिपोर्टिंग/खेल फोटो फीचर की श्रेणी में सम्मानित किया गया।

देशाभिमानी की वरिष्ठ रिपोर्टर जशीना एम और मातृभूमि की सहायक सामग्री प्रबंधक रेम्या के एच को ह्यजेंडर इश्यू रिपोर्टिंग श्रेणी में सम्मानित किया गया।

देसाई ने कहा, हम उन लोगों को सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने अपने लेखन और अपनी बेहतरीन तस्वीरों के माध्यम से लोगों की सोच को समृद्ध किया है। उनकी आकर्षक और सुबोध शैली हमारे द्वारा दिए गए पुरस्कार की पूरी तरह हकदार है।

सभा को संबोधित करते हुए, टंडन ने देश में मीडिया के कामकाज के पूरे दायरे को देखने के लिए मीडिया आयोग की स्थापना की पुरजोर वकालत की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भारतीय प्रेस परिषद की जगह भारतीय मीडिया परिषद की स्थापना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रेस परिषद का दायरा केवल प्रिंट मीडिया तक ही सीमित है।

राय ने कहा कि प्रिंट, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक सभी प्रकार के मीडिया को प्रस्तावित भारतीय मीडिया परिषद के तहत लाने के लिए जनमत तैयार करने के वास्ते नए सिरे से प्रयास करने का समय आ गया है। राय ने कहा कि भारतीय मीडिया परिषद की स्थापना के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील करने की जरूरत है। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के कार्यकारी संपादक जी सुधाकर नायर इन पुरस्कारों के चयन के लिए निर्णायक मंडल के संयोजक थे। उन्होंने विजेताओं से एक-दूसरे के काम को देखने का आग्रह किया ताकि उन्हें यह पता चल सके कि वे किस तरह से इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## दिल्ली में चार टेंट गोदामों में लगी आग



दक्षिणी दिल्ली के जौनपुर इलाके में मंगलवार तड़के चार टेंट गोदामों में भीषण आग लग गई। इस आग में वहां खड़ी चार विंटेज कार और करोड़ों रुपये का सजावटी सामान जलकर खाक हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विंटेज (पुरानी) कारों का इस्तेमाल शादियों और अन्य समारोहों में किया जाता था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया, मंगलवार तड़के करीब दो बजे चार टेंट गोदामों में आग लगने की सूचना मिली और 10 दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटना में गोदाम के पास खड़ी चार पुरानी कार और सजावट का सामान जलकर खाक हो गया। अधिकारी ने कहा, शीतलन प्रक्रिया चल रही है।

दो गोदामों के मालिक अमृत पाल सिंह ने कहा, मुझे रात करीब दो बजे आग लगने की सूचना मिली। मैं तुरंत मौके पर पहुंचा। यहां मेरे दो गोदाम हैं, जिनमें शादी समारोहों में इस्तेमाल होने वाले सजावट के सामान रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि उनके कर्मचारियों ने गोदाम से जाने से पहले सभी बिजली उपकरण बंद कर दिए थे। उन्होंने कहा, मेरे अब तक के आकलन के अनुसार, आग में ढाई करोड़ रुपये मूल्य का सामान खाक हो गया। सटीक राशि की जानकारी के लिए रिकॉर्ड की जांच करूंगा। गोदाम के कर्मचारी राम तीरथ ने बताया कि जैसे ही उसे आग लगने की जानकारी मिली, वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और अग्निशमन विभाग तथा पुलिस को सूचना दी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो : आलोक कुमार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने मंगलवार को कहा कि हमारा पड़ोसी बांग्लादेश एक विचित्र अनिश्चितता, हिंसा और अराजकता में फंसा हुआ है। हसीना सरकार के त्यागपत्र और उनके देश छोड़ने के बाद अन्तरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही है। संकट की इस घड़ी मे भारत बांग्लादेश के समस्त समाज के साथ एक मित्र के नाते मजबूती से खड़ा है। आलोक कुमार ने आज प्रेस वार्ता में कहा कि बांग्लादेश में पिछले कुछ समय में हिन्दू, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। सोमवार रात तक अकेले पंचगढ़ जिले में 22 घर, झीनैदाह में 20 घर व जैसोर में 22 दुकानें कट्टरपंथियों के निशाने बने तथा अनेक जिलों में तो श्मशान तक तोड़ दिए गए। मंदिर और गुरुद्वारों को भी क्षति पहुंचाई गयी है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो। यह ध्यान दिलाना उचित होगा कि बांग्लादेश में हिंदू जो कभी 32 प्रतिशत थे, अब 8 प्रतिशत से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। विहिप अध्यक्ष ने आगे कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान, ऑफिस, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था व विश्वास के केंद्र मन्दिर व गुरुद्वारे तक सुरक्षित नहीं हैं। कहा जा सकता है कि वहां पीड़ित अल्पसंख्यकों की हालत बद से भी बदतर होती जा रही है। यह स्थिति चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे में विश्व समुदाय की यह जिम्मेवारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। आलोक कुमार ने कहा कि निश्चय ही भारत इस परिस्थिति में आंखें मूद कर नहीं रह सकता। भारत ने परंपरा से ही विश्वभर के उत्पीड़ित समाजों की सहायता की है। विहिप भारत सरकार से यह आग्रह करती है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। यह संभव है कि इस परिस्थिति का लाभ उठा कर सीमा पार से घुसपैठ का एक बड़ा प्रयत्न किया जाए। इससे सतर्क रहना होगा। इसलिए हमारे सुरक्षाबलों के लिए यह आवश्यक है कि सीमा पर कड़ी चौकसी बरतें और किसी भी तरह के अतिक्रमण को न होने दें। विहिप अध्यक्ष ने कहा कि हमारी कामना है कि बांग्लादेश में जल्दी से जल्दी लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष सरकार पुनः स्थापित हो। वहां के समाज को मानवाधिकार मिले और बांग्लादेश की निरंतर हो रही आर्थिक प्रगति में कोई बाधा न आये।

## हाशमी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा। हाशमी गर्ल्स पी0जी0 कालेज में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक मेंहदी कें डिजाइन हाथों पर लगाये तथा वाहवाही लूटी।कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसूम ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में सामिया परवीन, शादमानी प्रथम अलीजा व नेहा चीमा द्वितीय व नेहा तृतीय स्थान पर रही।हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी ने छात्राओं की हौंसला अफजाई करते कहा कि छात्राओं ने आज मेंहदी प्रतियागिता में जितने जोश से भाग लिया वह काबिले तारीफ है। छात्राओं को पढ़ाई के साथ कालेज में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं, सेमिनार, गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों में इसी प्रकार के से उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। मेंहदी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जिससे कि उनका सवार्गीण विकास हो सकते। पढ़ाई से जहां हमारा बौद्धिक विकास होता है तो वहीं इस तरह की प्रतियोगिताओं से हमारा मानसिक विकास होता है तथा हमारे अंदर छिपी प्रतिभा भी उजागर होती है। आगे कहा कि हमे शिक्षा के साथ साथ अन्य कलाओं व प्रतियोगिता पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी छात्राओं की प्रंशसा करते आगे भी इसी तरह प्रदर्शन करने की उम्मीद जगायी। कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसूम ने कहा कि आज बालिकाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं जरूरत है उन्हे प्रोत्साहन की। जिन छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को उजागर किया है वह छात्राएं प्रंशसा की योग्य हैं। इनसे दूसरी छात्राओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी छात्राओं ने अथक प्रयास किया है और पूरी कोशिश की है वह इस प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम दे सके। आगे भी छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। जिसमें उनमें आगे बढ़ने का हौंसला पैदा हो।उन्होंने कहा कि मेंहदी लगाना भी एक कला है जिससे छात्राएं आगे चलकर धनोर्पाजन भी कर सकती हैं। प्रतियोगिता में सामिया परवीन, शादमानी प्रथम अलीजा व नेहा चीमा द्वितीय व नेहा तृतीय स्थान पर रही।

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों की जिंदगी से खिड़वाड़, शिकायत

प्रातः किरण संवाददाता

रहरा। रहरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हाल ही में चार अवैध झोलाछापों के क्लीनिक को सील किया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी झोलाछापों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन झोलाछाप गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी के साथ उनके ऑपरेशन तक कर रहे हैं।मामला मंगलवार दोपहर का है।रहरा के भाबली मोड़ के निकट गवां रोड पर स्थित भावना क्लीनिक में एक झोलाछाप द्वारा एक महिला का ऑपरेशन किया गया है। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।इस संबंध में क्षेत्र वासियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी शिकायत की है।

## सीएससी में नहीं एंटी रेबीज का इलाज,मरीज परेशान

रहरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में एंटी रेबीज ना होने की वजह से कुत्ते तथा बंदरों के आतंक से पीड़ित मैरिज वापस लौट रहे हैं। उधर अस्पताल में कोई चिकित्सक भी नहीं बैठ रहा है। मामला सोमवार शाम 5:00 बजे का है।रहरा निवासी महिला छोटी देवी उम्र करीब 55 वर्ष शाम के समय अपने खेत पर किसी कार्य के लिए गई थी।जहां उसे बंदर ने घायल कर दिया। जिससे उसकी बाजू में खून बहने लगा।थोड़ी देर बाद ही उसको रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, उधर वही आदमपुर निवासी अंकित भी कुत्ते के काटे का इलाज कराने आया था। जो एक विकलांग था। लेकिन दोनों मरीजों को एंटी रेबीज ना होने की वजह से वापस लौटना पड़ा और अस्पताल में कोई चिकित्सक भी मौजूद नहीं था।

## ई- केवाईसी के नाम पर ग्राहकों से अवैध वसूली का आरोप




रहरा। थाना क्षेत्र रहरा से जहां रहरा के डाकघर पर आम जनता की सुविधाओं के लिए आधार कार्ड व ई केवाईसी बनाने का कार्य संचालित है। लेकिन यहां तो आम जनता को सुविधाओं की जगह अपनी जेब पर दिन दहाड़े डाका डलवाना पड़ रहा है।आखिर हम ऐसा क्यों कह रहे हैं समझिए इस रिपोर्ट में रहरा डाकघर में आधार कार्ड बनाने का कार्य जारी है जहां क्षेत्र के लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राशन डीलर के पास राशन पोस मशीन पर भी ईकेवाईसी की जा रही है जिसमें कुछ जगह राशन कार्ड धारकों के अंगूठे स्कैन नहीं हो पा रहे। जिसकी वजह से राशन कार्ड धारक अपने अंगूठे को अपडेट कराने के लिए डाकघर रहरा पहुंच रहे हैं लेकिन यह क्या जहां आम जनता को सुविधा मिलनी चाहिए वहां तो बिल्कुल उसका उल्टा हो रहा है।आधार कार्ड की ईकेवाईसी करने के नाम पर जनता को केवल बहकाने का काम किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सो रुपए से लेकर 500 तक जनता से लिए जा रहे हैं। जब इस विषय में हमारे रिपोर्टर मनोज शर्मा ने पोस्ट मास्टर डाकघर रहरा से इस मामले की जानकारी चाही तो वह भी किसी प्रकार की सही जानकारी नहीं दे पाए। हालांकि पूरे मामले की जानकारी फोन के माध्यम से जिला अधिकारी महोदय को दे दी गई। अब देखना होगा कि क्या कुछ कार्यवाही होगी या सब कुछ यूं ही चलता रहेगा।

## मांडी रोड पर देर रात टैंट के कई गोदान में भीषण आग

- 5 गोदाम जलकर खाक, कई को बचाया
- 4 विंटेज गाड़ी भी जल गई, 6 विंटेज गाड़ी को बचाया गया
- साढ़े 5 घंटे में 50 फायर कर्मियों ने बुझाई सुबह आग

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



साउथ दिल्ली के जौनापुर इलाके में देर रात टेंट के कई गोदाम में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते कई गोदाम आग की चपेट में आ गई। फायर कंट्रोल रूम को रात लगभग 2:00 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से पहुंची फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू किया। यह हादसा में मांडी रोड बस स्टैंड के पास जौनापुर इलाके में हुआ था।

फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग के अनुसार वहां पर 1000 स्क्वायर यार्ड और 500 स्क्वायर यार्ड में टेंट के गोदाम अलग अलग बने हुए थे। फायर ब्रिगेड की टीम ने साढ़े 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। लेकिन लाखों का सामान टेंट का जलकर राख हो गया। साथ ही इस आग की चपेट में चार विंटेज गाड़ियां भी आ गई। लेकिन आधा दर्जन विंटेज गाड़ियों को फायर कर्मी बचाने में कामयाब हो गए। इन पांच टेंट के गोदाम के अलावा जो और गोदाम थे उसे भी फायर कर्मी सकुशल बचाने में कामयाब हो गए। फायर डायरेक्टर ने बताया की मौके पर डिविजनल ऑफीसर डीबी मुखर्जी, असिस्टेंट डिविजनल ऑफीसर संतोष कुमार, यशवंत मीना, स्टेशन ऑफीसर मनोज मेहलावत सहित 50 फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही। सुबह 7:15 बजे के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग पर काबू पाने के बाद कूलिंग का काम किया जा रहा है।

यहां पर काफी बड़े जगह में टीन के शेड और टीन की दीवार से घेरकर अलग-अलग टेंट के गोदाम बने हुए हैं। जिसमें शादी विवाह और अन्य कार्यक्रम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान को रखा गया था। क्योंकि कपड़े यहां ज्यादा थे इसलिए आग जल्दी फैल गई और इसे काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## दिल्ली में तिहाड़ जेल के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, केजरीवाल के इस्तीफे की मांग

- केजरीवाल सरकार संविधान की अवहेलना कर रही है। सीएम केजरीवाल मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा करने में विश्वास नहीं रखते।

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने मंगलवार को तिहाड़ जेल के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। भाजपा कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है और उनके नेतृत्व में दिल्ली का विकास नहीं हो पा रहा है। केजरीवाल सरकार दिल्ली को लूटने का काम कर रही है। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था दिल्ली का विकास ठप, केजरीवाल इस्तीफा दो, दिल्ली हुई बदहाल, केजरीवाल इस्तीफा दो, और दिल्ली का प्रशासन हुआ पंगु, केजरीवाल इस्तीफा दो। प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में दिल्ली का विकास ठप हो गया है और प्रशासन पंगु हो गया है। इस प्रदर्शन के साथ ही दिल्ली की राजनीति में एक नई गर्माहट आ गई है। बता दें, इससे पहले सोमवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल पर लोकतांत्रिक प्रशासनिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि साल 2022 से 31 जुलाई 2024 तक केजरीवाल सरकार के मंत्रिमंडल की 71 में से 56 सकुर्लेशन बैठकें हुईं थी और इन बैठकों में सीएम केजरीवाल ने अपना मनमाना निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया हर सरकार की नींव होती है। केजरीवाल सरकार संविधान की अवहेलना कर रही है। सीएम केजरीवाल मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा करने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने आगे कहा था कि वह मनमानी तरीके से अपनी सरकार चलाते हैं, मंत्रियों और अधिकारियों की नहीं सुनते। पिछले ढाई साल में सिर्फ 15 बार केजरीवाल सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक हुईं, जो यह साबित करती है कि सीएम केजरीवाल अपनी मर्जी के अनुसार फैसला लेते हैं।

## आबकारी नीति : के कविता ने डिफॉल्ट जमानत याचिका वापस ली

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की डिफॉल्ट जमानत याचिका वापस लेने के आवेदन के साथ याचिका खारिज कर दी। कविता ने दिल्ली आबकारी नीति सीबीआई मामले के संबंध में जमानत मांगी थी। कविता के वकील ने अदालत में कहा कि वह जमानत आवेदन को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं और अनुरोध करते हैं कि इसे वापस लेने की अनुमति दी जाए। याचिका वापस लेना के. कविता के कानूनी दृष्टिकोण में एक रणनीतिक बदलाव का संकेत देता है, जिन्होंने पहले इस आधार पर डिफॉल्ट जमानत मांगी थी कि सीबीआई 60 दिनों की अनिवार्य अवधि के भीतर पूर्ण आरोप पत्र नहीं दाखिल कर पाई। के. कविता ने यह भी दलील दी थी कि उन्हें मौजूदा जमानत याचिका के लंबित रहने के दौरान डिफॉल्ट जमानत और अंतरिम जमानत दी जानी चाहिए। हालांकि, उनकी पिछली नियमित जमानत याचिकाएं ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने खारिज कर दी थीं। सीबीआई ने जमानत आवेदनों के संबंध में अपने प्रक्रियात्मक रुख पर भी जोर दिया। एजेंसी के अनुसार, कुछ मामलों में उच्च न्यायालय को जमानत आवेदनों पर सीधे सुनवाई करने की अनुमति देती हैं

## फोरम ने डीयू में आरक्षण नीति की समीक्षा करने के लिए आयोग व संसदीय समिति से दौरा करने की मांग की

### कुछ कॉलेजों ने नहीं भरी सेकेंड ट्रांच के पद , शार्ट फाल व बैकलॉग पदों को नहीं निकाल रहे हैं कॉलेज

- डीयू प्रशासन प्रोफेसर काले कमेटी की रिपोर्ट को लागू करें।

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली यूनिवर्सिटी एससी / एसटी ओबीसी टीचर्स फोरम ने दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध विभागों व कॉलेजों ने केंद्र सरकार की आरक्षण नीति का सही से पालन न करने ,प्रिंसिपल पदों में आरक्षण लागू न करने तथा ओबीसी कोटे की सेकेंड ट्रांच के पदों को अभी तक न भरने , हर साल कॉलेजों में एससी/एसटी ओबीसी छात्रों की सीटें खाली छोड़े जाने की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचितजाति / जनजाति आयोग , राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग , एससी / एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति , शिक्षा मंत्रालय , डीओपीटी व यूजीसी के चेयरमैन को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय में जल्द ही दौरा करने की मांग की है। टीचर्स फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर के.पी.सिंह ने आयोग , शिक्षा मंत्रालय व संसदीय समिति को लिखे पत्र में बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने पिछले 27 साल से एससी /एसटी के अभ्यर्थियों का शिक्षक पदों पर आरक्षण पूरा नहीं भरा है । इसी तरह ओबीसी कोटे के अभ्यर्थियों का भी आरक्षण पूरा नहीं भरा है । उन्होंने बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने यहाँ एससी /एसटी अभ्यर्थियों के लिए शिक्षण पदों में आरक्षण जुलाई 1997 से लागू किया , इसी तरह ओबीसी कोटे के अभ्यर्थियों का मार्च 2007 में आरक्षण लागू किया लेकिन अभी तक विभागों व संबद्ध कॉलेजों ने एससी --15 फीसदी , एससी --7 : 5 फीसदी व ओबीसी --27 फीसदी आरक्षण कोटा शिक्षण पदों पर पूरा नहीं किया है । इतना ही नहीं इन कॉलेजों ने आज तक शार्ट फाल व बैकलॉग पदों को भी नहीं निकाला है। प्रोफेसर सिंह ने आयोग व संसदीय समिति को लिखे पत्र में बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षिक पदों व गैर शैक्षिक पदों पर सही से आरक्षण को लागू करने के लिए साल --2016 में प्रोफेसर काले कमेटी बनाई थीं । प्रोफेसर काले कमेटी ने अपनी रिपोर्ट --2016 में ही सौंप दी थीं । प्रोफेसर काले कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंपे 08 साल हो चुके है लेकिन उसे आज तक लागू नहीं किया । प्रोफेसर काले कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में विश्वविद्यालय प्रशासन को बताया कि 79 कॉलेजों में एक भी प्रिंसिपल एससी /एसटी से नहीं है इसलिए प्रिंसिपल पदों पर आरक्षण लागू किया जाए । उन्होंने प्रिंसिपल पदों पर आरक्षण कैसे लागू किया जाए , रिपोर्ट में बताया है । प्रोफेसर पदों में आरक्षण व उन्हें भरने का तरीका भी सुझाया है । उन्होंने बताया है कि यदि डीयू प्रोफेसर काले कमेटी की रिपोर्ट को लागू कर शैक्षिक पदों व गैर शैक्षिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया अपना लेता है तो कोई समस्या नहीं रहेगी। प्रोफेसर सिंह ने आयोग व संसदीय समिति को लिखे पत्र में यह भी बताया है कि हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय ने विभागों व कॉलेजों में 4600 स्थायी सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति की है । उन्होंने बताया है कि इन नियुक्तियों में विभिन्न विभागों व कॉलेजों ने एससी /एसटी व ओबीसी कोटे के अभ्यर्थियों को नॉट फाउंड सूटेबल ( एनएफएस ) किया है ।इसी तरह हर साल अंडरग्रेजुएट , पोस्ट ग्रेजुएट , पीएचडी व अन्य कोर्सेज में एससी /एसटी व ओबीसी कोटे की सीटें कॉलेजों में खाली रह जाती है । प्रोफेसर सिंह ने संसदीय समिति को बताया है कि कॉलेज प्रिंसिपल अपने यहाँ अनरिजर्व की सभी सीटें भर लेते है लेकिन आरक्षित श्रेणी की सीटों को पूरा नहीं भरते , हर साल हजारों सीटें खाली रह जाती है । कॉलेज प्रिंसिपल खाली सीटों का ब्यौरा वेबसाइट पर भी अपलोड नहीं करते । उन्होंने बताया है कि डीयू में शिक्षकों /कर्मचारियों व छात्रों में से किसी का भी कोटा पूरा नहीं है इसीलिए टीचर्स फोरम अगस्त महीने के अंतिम सप्ताह तक आरक्षण नीति की समीक्षा करने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा करे ।

## दिल्ली के अस्पतालों में दवाएं न पहुंचने के लिए षड्यंत्र कर रहे एलजी व स्वास्थ्य सचिव, सौरभ भारद्वाज ने लगाया गंभीर आरोप

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि लोगों को दवाएं न मिले इसके लिए एलजी और स्वास्थ्य सचिव षड्यंत्र रच रहे हैं। इतना ही नहीं हाईकोर्ट में झूठा हलफनामा दायर कर कोर्ट को गुमराह कर रहे हैं। बिना मंत्री के अप्रूवल के झूठा हलफनामा हाईकोर्ट में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, स्पेशलिस्ट व पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। इसपर दिल्ली हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसके बाद डॉ. सरीन की एक समिति बनाई, जिसे जांच करने के लिए कहा गया। हाईकोर्ट के सरकार को दिए आदेश में कहा गया कि हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से क्या-क्या काम किया गया है। इसका डेटा दीजीए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से हलफनामा दिया गया। यह हलफनामा न तो मुझे दिखाया गया न ही अप्रूव कराया गया। जब कोई हलफनामा हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में जमा करना होता है तो उसका अप्रूवल विभाग के मंत्री से कराना होता है। क्योंकि अंततः जिम्मेदारी मंत्री की होगी, लेकिन इस मामले में चोरी छिपे हाईकोर्ट को हलफनामा दिया गया है। सर्विस डिपार्टमेंट की स्टैंडिंग काउंसिल के जरिए यह हलफनामा दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हलफनामे में कई जगह झूठ बोला गया है। दिल्ली सरकार का वकील इस झूठे हलफनामे को दायर करने के लिए तैयार नहीं होता। वह सबसे पहले पूछता कि मंत्री का अप्रूवल है या नहीं है। इसलिए इस हलफनामे को दायर करने के लिए उपराज्यपाल के अधीन आने वाली स्टैंडिंग काउंसिल के जरिए ये हलफनामा दायर किया गया। यह पूरा षड्यंत्र है। हाईकोर्ट द्वारा कहा गया था कि अस्पतालों में कम से कम दो माह की दवा होनी चाहिए। सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि दवाएं डिस्पेंसरी, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों के अंदर हो।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हाईकोर्ट में दायर हलफनामें में लिखा गया है कि सीपीए का टेंडर हो चुका है। जब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है तब तक सुनिश्चित कर लिया गया है कि अस्पतालों व मोहल्ला क्लिनिकों में दवाइयां उपलब्ध रहें। ये हलफनामा स्वास्थ्य सचिव ने अप्रूव किया हुआ है। दूसरी तरफ मैं लगातार एलजी, स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिख रहा हूं कि अस्पतालों व मोहल्ला क्लिनिकों के अंदर दवाओं की भारी कमी है। हलफनामे में झूठ बोला जा रहा है, जिससे अस्पतालों व मोहल्ला क्लीनिक में दवाओं की कमी रहे। उन्होंने कहा कि एलजी के वकील और स्वास्थ्य सचिव अपने विभाग के मंत्री के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। करीब 25 पेज के एफिडेबिट में कहीं भी नहीं लिखा कि कोई फैसला क्यों लंबित है। सिर्फ दो मामलों में ही लिखा है कि दो फाइल स्वास्थ्य मंत्री के यहां रुकी हैं। एक जन औषधि केंद्र का मामला है, जिसमें कहा गया है कि फाइल मंत्री के यहां लंबित है। जबकि, फाइल मेरे पास आज तक आई ही नहीं है। दूसरी फाइल एनआईसी से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि एनआईसी का हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम लेने की तैयारी है। इसमें मैंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक, डाक सर्विस, फरिश्ते इस्कीम के लिए मोड्यूल तैयार करें। हमारे पास कोई फाइल लंबित नहीं है। उन्होंने कहा कि ला डिपार्टमेंट को यह नोटिस भेजकर मैं बताऊंगा कि झूठा एफिडेबिट दिया गया है। इस एफिडेबिट में तथ्य गलत हैं। हाईकोर्ट

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षकों को 6 अतिरिक्त छुट्टी की घोषणा, तीज पर भी मिलेगी

गिद्धौर/जमुई :- माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों को सावन में एक छुट्टी के साथ चालू साल के कैलेंडर में 6 अतिरिक्त छुट्टी का तोहफा दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक बैजनाथ यादव ने सोमवार को जारी आदेश में अंतिम श्रावणी पर 19 अगस्त को छुट्टी की घोषणा की है। जबकि इसके एक दिन पहले रविवार होने की वजह से शिक्षकों को दो दिनों की छुट्टी का आनंद मिलेगा। इसके साथ ही तीज पर्व के लिए 6 और 7 सितंबर को दो दिनों की छुट्टी का ऐलान किया है। यह छुट्टी शुक्रवार एवं शनिवार को मिलेगी,जबकि इसके दिन रविवार होने के कारण शिक्षकों को तीन दिनों की लगातार छुट्टी मिल जाएगी। इसी महीने 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और 25 सितंबर को जिउतिया की भी छुट्टी की घोषणा की गई है। इसी तरह 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा की छुट्टी का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर कहें तो शिक्षकों को इस महीने में दो दिनों की लगातार एक छुट्टी के बाद अगले महीने में 3 दिनों की लगातार छुट्टी का आनंद उठाने का मौका मिलने वाला है।

### अनियंत्रित ट्रक दुकान में जा घुसा, सो रहे व्यक्ति हुए घायल, पत्नी ने दर्ज करवाई एफआईआर

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के पथराहा चौक पर बीते 3 जुलाई के रात्रि लगभग 10 बजे सीमेंट से भरा बैजनाथपुर से घैलाढ़ की ओर तेज गति से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने दो दुकान को तोड़ते हुए बिजली की ट्रांसफार्मर पर जाकर पलट गई। जहां दुकान में सो रहे झिटकिया पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी वार्ड सदस्य विजय पासवान उनकी चपेट में आ जाने से बुरी तरह से घायल हो गया। इस घटना को लेकर घायल विजय पासवान की पत्नी दुखनी देवी ने घैलाढ़ ओपी में ट्रक पर एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर- बी आर 11जी ए 8333 है। वही दुखनी देवी ने एफआईआर दर्ज करवाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वही इस संबंध में ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने बताया कि आवेदन के उपरांत एफआईआर दर्ज कर लिया गया है जिसका कांड संख्या- 899/24 है।

# अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब तस्कर को 8 से 9 लाख रुपए का शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शराब के अलावे वाहन में बिहार राज्य के दो गाड़ी नंबर प्लेट भी हुआ बरामद

● अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार शराब तस्कर




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झारखंड दिशा से भारी मात्रा में शराब लेकर बेगूसराय जा रहे एक पिकअप वाहन और एक मैरून रंग का कार सहित दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। शराब तस्करी के मामलें में एसडीपीओ राजेश कुमार ने थाना में पीसी करते हुए गिरफ्तारी के संदर्भ में पूरी जानकारी दिया। एसडीपीओ ने बताया कि रात्रि करीबन 1:30 बजे पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि देवघर की ओर से दो चारपहिया वाहन भारी मात्रा में शराब लेकर आ रही है। जिसके बाद मेरे नेतृत्व में एसएचओ संजय कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी की एक टीम बनाई गई। गठित टीम के द्वारा छापामारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एनएच 333 स्थित दादपुर के पास वाहन चेकिंग रात्रि में लगाया गया। तभी एक मैरून रंग का कार मुख्य सड़क से दादपुर की ओर तेजी से जाने लगी। टीम में शामिल बल के सहयोग से उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त कार चालक वाहन छोड़कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इसके तुरंत बाद इसी रास्ते से उजला रंग का पिकअप भान तेजी से भागने लगी। लेकिन टीम में शामिल बल के द्वारा तत्परता एवं सहयोग से पिकअप वाहन को रोकर उसके चालक एवं अन्य एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। तथा उक्त दोनों वाहन की जांच किया कार से 288 लीटर और पिकअप भान से तहखाना बनाकर छुपाकर कर रखे 424 लीटर अलग अलग ब्रांड का अंग्रेजी शराब बरामद किया। एसडीपीओ ने बताया कि जब्त किए गए कुल अंग्रेजी शराब 712 लीटर की मूल्य राशि लगभग 8-9 लाख रुपए के बीच की है। इस मामलें में गिरफ्तार झारखंड के बोकारो चास नगर के रहने वाले ओमशांति कुमार और झाझा थानाक्षेत्र के केशोपुर गांव के रहने वाले रौशन कुमार के रूप में हुई है। जिससे पूछताछ करने पर अन्य चार शराब तस्कर और एक होटल का जिक्र भी हुआ है। दोनों वाहनों की तलाशी ली जाने पर बिहार राज्य का दो गाड़ी नंबर प्लेट भी बरामद हुआ है।

# बीडीओ ने देर शाम को रेफरल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीडीओ सह रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष रविजी के द्वारा सोमवार की देर शाम को अस्पताल पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधा सहित मरीज के अन्य क्या सुविधा है इसकी जांच कि गई। इसके अलावे अस्पताल में जो संसाधन है वह कार्य करता है कि नही इसकी भी जांच किया। मौके पर मौजूद डयूटी पर तैनात डॉ. नबाब से भी कई तरह की जानकारी बीडीओं के द्वारा लिया। बीडीओ ने स्वयं अस्पताल में बीपी जांच करवाकर संसाधन की जांच किया। बीडीओ ने बताया कि रोगी कल्याण समिति के गठन के बाद यह निर्णय लिया गया था कि रेफरल अस्पताल में मरीजों के लिए सभी सुविधा मिल रहा है कि नही। अस्पताल में मरीजों का सही इलाज हो रहा है कि नही, अस्पताल में शाम से लेकर रात्रि में कर्मी, डॉक्टर रहते है कि नही इन सभी चीजों की जांच किया गया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों से भी पूछताछ किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संतोषजनक ही सभी चीज पाया गया।

# पहल - कार्य संस्कृति सुधारने में जुटी राज्य सरकार, शिकायत पेटी भी रखी जाएगी

## सरकारी कार्यालयों में बनेगा में आई हेल्प यू डेक्स, कर्मचारियों को समस्या सुनने का मिलेगा प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुईः- जिले सहित पूरे सूबे के सरकारी कार्यालयों की कार्य संस्कृति सुधार लाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने विशेष योजना तैयार की है। सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों व जनप्रतिनिधियों से बेहतर बर्ताव के साथ उसका काम सुगम तरीके से करने के लिए इन कार्यालयों में लोक संवेदना अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सभी प्रमुख कार्यालयों में आई हेल्प यू डेक्क स्थापित की जाएगी। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में शिकायत पेटी रखी जाएगी। इसके माध्यम में मिली शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। में आई हेल्प यू डेस्क से लोगों को कार्यालय में होने वाले सभी प्रकार के कार्यों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कर्मचारियों को आगंतुकों को सम्मान के साथ बैठाना और उनकी समस्या को सुनने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनता को आदर के साथ बैठाने का दिया गया है निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग ने जिले के सभी विभागों के पदाधिकारीयों में विशेषकर स्वास्थ्य,बिजली,शिक्षा, कृषि,सामाजिक सुरक्षा, आईसीडीएस, बीडीओं,सीओं, थानाध्यक्ष सहित जन सरोकारों से जुड़े विभागों के पदाधिकारीयों को निर्देश दिया है कि कोई भी आम जनता,जनप्रतिनिधि आपके कार्यालय में आते हैं तो उन्हें आदर के साथ बैठाएं, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुने। संबंधित कार्य नियमानुसार शीघ्र करने की कोशिश करें। नियम से परे कोई भी कार्य नहीं करें और इसकी जानकारी सभी को दें। अगले सप्ताह से आयोजित होगी अफसरों की कार्यशाला निर्देशित किया गया है कि जनप्रतिनिधियों अथवा आमजनों के फोन को अवश्य रिसीव करें।आवश्यकतानुसार उनकी समस्याओं को सुनें।आमजनों जनप्रतिनिधि के बैठने व पेयजल की सुविधा सभी कार्यालयों में अवश्य हो। वही अगले सप्ताह से पदाधिकारियों को ओरिएंटल प्रोग्राम व वर्कशॉप आयोजित कर इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रखंड स्तर पर भी कार्यशाला आयोजित कर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीयों व कर्मचारियों को इस अभियान के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### टीकाकरण कार्य को लेकर आशाकर्मी, फैसिलिटेटर को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

जमुई [ झाझा ] क्षेत्र में टीकाकरण के लिए मिले लक्ष्य की पूर्ति करने को लेकर मंगलवार को रेफरल अस्पताल के सभागार में क्षेत्र में कार्यरत आशा फैसिलिलेटर और आशाकर्मी के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अस्पताल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अरूण कुमार सिंह, बीसीएम पंकज कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र ने क्षेत्र में आशा को दिए गए लक्ष्य में गाभी के तहत कार्य कैसे करना है। लोगों को टीकाकरण के लिए कैसे प्रेरित करना है इनसभी चीजों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। बीसीएम ने बताया कि क्षेत्र में तीन माह में 95 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य के अनुसार आशाकर्मी, फैसिलिटेटर अपना हर दिन का कार्य पूरा करने के बाद उसकी सूची बनायेगी। दिए गए लक्ष्य अनुसार आशाकर्मी, फैसिलिटेटर पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्य करेगी अगर कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो विभाग वैसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी।

# स्वच्छता सहित अन्य विषयों को लेकर नप क्षेत्र में अलग-अलग आयोजित किया गया नुक्कड़ नाटक

## स्वच्छता सहित अन्य विषयों को लेकर जागरूक करते कलाकार




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] स्वच्छता को लेकर नगर परिषद कार्यालय झाझा की ओर से हर वार्ड के चौक चैराहों पर वार्डवासियों के बीच जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया। पटना से आये कलाकारों के द्वारा स्वच्छता पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक करते हुए यह बताया गया कि शहर को सुंदर शहर बनाने में स्वच्छता कितनी आवश्यकता है। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक होना होगा। क्योकि स्वच्छता नहीं रही तो बीमारी फैल सकती है। कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से भी लोगों को संदेश दिया कि जिस तरह से लोग अपने घरों को साफ- सुथरा रखते है ठीक उसी तरह अपने आसपास भी स्वच्छता बनाकर रखे। नप कार्यालय की ओर स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को लेकर नप के मुख्य पार्षद संजय यादव, उपमुख्य पार्षद विपीन साह ने बताया कि शहर में स्वच्छता अभियान को लेकर स्वच्छ मिशन शहरी के तत्वाधान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत गीला कचरा, सूखा कचरा, होल्डिंग टैक्स, मकान बनाने से पूर्व नक्शा पास, प्लास्टिक बैन एवं गली नाली साफ- सफाई आदि विषयों पर भी कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद ने नगरवासियों को शहर को सुंदर बनाने के साथ स्वच्छता के प्रति सजग रूप से सहयोग देने की अपील भी किया।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा पानी, कीचड़ उक्त पानी से जनता को आवाजाही में होती है परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ प्रखंड परिसर में पानी लगे रहने से कीचड़ हो जाने के कारण जनता को प्रखंड जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपको बताते चले की प्रखंड क्षेत्र के गांवों में विकास की जिम्मेदारी उठाने वाला प्रखंड कार्यालय का परिसर खुद कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। लोग अपनी समस्याओं के निदान के लिए प्रखंड कार्यालय आते हैं लेकिन प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचते ही लोगों की मुसीबत प्रखंड कार्यालय तक पहुंचने में काफी बढ़ जाती है। प्रखंड कार्यालय परिसर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बारिश के बाद हर तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है और थोड़ी सी पानी कमी होती है उसके बाद पूरा परिसर कीचड़मय हो जाता है। आम लोग कीचड़ व जलजमाव के बीच से होकर कार्यालय जाने को बिवस है। इस प्रखंड कार्यालय में 9 पंचायत के जनप्रतिनिधियों से लेकर आम लोगों का प्रतिदिन विभिन्न कार्यों को लेकर आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस कीचड़ व जलजमाव को लेकर अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी मौन बने हुए है। वैसे तो लोग जैसे तैसे कीचड़ व जलजमाव से होकर कार्यालय पहुंच ही जाते हैं। यही हाल पदाधिकारी तथा कर्मियों का भी है। कीचड़ व जलजमाव के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पर रही है ऐसी स्थिति में प्रखंड कार्यालय परिसर में मिट्टी भराई तथा नाला का निर्माण नहीं होने से यह समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं बीते 11 जुलाई को प्रखंड व अंचल कार्यालय का डीएम विजय प्रकाश मीणा 4 घंटे तक औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण करने के बाद लौटने के क्रम में घैलाढ़ पंचायत के मुखिया विमल कुमार ने प्रखंड परिसर में जमा पानी व नाला निर्माण करवाने को लेकर अवगत करवाया था। लेकिन मिट्टी भराई व नाला निर्माण कर जलजमाव की समस्या दूर करने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की गई है। पूरे परिसर में कीचड़ व जलजमाव के कारण लोगों को बेहद परेशानी होती है। वही इस संबंध में वीडियो अविनाश कुमार ने बताया कि दो दिनों से लगातार बारिश हुई है जिसके कारण परिसर के एक हिस्से में पानी लगी हुई है बैठक कर जल्द नाला निर्माण कर समस्या को दूर कर ली जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस के लिए कुलपति समेत कई शिक्षक रवाना

## कुलपति प्रो. बी एस झा और प्रो. नरेन्द्र श्रीवास्तव हैं आमंत्रित वक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा बंगुलुरु के एइटी कॉलेज में एशिन सोसाइटी फॉर एडवांस बायोलॉजी, यू एस ए, घाना, यूथॉपिया, ब्राजील, केनियां, नेपाल, साउथ अफ्रीका, यूके आदि सहित दर्जनों देशों के कोलेवरेशन से हों रही दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान देने के लिए भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय से शिक्षक और शोधर्थियों का टीम रवाना हों चुके है। कुलपति बिमलेदु शेखर झा के नेतृत्व में जंतु विज्ञान विभाग के वरीय शिक्षक प्रो. नरेन्द्र श्रीवास्तव, पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, जंतु विज्ञान के शोधार्थी आनंद कुमार भूषण, शोधार्थी रोहन कुमार आदि सहित दर्जनों शिक्षक एवं शोधार्थी वहां शिरकत करेंगे। ज्ञात हों की जंतु विज्ञान विषय के विभिन्न थीम पर आयोजित उक्त कॉन्फ्रेंस में कई देश के प्रोफेसर और शोधर्थियों का जमावरा लगना है। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य और पोषण थीम में आमंत्रित वक्ता के तौर पर कुलपति प्रो. विमलेदु शेखर झा और प्रो. नरेंद्र श्रीवास्तव का व्याख्यान होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें वे अनुसूचित जनजातियों में होने वाले अनुवाशिक रोग जैसे महत्वपूर्ण टॉपिक पर अपना व्यख्यान प्रस्तुत करेंगे। वहीं स्वाथ्य एवं पोषण थीम पर हीं पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह कालाजर रोग के उन्मूलन और रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण टॉपिक पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगें। साथ हीं जंतु विज्ञान विभाग के शोधार्थी आनंद कुमार भूषण का सिकील सेल एनीमिया अनुवाशिक रोग पर पेपर प्रस्तुति होगा और रोहन कुमार का भी शोध प्रपत्र प्रस्तुत होना सुनिश्चित हुआ है।

# झारखंड से सुपौल जा रही गिट्टी लदा ट्रक में रखी करीब 10 लाख का विदेशी शराब जब्त

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा बिहार में शराब बंदी के बावजूद भी शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड से सुपौल जा रही गिट्टी लदा ट्रक में रखी शराब की बड़ी खेप को पटना उत्पाद विभाग से मिली गुप्त सूचना के आधार पर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने स्पेशल टीम गठित कर मधेपुरा के भराही थाना क्षेत्र स्थित मधुवन चौक पर नाकेबंदी कर भराही पुलिस ने गिट्टी लदा ट्रक को जप्त किया, जिसमे गिट्टी के अंदर रखी 76 कार्टून यानी 748 लीटर शराब की बड़ी खेप के साथ ट्रक चालक रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर ट्रक जप्त किया है। पुलिस के मुताबिक झारखंड से गिट्टी लदा ट्रक में रखी भारी मात्रा में अवैध शराब जिसे सुपौल जिला में खपाने की तैयारी थी। बताया जा रहा है कि जप्त शराब की कीमत करीब 10 लाख होगी। वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि शराब की बड़ी खेप झारखंड से बिहार के सुपौल जिला जा रही थी पटना उत्पाद विभाग से मधेपुरा एसपी संदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी इसी आधार पर एसपी के निर्देशन में स्पेशल टीम गठित की गई जिस में में सामिल एएसपी प्रवेंद्र भारती और भराही थानाध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन तथा इंस्पेक्टर रामलखन पंडित सहित दर्जनों पुलिस जवानों ने भराही थाना क्षेत्र के मधुवन चौक पर नाकेबंदी कर गिट्टी लदा ट्रक को जप्त किया। जिसमे गिट्टी के अंदर 76 कार्टून यानी 748 लीटर शराब पाया गया वहीं ट्रक को जप्त करते हुए ट्रक चालक रंजीत कुमार कुमार को गिरफ्तार किया गया है साथ ट्रक मालिक के विरुद्ध उत्पात अधिनियम के तहत भराही थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रक से जीपीएस भी बरामद किया गया है जिसके आधार पर अन्य लिंक भी खंगाला जा रहा है।

# घटना से आक्रोशित लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसएच 91 को किया जाम



● हाईटेंशन विद्युत पोल में बिजली प्रवाहित होने से करंट के चपेट में आयी 13 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के रतनपट्टी गांव के बाध में खेत स्थित हाईटेंशन विद्युत पोल में प्रवाहित बिजली करंट के चपेट में आए एक 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मंगलवार दिन के करीब ढ़ाई बजे घटना हुई है। आक्रोशित लोग बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच 91 को रतनपट्टी मोर के पास जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे पुलिस को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोग डीएम और एसडीएम को घटना स्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े थे। मौके पर पहुंचे बीडीओ आशा कुमारी, सीओ किसलय कुमार और जनप्रतिनिधियों के समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जाने दिया गया। घंटो मुख्य मार्ग जाम रहने से स्कूली छात्र छात्राओ, आवश्यक कार्य से आवाजाही करने वाले आमलोगों को काफी परेशानी हुई। सड़क जाम के दोनो तरफ बड़े व छोटे वाहनो की लंबी लाइन लगी रही। लगभग दो घंटे तक मुरलीगंज- बिहारीगंज एसएच 91 पर आवागमन बाधित रहा। बताया गया कि रतनपट्टी वार्ड दो निवासी पवन दास की पुत्री निभा कुमारी (13) वर्ष की करंट लगने से मौत हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईटेंशन विद्युत पोल में बिजली प्रवाहित होने के कारण चपेट में आयी बच्ची की मौत हुई है। मृतिका निभा कुमारी धान रोपनी कर रहे मजदूर के लिए खाना लेकर खेत आयी थी। इस दौरान हाईटेंशन विद्युत पोल के बगल से गुजरने के क्रम में करंट के चपेट में आ गई। और मौके वारदात पर उनकी मौत हो गई। मृतिका के बड़े पापा मनोज दास ने बताया है कि विद्युत विभाग के लापरवाही के कारण भतीजी की मौत हुई है।

# पंच सरपंचों की मांगे वाजिब, समीक्षा कर विधि सम्मत मांग पूरा किया जाएगा : केदार प्रसाद गुप्ता

## पंच सरपंचों के हक हकूक अधिकार हेतु हर कुबार्नी देने को तत्पर : आमोद निराला



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पंच सरपंचों का मांग वाजिब है, मांग पत्रों का समीक्षा कर विधि सम्मत जायज मांगों को पूरा करने का यथासंभव प्रयास करेंगे। उक्त बातें पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पंच सरपंच संघ के बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम कचहरी को चौकीदार की अति आवश्यकता है, पहले भी चौकीदार प्रहरी की व्यवस्था थी आज निहायत आवश्यकता है। इस दिशा में काम किया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि पंच सरपंच बहुत ही सम्मानित पद है उसे बरकरार रखने में विभाग आवश्यक कार्य करेगी। कैबिनेट में फैसला लेकर जनहित में निर्णय जल्द लिया जाएगा। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ का राज्य स्तरीय बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन बिहार राज्य पंचायत परिषद भवन पटना में हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला ने किया, वहीं सफल मंच संचालन प्रदेश संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर ने किया। महाबैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने पंच सरपंच संघ की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा किया तथा माननीय मंत्री से पंच सरपंच को 2006 ई से कम से कम 2000 मासिक पेंशन चालू करने तथा एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने एवं सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अन्य अधिकार देने की मांग किया, जिसे करतल ध्वनी से प्रस्ताव को पारित किया गया। सम्मान समारोह में पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को अंगवस्त्र पुष्पमाला बुके पाग से सम्मानित किया गया। वही बिहार राज पंचायत परिषद के अध्यक्ष विंदेश्वरी बाबू के भाई पूर्व मुखिया एवं जय सिंह राठौड़ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रभुनाथ सिंह राजेंद्र सिंह वशिष्ठ निषाद अमित दुबे रंजीत यादव मनोज कुमार वीरेंद्र यादव महेश राय रीता देवी गीतांजलि कुमारी, मदन , आरके सेठी विधि सलाहकार अजय कुमार प्रवक्ता मनीष झा, मनोज सिंह सहित पूरे बिहार के सभी जिला के जिला अध्यक्ष महासचिव प्रदेश पदाधिकारी आदि ने भाग लेते हुए कहा कि पंच सरपंचों का लंबित वेतन जल्द भुगतान हो, पंच सरपंचों पर हो रहे झूठा मुकदमा शोषण दमन अन्याय अत्याचार जानलेवा हमला हत्या पर रोक लगाने की मांग किया। प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला ने कहा कि 2006 से पंच सरपंच संघ का नेतृत्व करने, सेवा देने का मौका मिला, आगे भी यथासंभव पंच सरपंच के हित के लिए हरेक कुबार्नी देने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने पंच सरपंचों को एक जूटता प्रदर्शित करने का अपील किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितम्बर को

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर 2024 के आलोक में प्राधिकार कार्यालय में बिहार सरकार की विभिन्न विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने किया। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में वन विभाग, पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, बिजली विभाग, माप तौल विभाग ,खनन विभाग, जनसंपर्क विभाग एवम दूरसंचार विभाग के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। सचिव ने समस्त विभाग के अधिकारी को अपने विभाग के लंबित मामलों की सूची बनाने एवं पक्षकार को नियत समय पर नोटिस भेजने का निर्देश दिया। लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु एवं पक्षकारों से बात कर मामले को सुधार करने के लिए कहा गया है। मामलों के निष्पादन में लचीला रूप अपनाते हुए मानवता से मामलों के निष्पादन का निर्देश भी दिया गया। समस्त लोगों ने संकल्प लिया कि वे लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तत्परता से कार्य करेंगे।

# कुशहा नहर पुल के समीप सड़क हादसे में बाइक चालक घायल, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता,

कुमारखंड (मधेपुरा) बेलारी थाना क्षेत्र के कुशहा नहर पुल के समीप मंगलवार को शाम करीब चार बजे बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरने से जख्मी हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल बाइक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। बताया गया कि पूर्णिया जिला के के नगर थाना क्षेत्र के बेगमपुर वार्ड नंबर तीन निवासी बाइक चालक दिनेश शर्मा अपने बाइक से सुपौल जिले के कजहा गांव अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। घर वापस लौट के दौरान जैसे ही कुशहा नहर पुल के समीप पहुंचा कि बाइक लेकर अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक चालक दिनेश शर्मा घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## बारिश हो रिमझिम रिमझिम तो बढ़े भूजल का स्तर

श्रावण का महीना और रिमझिम रिमझिम बरसात आज बीते जमाने की बात हो गई है। सही मायने में देखा जाए तो पिछले दो-तीन दशक की पीढ़ी तो रिमझिम बरसात या यों कहे कि सावण की झड़ी को तो देखना दूर की बात जानती भी नहीं होगी। एक समय था जब श्रावण में बरसात की झड़ी लग जाती थी और कई कई बार तो तीन-तीन, चार-चार दिन तक भगवान भास्कर के दर्शन मात्र को तरश जाते थे। इससे होता क्या था झरी लगती थी तो पानी सीधे जमीन में जाता था, जमीन की प्यास बुझती थी और जब प्यास बुझने लगती तो भूजल का स्तर बढ़ने लगता था। आज हालात दूसरे हैं। तेज बरसात आती हैं और बरसात का पानी भूमि की प्यास बुझाने के स्थान पर बह कर चला जाता है। कहने को तो वर्षा का ओसत तो पूरा दिखाई दे जाता हैं, सामान्य वर्षा के आंकड़ें भी पूरे हो जाते हैं पर बरसात का अधिकांश पानी बह कर निकल जाता है या फिर बाढ़ या शहरों की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण एकत्रित हो जाता है और फिर मक्खी-मच्छरों का स्थल बनकर बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है। क्योंकि अब तो रिमझिम बरसात का स्थान तेज वर्षा लेती जा रही है, एक दिन में ही रेकार्ड बरसात के समाचार आते हैं और इस कारण पानी भूजल स्तर को बढ़ाने की जगह बह जाता है।

दरअसल यह सब जलवायु परिवर्तन का कारण है तो दूसरी और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, वनों और गांवों को शहरों में तब्दील कर कंक्रिट का जंगल विकसित करने और इससे भी दो कदम आगे प्राकृतिक जल स्त्रोतों को नष्ट करना या उन्हें लगभग समाप्त कर कॉलोनियां विकसित कर देना रहा है। दरअसल हमारे वास्तुकारों ने शहरों को डिजाइन करते समय यह सोचा ही नहीं की पानी संग्रहण के लिए भी कोई जगहें विकसित हो। यह तो उनके दिमाग में ही नहीं रही। बाकी कसर शहरों में कच्ची जगह तो छोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए यहां तक कि फुटपाथ तक पक्के कर दिए गए और सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी चारों तरफ से पक्का कर दिया गया ताकि पानी भूमि में कहीं से जा ही नहीं सकें। अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ा कारण है कि मौसम चक्र पूरी तरह से गड़बड़ाता जा रहा है। सर्दी में सर्दी नहीं, गर्मी में गर्मी नहीं और बरसात में बरसात के हालात नहीं दिखाई देने लगे हैं। हांलाकि आज मानसून के प्रेडिक्शन यानी की संभाव्यता तो लगभग सही सही बताई जाने लगी है पर प्रकृति ने जो अपना खेल दिखाया है वह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि हालात जानते या समझते नहीं हो, और हालात पर चर्चा करने के लिए दुनिया के देशों के दिग्गज बैठते भी हैं और चर्चा भी करते हैं, कागजों में बड़ी बड़ी रिपोर्ट और रोडमैप भी बनते हैं पर परिणाम सामने हैं।

एक पहलू यह भी है कि भूजल का अत्यधिक दोहन किया गया और यह आज भी बदस्तूर जारी है। कम पानी वाले फसल चक्र के बारें में समय पर सोचा ही नहीं गया। जमीन से पानी खिंचने के लिए पहले कुएं होते थे, उनसे उतना ही पानी निकलता था जितना रिचार्ज हो जाता था, पर कुओं का स्थान बोरिंग और बोर वेल ने ले लिया और धरती में समाये पानी को निचोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ऐसा नहीं है कि समस्या की गंभीरता से अनविज्ञ रहे हो पर जो उपाय किये गये वह नाकाफी होने के साथ ही कारगर सिद्ध नहीं हुए। पिछले तीन-चार दशक से शहरों में वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम सरकार स्तर पर बनाने के साथ ही कोलोनाइजर्स को बनाने को कहा जाता रहा और आज भी कहा जा रहा है पर उसकी पोल इसी से पूरी हो जाती है कि कहने को तो वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम बना दिये, पैसे भी पूरे लग गए पर उनका स्ट्रक्चर जाने-अनजाने ऐसे बन गए

## हम तो डूबे हैं सनम तुमको भी ले डूबेंगे

तनवीर जाफरी

मानसून की आमद हो चुकी है। इस मौसम में देश के किसी न किसी भाग से बाढ़, जलप्रलय, भूस्खलन, बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आती रहती हैं। इस बार भी जहाँ हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीँ केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ, किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता।

परन्तु रिहायशी इलाकों में पानी भर जाना, भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना, नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13, 450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कार्यवाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे। यानी नए संसद भवन में कोई पोर्टिको भी नहीं है और संभवत वहां जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अब संसद भवन के टपकने में प्रकृति का क्या दोष? इस घटना के बाद आरोप लग रहा है कि यहाँ न तो छत वाटर प्रूफ है न ही पानी निकासी के समुचित प्रबंध हैं न सीवर ड्रेनेज सिस्टम सही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराना संसद भवन जोकि 97 साल पहले 1927 में बनाया गया था आखिर उसके टपकने या लीक होने की तो आज तक कोई खबर नहीं आयी? परन्तु मात्र एक वर्ष पहले तैयार हुआ संसद भवन टपकने भी लगा? इस घटना में प्रकृति दोषी है या भ्रष्ट प्रबंधन या अकुशल, अदूरदर्शी निर्माणकर्ता व इंजीनियर्स?

इसी तरह मानसून से पहले ही जून माह के अंत में जब पहली बारिश हुई उस समय अयोध्या में राम मंदिर मंदिर की छत टपकने लगी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्यें द्र मिश्र ने उसी समय मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुये कहा था कि, ह्यगर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर चुका है। ऐसे में कहीं बिजली का करंट न उतर आए इसलिए सुबह 4 बजे और 6 बजे होने वाली आरती टॉर्च की रोशनी में करनी पड़ी। उसी समय पुजारी ने यह भी कहा था कि अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुआ, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। ह्ल अभी तक राम मंदिर का जो केवल एक फ्लोर तैयार हुआ है इसी पर लगभग 1800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। परन्तु मंदिर ट्रस्ट के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा पुजारी सत्यैंद्र मिश्र के आरोपों को झुठलाने की कोशिश की गयी। जरा सोचिये यह घटना प्राकृतिक आपदा का परिणाम है या भ्रष्टाचारी व अकुशल निर्माण व्यवस्था का? पिछले दिनों अयोध्या में ही दस से अधिक जगहों पर सड़कों के धंसने के भी सचित्र समाचार आये थे। ऐसी ही शुरूआती बारिश में पिछले महीने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई थी। इस हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गये थे। उसी दौरान देश के अनेक हवाई अड्डों की छतों के टपकने व पानी से एयरपोर्ट के लबालब भर जाने के समाचार आये थे। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश के सतना में 30 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में बारिश का पानी भर गया। एयरपोर्ट की एयर स्ट्रिप में भी पानी भर गया। जिससे एयरपोर्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता व इसकी डिजाइन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर मात्र डेढ़ इंच बारिश ने सतना में 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस नवनिर्मित एयरपोर्ट को जल-भराव के कारण अपनी चपेट में कैसे ले लिया? इसी तरह जयपुर में भी पिछले दिनों हुई बारिश ने तो पूरी गुलाबी नगरी को ही डुबो कर रख दिया। स्मार्ट सिटी कहे जाने वाले जयपुर में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, कार्यालय, स्कूल, बाजार, मुहल्ले कॉलोनी पुलिस थाने आदि सभी जलमग्न हो गये। जगह-जगह सड़कें धंस गईं, जिनमें स्कूल बस, रिक्शा, कारें और बुलडोजर तक समा गए। इसी तरह बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में हुई लगातार बारिश के कारण हवाई अड्डे के परिसर में और उसके आसपास जलभराव हो गया है। जिससे काजी नजरूल इस्लाम हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली और बेंगलुरु सहित हवाई अड्डे से आने-जाने वाली लगभग तीन उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

## बांग्लादेश में चीन और आईएसआई ने मिलकर जो साजिश रची थी, वह सफल हो गयी है

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है। पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं। दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहतन करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं। दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है।





नीरज कुमार दुबे
वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार

दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहतन करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है। पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं।

दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहतन करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं।

दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है। दुश्मनों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंक और उग्रवाद को हवा देने के लिए तथा भारत को इस दंश से जूझने के लिए जो कड़ी मेहतन की थी उस पर पिछले दस सालों में पानी फेर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी कमांडरों और अलगाववादियों का सफाया हो चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र भी अपेक्षाकृत शांत हो गया है। वहां के कई उग्रवादी संगठन सरकार से समझौता कर मुख्यधारा के जीवन में लौट आये हैं। उग्रवादी और आतंकी संगठनों को मिलने वाली टैरर फंडिंग पर भी रोक लग गयी है। जाहिर है यह सब पाकिस्तान और चीन को नहीं भा रहा था। खासतौर पर शेख हसीना के कार्यकाल में जिस तरह बांग्लादेश सरकार भारत को वरीयता देती थी उससे भी चीन नाखुश रहता था। ऐसे में चीन इस ताक में था कि कैसे इस स्थिति को बदला जाये। चीन को परेशान देख पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मदद के लिए प्रस्ताव रखा और फिर योजनाबद्ध तरीकों से चीजों को आगे बढ़ाया गया।

बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था।

बताया यह भी जा रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि इस्लामी छात्र शिबिर के कुछ सदस्यों को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षण भी दिलाया गया था। इस संबंध में कुछ वीडियो भी हाल के दिनों में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगे थे। बताया जा रहा है कि इन सबका एकमात्र उद्देश्य यही है कि बांग्लादेश में भी अफगानिस्तान के तालिबान जैसी सरकार बनाई जा सके। इस संबंध में आईएसआई ने पूरी मदद और समर्थन का भरोसा भी इस्लामी छात्र शिबिर को दिलाया था। यह सारे समूह चाहते थे कि दिन पर दिन जिस तरह भारत और बांग्लादेश के संबंध प्रगाढ़ होते जा रहे हैं उसको नुकसान पहुँचाया जा सके। चीन भी देख रहा था कि जिस तरह बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना विभिन्न मुद्दों पर चीन को वरीयता देने की बजाय भारत के साथ खड़ी हो जाती हैं उस स्थिति से तभी छुटकारा मिल सकता है जब बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थित सरकार बन जाये।

जहां तक बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी की बात है तो उसने कभी भी भारत विरोधी रवैया अख्तियार करने का मौका नहीं गंवाया। बताया जा रहा है कि बीएनपी के कार्यकताओं ने इस्लामी छात्र शिबिर के साथ मिलकर सरकार विरोधी आंदोलन को हवा दी और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहे। इसके अलावा, बांग्लादेश सेना जिस तरह कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेकती दिख रही है और देश को अराजकतावादियों के हाथों में जाते देख रही है उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। बहरहाल, भारत को बांग्लादेश में हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमले रोकने की दिशा में कदम उठाने के अलावा पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष निगाह रखनी होगी। यहां किसी भी राज्य में सरकार विरोधी आंदोलन को अगर हवा दी जाती है तो उसे तत्काल थामना होगा। दरअसल, पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारत ने शांति को स्थापित करने के लिए जो मेहनत की है उसको बाधित करने के लिए उग्रवादी संगठन और कट्टरपंथी एड़ी चोटी का जोर लगाएंगे इसलिए बहुत सतर्क रहना होगा। साथ ही, पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ, नशीली दवाओं और मानव तस्करी पर लगाम लगाने और नकली मुद्रा से संबंधित मुद्दों के समाधान की दिशा में जो सफलता प्राप्त की है, उसे भी विफल करने के प्रयास किये जायेंगे। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।

## क्या दुनिया को है सन्देश, जलता हुआ बांग्लादेश?

हिंसा के बीच हालात बेहद खराब हो गए हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरकर सरकारी संपत्ति को आग के हवाले कर दिया है। बांग्लादेश संसद में वाद विवाद संवाद व्यवस्थित नही रहा, बांग्लादेश संसद ने जनता का यक ीन खो दिया, बांग्लादेश में जो हालात बेकाबू हुए इससे साबित होता देश में जनता से बड़ा कोई नही, कुछ गलत निर्णय देश को सालों साल पीछे धकेल देते। गलत निर्णय कितने भारी पड़ गए बांग्लादेश को.... किसी देश में तख्तापलट की संभावना आमतौर पर तब बनती है जब देश के तमाम लोग सरकार की नीतियों के खिलाफ होते हैं या फिर सरकारें तानाशाह बन जाती हैं यानी सरकारों को जनता के हितों से कोई मतलब नहीं रह जाता, वो अपने मन का ही करती हैं, चाहे उससे जनता का भला हो या नुकसान हो। इसके अलावा तख्तापलट की एक संभावना तब बनती है जब सेना को सरकार से खतरा महसूस होता है। ऐसी स्थिति में सेना ही सरकार के खिलाफ आ जाती है और तख्तापलट करके खुद सत्ता पर काबिज हो जाती है। आरक्षण के मुद्दे पर बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया, वहाँ की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। अपने देश में भी इन दिनों जाति को लेकर घमासान मचा हुआ है। भारत में भी जाति और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संसद में ह्यराजनीतिह्ल चरम पर है और सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण सम्बन्धी हालिया फैसले ने इस मुद्दे को और गरमा दिया है। बांग्लादेश हिंसा की आग में सुलग रहा है। हिंसा के बीच हालात बेहद खराब हो गए हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरकर सरकारी संपत्ति को आग के हवाले कर दिया है।





प्रियंका सौरभ
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

आरक्षण के मुद्दे पर बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया, वहाँ की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। अपने देश में भी इन दिनों जाति को लेकर घमासान मचा हुआ है। बांग्लादेश हिंसा की आग में सुलग रहा है। हिंसा के बीच हालात बेहद खराब हो गए हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरकर सरकारी संपत्ति को आग के हवाले कर दिया है। बांग्लादेश संसद में वाद विवाद संवाद व्यवस्थित नही रहा, बांग्लादेश संसद ने जनता का यक ीन खो दिया, बांग्लादेश में जो हालात बेकाबू हुए इससे साबित होता देश में जनता से बड़ा कोई नही, कुछ गलत निर्णय देश को सालों साल पीछे धकेल देते। गलत निर्णय कितने भारी पड़ गए बांग्लादेश को....

किसी देश में तख्तापलट की संभावना आमतौर पर तब बनती है जब देश के तमाम लोग सरकार की नीतियों के खिलाफ होते हैं या फिर सरकारें तानाशाह बन जाती हैं यानी सरकारों को जनता के हितों से कोई मतलब नहीं रह जाता, वो अपने मन का ही करती हैं, चाहे उससे जनता का भला हो या नुकसान हो। इसके अलावा तख्तापलट की एक संभावना तब बनती है जब सेना को सरकार से खतरा महसूस होता है। ऐसी स्थिति में सेना ही सरकार के खिलाफ आ जाती है और तख्तापलट करके खुद सत्ता पर काबिज हो जाती है। आरक्षण के मुद्दे पर बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया, वहाँ की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। अपने देश में भी इन दिनों जाति को लेकर घमासान मचा हुआ है। भारत में भी जाति और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संसद में ह्यराजनीतिह्ल चरम पर है और सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण सम्बन्धी हालिया फैसले ने इस मुद्दे को और गरमा दिया है। बांग्लादेश हिंसा की आग में सुलग रहा है। हिंसा के बीच हालात बेहद खराब हो गए हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरकर सरकारी संपत्ति को आग के हवाले कर दिया है। बांग्लादेश संसद में वाद विवाद संवाद व्यवस्थित नही रहा, बांग्लादेश संसद ने जनता का यक ीन खो दिया, बांग्लादेश में जो हालात बेकाबू हुए इससे साबित होता देश में जनता से बड़ा कोई नही, कुछ गलत निर्णय देश को सालों साल पीछे धकेल देते। गलत निर्णय कितने भारी पड़ गए बांग्लादेश को। बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और अपना देश छोड़कर जा चुकी हैं, जिसके बाद यहां की सत्ता अब सेना के हाथों में चली गई है। माना जा रहा है कि अब आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमान देश की कमान भी संभालेंगे। किसी देश में तख्तापलट की संभावना आमतौर पर तब बनती है जब देश के तमाम लोग सरकार की नीतियों के खिलाफ होते हैं या फिर सरकारें तानाशाह बन जाती हैं यानी सरकारों को जनता के हितों से कोई मतलब नहीं रह जाता, वो अपने मन का ही करती हैं, चाहे उससे जनता का भला हो या नुकसान हो। इसके अलावा तख्तापलट की एक संभावना तब बनती है जब सेना को सरकार से खतरा महसूस होता है। ऐसी स्थिति में सेना ही सरकार के खिलाफ आ जाती है और तख्तापलट करके खुद सत्ता पर काबिज हो जाती है। पाकिस्तान में भी आर्मी चीफ जनरल परवेज मुशर्रफ ने ऐसा ही किया था। उन्होंने नवाज शरीफ को सत्ता से हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो गए थे। आंकड़ों के अनुसार 1950 से अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 400 से भी अधिक बार तख्तापलट हो चुका है। इस मामले में दक्षिण अमेरिकी देश बोलिविया टॉप पर है। यहां अब तक 20 से भी अधिक बार तख्तापलट हो चुका है। इसके अलावा इराक में 10 से भी अधिक बार और पाकिस्तान में 4 बार तख्तापलट हो चुका है। वहीं, अफ्रीकी देशों में भी 10 से अधिक बार तख्तापलट हुआ है।

बांग्लादेश साल 1971 को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में दुनिया के नक्शे पर उभरा। साल 1972 में इसे बतौर देश मान्यता मिली थी। 1972 में तत्कालीन सरकार ने मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वंशजों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया था। हालांकि, साल 2018 में सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया था। हालांकि, इस साल जून में हाईकोर्ट के फैसले ने इस आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के फैसले को गैर कानूनी बताते हुए इसे दोबारा लागू कर दिया था। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद बांग्लादेश में व्यापक पैमाने में विरोध प्रदर्श शुरू हो गए। शेख हसीना सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, जिसने हाईकोर्ट के आदेश को निलंबित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल पांच फीसदी नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए आरक्षित होगी। दो फीसदी नौकरियां अल्पसंख्यकों और दिव्यांगों के लिए आरक्षित होगी। अब इस मामले में अगली सुनवाई सात अगस्त को होनी थी लेकिन, इससे पहले विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। देश की सुप्रीम कोर्ट ने भी नौकरियों में एक तिहाई आरक्षण के विरोध में फैसला दिया और आरक्षण की सीमा को घटाकर 5 प्रतिशत करने का फैसला सुनाया। मगर छात्र इससे संतुष्ट नहीं हुए और वह इस आरक्षण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग करते रहे। सरकार के सख्त रवैये से उनकी नाराजगी और बढ़ती गई।

बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की बड़ी चर्चा होती है और वह दुनिया की सबसे तेजी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। शेख हसीना के 15 वर्ष के शासनकाल में बांग्लादेश की तस्वीर बहुत बदली है। मगर बांग्लादेश की आर्थिक प्रगति का लाभ सबको नहीं मिल रहा जिससे वहां असमानता बढ़ रही है। एक अनुमान है कि वहां लगभग 1।80 करोड़ युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। यूनिवर्सिटी से पढ़े छात्रों में बेरोजगारी की दर और भी ज्यादा है। बांग्लादेश टेक्सटाइल क्षेत्र में एक बड़ा नाम है और वहां बने रेडिमेड कपड़े सारी दुनिया में निर्यात होते हैं। इस उद्योग में लगभग 40 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। मगर इन नौकरियों में कॉलेजों के पढ़े-लिखे छात्रों के लिए संभावनाएं बहुत कम हैं। इन्हीं वजहों से बांग्लादेश में असंतोष बढ़ता जा रहा था और यही वजह है कि छात्रों का आरक्षण विरोधी आंदोलन सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया और शेख हसीना की सत्ता गिर गई।

## विश्व युद्ध का अंदेशा और बांग्लादेश में सेना का तख्ता पलट

डॉ हिदायत अहमद खान

पिछले कुछ समय से दुनियां के शक्तिशाली देशों के हालात सही नहीं चल रहे हैं। विकसित ही क्यों विकासशील छोटे-छोटे देशों का हाल भी बुरा है। इसे आर्थिकमंदी से जोड़कर देखा जा रहा है। जनसंख्या बढ़ रही है, रोजगार कम हो रहे हैं और मंदी के चलते महंगाई चरम पर है। इस पर विकट समस्या यह है कि अधिकांश देश अपने पड़ोसी देश को दुश्मन देश मानकर हमले करने पर उतारु दिख रहे हैं। पड़ोसी देश एक-दूसरे से या तो लड़ रहे हैं या फिर लड़ने को आतुर नजर आ रहे हैं। बात कुछ भी न हो, तब भी तनातनी का माहौल बराबर बना हुआ है। यहां देखा जा सकता है कि एक तरफ रुस और यूक्रेन भिड़े हुए हैं। दूसरी तरफ हमास के हमले के बाद इजराइल अमेरिका की मेहरबानी से गाजा में फिलस्तीन से लेकर तमाम पडोसी मुल्कों से भिड़ने का दंभ भरे हुए है। हमास चीफ हानिया को ईरान में साजिशन हत्या कराए जाने के बाद मामला और बिगड़ चुका है। दुश्मनों से घिरे इजराइल को ढांढस बंधाने का काम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडन कर तो रहे हैं, लेकिन उनकी अपनी भी तो परेशानियां हैं, क्योंकि जिस तरह से अमेरिका ने यूक्रेन को उकसाने का काम किया वैसे ही रुस भी अमेरिका के खिलाफ उत्तर कोरिया को इस संकट वाली स्थिति में खड़ा कर सकता है। ऐसा इसलिए भी कहना उचित होगा, क्योंकि उत्तर कोरिया के प्रमुख नेता किम जोंग उन ने अपनी फ्रंट लाइन आर्मी यूनिट को 250 परमाणु सक्षम मिसाइल लांचर तैनात करने के लिए उपलब्ध करा दिए हैं। यही नहीं किम जोंग उन ने तो अमेरिकी खतरे का मुकाबला करने के लिए सेना को परमाणु क्षमताओं को और बढ़ाने का संदेश देते हुए तैयार रहने को भी कह ही दिया। इस प्रकार उत्तर कोरिया का परमाणु हथियारों पर जोर देने का मकसद दक्षिण कोरियाई सीमा पर सेना को मजबूत करना तो बताया जा रहा है, लेकिन हकीकत में देखा जाए तो अमेरिका को आंख दिखाने जैसा यह काम किया गया है। इनकी तैनाती बताती है कि दक्षिण कोरिया के साथ ही अमेरिका की राहें भी अब मुश्किल होने वाली हैं। यदि इजराइल की नेतन्याहू सरकार के बचाव में अमेरिका कदम आगे बढ़ाता है तो एक महायुद्ध का बिगुल भी बज जाएगा। इससे महज गाजा और आसपास के देश ही नहीं बल्कि अन्य देशों पर भी संकट के बादल छा जाएंगे। अनेक देश तब युद्धभूमि का हिस्सा होने के तौर पर चिहिन्त किए जाएंगे। ऐसे में अमेरिका को उसके अपने घर में चुनौती देने वाली ताकतें भी फिर चुप न बैठेंगी। बहरहाल यहां हम बात बांग्लादेश के सैन्य तख्ता पलट कर करने जा रहे हैं, जहां छात्र आंदोलन ने हिंसक रुप लेकर सब कुछ तहस-नहस करने जैसा कर दिखाया है। ऐसे माहौल में जब हम अपनी नजरें भारत और उसके तमाम पड़ोसी मुल्कों के हालात पर डालते हैं तो पाते हैं कि यहां पर भी कोई बेहतर स्थिति नहीं है। सभी अपनी घरेलु समस्याओं में उलझे हुए हैं। आर्थिक और राजनीतिक हालात भी बेहतर नहीं कहे जा सकते हैं। पाकिस्तान में तो मौजूदा सरकार की स्थिरता को लेकर ही शंकाएं विद्यमान हैं। दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी को लेकर पाकिस्तान की राजनीति आज तक गर्माई हुई है। ऐसे में बलूच मामले ने भी तूल पकड़ा हुआ है। बलूच समर्थक लोग तो पुलिस व सेना से दो-दो हाथ करने को आतुर दिखते हैं। यह मामला अभी चल ही रहा था कि बांग्लादेश से सेना का तख्ता पलट की अचानक अचंभित करने वाली खबर भी आ गई है। बांग्लादेश में आरक्षण की आग जंगल में लगी आग साबित हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के ड्यूटी करने के बाद भी बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शराब बरामद किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद के निगरानी में लगातार छापेमारी करने के दौरान भारी मात्रा में नेपाल निर्मित शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त बाबत इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से शराब की एक बड़ी खेप भारत में में प्रवेश करने वाली है तो एक टीम गठीत कर छापेमारी शुरू किया गया, जिसमें 500 एमएल का 60 पीस किंग फिसर बियर के साथ एक शराब कारोबारी व 48 लीटर नेपाली शराब व 160 बोतल सॉफी शराब के साथ दूसरे शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों शराब कारोबारी की पहचान पूर्वी चम्पारण जिले के बंजरीया थाना क्षेत्र के सीधिया गुमटी निवासी मोहर्रम मियां का पुत्र सलाउद्दीन मियां के रूप में हुआ है। वही दूसरा कारोबारी की पहचान रक्सौल थाना क्षेत्र के मौजे माई स्थान नंदलाल दास के पुत्र धर्मातमा दास के रूप में की गयी है, जिसे अग्रतर कार्यवाई के लिए प्राथमिकी दर्ज कर मोतिहारी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### संदिग्ध अवस्था मे महिला की लाश बरामद

बेतिया मोहन सिंह। कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने घर में फांसी से लटका संदिग्ध अवस्था में एक महिला का शव बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलकौली वार्ड नंबार 6 में मंगलवार की सुबह एक विवाहित पम्मी देवी उम्र करीब 25 वर्ष पति महंत पटेल का शव फांसी से लटका हुआ ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर जीएमसीएच अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। महिला के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार बताए जाते हैं। महिला के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार महिला के शरीर में मिट्टी और पांकी लगा हुआ था। कुमारबाग पुलिस द्वारा अग्रतर कार्यवाई की जा रही है।

### मशरक के बहरौली में मुख्य सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन बाधित

मशरक। मशरक प्रखंड अंतर्गत बहरौली पंचायत के दलित बस्ती बहरौली श्रीनगर में मुख्य सड़क पर विशाल पेड़ गिरने से आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया है। इस संदर्भ में बहरौली पंचायत के देवरिया तख्त गांव निवासी डॉ सुमन ने बताया कि सोमवार की देर रात्रि में तेज बारिश और हवा के कारण श्रीनगर दलित बस्ती में विशालकाय नीम का पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया है।इस संदर्भ में पंचायत के मुखिया अजीत सिंह ने कहा कि यथाशीघ्र सड़क पर गिरे हुए पेड़ को हटवाकर आवागमन पूर्ण रूप से सुचारू करने का काम किया जा रहा है।

### प्राशिक्षण सम्पन्न

छपरा कार्यालय। सभी नव चयनित महिला पर्यवेक्षिका का कार्य एवं दायित्व संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण डीआरडीए सभागार में की गई जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन, निरीक्षण, सेविकाओं का सेक्टर बैठक, आईसीडीएस द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जैसे पोषण अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियां एवं पोषण ट्रैक्टर ऐप पर सविताओं द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली इंट्री एवं उसका अनुश्रवण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अनुग्रह अनुदान, परवरिश योजना आदि की जानकारी दी गई! जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण में दिए गए जानकारी एवं निदेर्शों का पालन सभी महिला पर्यवेक्षिका इसका उपयोग आंगनबाड़ी निरीक्षण एवं उसका सही तरीके से संचालन करने में करायेगी! पोषण अभियान के जिला समन्वयक श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा पोषण अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों के बारे जानकारी दी गई! उक्त प्रशिक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ईसुआपुर एवं दिघवारा के द्वारा दी गई इसमें निभा कुमारी जिला मिशन समन्वय ऋषिकेश कुमार सिंह लैंगिक विशेषज्ञ , सहयोगी प्रशिक्षक अनु कुमारी महिला पर्यवेक्षाका इसुआपुर, गरिमा कुमारी एवं निहारिका कुमारी महिला पर्यवेक्षिका रिविलगंज, संगीता कुमारी लहलादपुर आदि उपस्थित रहे !

# जिलाधिकारी ने समाहरणालय परिसर का किया स्थल निरीक्षण

● परिसर में वाहन पार्किंग, जलजमाव, रास्ता निर्माण, अतिक्रमण हटाने एवं सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिया महत्वपूर्ण दिशा निर्देश




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज सम्पूर्ण समाहरणालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। अपर समाहर्त्ता के कार्यालय से वन स्टॉप सेंटर भवन तक कच्चा रास्ता होने के कारण काफी कीचड़ लगा हुआ पाया गया जिसको लेकर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को पेवर ब्लॉक या पीसीसी रास्ता के निर्माण हेतु कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वन स्टॉप सेंटर भवन के सामने स्थित जर्जर भवन तथा पूर्वी भाग में पुराना निबंधन कार्यालय के जर्जर भवन को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ध्वस्त करने हेतु तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर भवन के लिए चहारदीवारी निर्माण कर एक प्रवेश द्वार लगवाने का निर्देश दिया गया।

अपर समाहर्त्ता के कार्यालय के सामने विधि मंडल भवन के आसपास काफी भीड़ थी तथा अपर समाहर्त्ता के कार्यालय के सामने ही काफी संख्या में दो पहिया वाहन लगे हुए पाये गये।कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को अपर समाहर्त्ता कार्यालय के सामने स्थित सड़क के किनारे संपूर्ण खाली जगहों पर पेवर ब्लॉक लगाकर विधि मंडल भवन के सामने जाली लगाकर घेरने का निदेश दिया। जिला निबंधन कार्यालय एवं नजारत शाखा के समक्ष जलजमाव की समस्या का निराकरण करने का निदेश भवन प्रमंडल को दिया गया। समाहरणालय परिसर एवं व्यवहार न्यायालय परिसर के बीच गेट नंबर-3 पर लोहे का दरवाजा काफी जर्जर स्थिति में पाया गया। इस गेट को अधिवक्ताओं के आने जाने हेतु बनाया गया था परंतु इसका उपयोग आमजनों द्वारा किये जाने के कारण काफी भीड़ हो रही है।पुलिस अधीक्षक सारण से इस गेट पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया।साथ ही इस प्रवेश द्वार के पास ह्लसुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त प्रवेश द्वार के माध्यम से केवल अधिवक्ताओं को आवागमन की अनुमति है, आमजनों का प्रवेश वर्जित है। आमलोग व्यवहार न्यायालय अथवा समाहरणालय परिसर में प्रवेश हेतु मुख्य द्वार का उपयोग कर सकते हैंह्व से सम्बन्धित सूचना बोर्ड लगाने को कहा गया। प्रवेश द्वार के पास अवस्थित फोटो कॉपियर की दुकानों को नोटिस देकर हटाने को कहा गया।

कोषागार कार्यालय एवं निर्वाचन कार्यालय के सामने स्थित जगह को पूर्ण रूप से घेरकर पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित करने को कहा गया।अन्य उपयुक्त स्थलों को भी पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्त्ता, नजारत उपसमाहर्त्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पश्चिम चंपारण जिला कार्यालय में जन सुराज जिला कार्यवाहक समिति एवं पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**कृष्णा बिंद बने जिला अध्यक्ष, अर्चना बाला बनीं महिला अध्यक्ष**




प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर की पदयात्रा पश्चिम चंपारण से चलने के महीनों बाद मधेपुरा पहुंची है। अबतक जिन ज़िलों में पदयात्रा हो चुकी है उन जिलों में संगठन विस्तार तेजी से किया जा रहा है। उसी क्रम में मंगलवार को पश्चिम चंपारण स्थित जन सुराज जिला कार्यालय में जन सुराज जिला कार्यवाहक समिति एवं पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान एमएलसी अफाक अहमद, नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा बिंद, नवनिर्वाचित महासचिव कमलेश कुमार, अभियान समिति के संयोजक कुंदन पाण्डेय, मुख्य प्रवक्ता रश्मि राव, पूर्व महासचिव राघवेंद्र पाठक ने हिस्सा लिया और जन सुराज को मजबूत करने के लिए कई सारी योजना बनाई। कार्यक्रम के बीच प्रेस वार्ता कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। कार्यक्रम में जन सुराज को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए जिला की महिला अध्यक्ष अर्चना बाला ने कहा कि प्रत्येक जिला कार्यवाहक समिति सदस्य ने जन सुराज के विचार को आने वाले दिनों में हजारों लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इतना ही नहीं जन सुराज परिवार को आने वाले दिनों में सबसे मजबूत राजनीतिक दल के रूप में तैयार करने की रूपरेखा तैयार की। 2 अक्टूबर को पार्टी बनने के बाद संगठन को मजबूत बनाने के लिए और भी निम्न प्रयास किए जाएंगे।इस अवसर पर समिति ने जन सुराज की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की और संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए कार्यक्रमों की योजना बनाई।

## चार दिन से गायब नाबालिग लड़की घर पहुंची, परिजनों ने लगाया शिवानी रेस्टुरेंट व्यवसायी पर गम्भीर आरोप




प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित जलसंसाधन विभाग के जी टाइप कॉलोनी निवासी बेचू मियां ने स्थानीय गोलचौक स्थित शिवली रेस्टुरेंट संचालक पर गम्भीर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री 15 वर्षीय काल्पनिक नाम रेशमा को चार दिन तक बहला फुसलाकर रेस्टुरेंट में छुपाकर रखा था।जब पुलिस की दबिश और परिजनों के खोजबीन के बीच हो हल्ला मचा तो शिवानी संचालक ने लड़की को छोड़ दिया जो घर वाले को मिली। लकड़ी के पिता ने वाल्मीकिनगर थाने में आवेदन देकर गुम हुई लकड़ी को खोजने की गुहार लगाई थी। लकड़ी के पिता बेचू मियां ने बताया कि मेरी 15 वर्षीय लड़की 3 जुलाई को शाम 6 बजे घर से निकली थी । काफी खोजबीन की गई जब शिवानी रेस्टुरेंट के संचालक भैरोगंज निवासी सन्तोष और रीता देवी से पूछताछ किए तो वे लोग गालीगलौज करने लगे।जब उनके मोबाइल की जांच की गई तो मोबाइल में मेरी पुत्री का फोटो मिला।पीड़ित पिता बेचू मियां ने आगे बताया कि बरामद पुत्री से पूछताछ की गई तो पुत्री ने शिवानी में छुपाके रखने की बात बताई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल दो लोगों को गिरफ्तारी किया गया है।मामले की जांचपड़ताल की जा रही है।

## नवनिर्मित गौतम स्थान स्टेशन से उत्पन्न समस्याओं का ग्राउंड लेवल पर विधायक ने लिया जायजा



प्रात: किरण, संवाददाता

रिविलगंज। गौतम स्थान रेलवे स्टेशन की समस्याओं को ग्राउंड लेवल पर देखने के लिए स्थानीय विधायक डॉ सी एन गुप्ता स्वयं स्थानीय लोगो के साथ स्टेशन पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बताया की विगत दिनों में गौतम स्थान स्टेशन का विस्तार किया गया है पूर्व में इस स्टेशन पर सिर्फ एक प्लेटफार्म दक्षिण दिशा में था,जो रिविलगंज बाजार एवं नगर के सड़क मार्ग को जोड़ता था यात्रा करने वाले को प्लेटफार्म पर पहुंचना सुगम था।लेकिन अब स्थिति है कि पहले का प्लेटफार्म तोड़कर उत्तर दिशा में बनाया गया है जिससे प्लेटफार्म नंबर एक और दक्षिण दिशा में प्लेटफार्म नंबर दो किया गया है टिकट खिड़की उत्तर दिशा में है तीसरा एक रेल पॉइंट जिस पर गिट्टी,सीमेंट उतारा जाता है. बनाए गए प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 पर आने-जाने के लिए ऊपरगामी पथ बनाया गया है लेकिन रेल पॉइंट के ऊपर ऊपरगामी पथ नहीं बनाया गया इस परिस्थिति में यात्री को प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर संपर्क फाटक पार कर जाना पड़ता है.व्यस्त रेल मार्ग होने से प्राय यह बंद ही रहता है जिसके कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस संबंध में विधायक ने वाराणसी डीआरएम को पत्र लिखने की बात कही है.उन्होंने कहा की रेलवे से संबंधित अधिकारीयों को निर्देश देकर ओवरब्रिज का रेक पॉइंट के तरफ विस्तार कर रिविलगंज बाजार के मुख्य सड़क पथ से जोड़ने को कहा जाएगा ताकि यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

## कुमार फाउंडेशन ने एसएसबी के सौजन्य से बाढ़ पीड़ितों में बांटे पौष्टिक आहार



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। मंगलवार को 21वीं वाहिनी एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट अश्वनी कुमार( द्वितीय कमान) अधिकारी के निर्देशन में बाह्य सीमा चौकी ठाढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय हवाईअड्डा और ठाढ़ी के बाढ़ पीड़ित परिवारों को 21वीं वाहिनीं एसएसबी के द्वारा कुमार फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से प्राप्त पौष्टिक आहार के पैकेट का वितरण किया गया ।बतादें की बाढ़ पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य की जांच हेतु वाहिनी के द्वारा मानव चिकित्सा शिविर (एमसीए) का भी आयोजन किया गया। ई समवाय प्रभारी रामपुरवा के सहायक कमांडेंट मोहित सिंह ने बताया की नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत ठाढ़ी ,कैलाशपुर,हवाई अड्डा के ग्रामीणों के लिए मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे चिकित्सा से संबंधित सभी समस्याओं को वाहिनी के सहायक कमांडेंट(चिकित्सा) डॉक्टर नवनीत के द्वारा देखा गया एवं दवा का वितरण किया गया। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया।चूंकि इस इलाके में प्रत्येक वर्ष अनेक परिवार बाढ़ से प्रभावित होते हैं जिससे गांवों में अनेक प्रकार की बीमारियां फैलती है तत्पश्चात ग्रामवासियों व बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है । वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अश्वनी कुमार,द्वितीय कमान अधिकारी के पहल पर कुमार फाउंडेशन के सौजन्य से बाढ़ पीड़ित परिवारों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया ,जिससे स्वास्थ को उत्तम बनाया जा सके, न्यूट्रिमिक्स फूड पौष्टिक आहार के वितरण का उद्देश्य यह है कि इस क्षेत्र के बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहे तथा अन्य बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। उपरोक्त ग्राम के लगभग 150 बाढ़ पीड़ित परिवारों को पोष्टिक आहार वितरण किया गया और 250 बाढ़ पीडितों को मानव चिकित्सा शिविर (एमसीए) के द्वारा उपचार किया गया ।इसके साथ ही वाहिनी के द्वारा नशा मुक्ति एवम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम कर इसके बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया कइस कार्यक्रम के उपरांत ग्रामवासियों द्वारा एसएसबी 21वीं वाहिनी एवं कुमार फाउंडेशन संस्था को धन्यवाद और सराहना की गई । इस कार्यक्रम के दौरान मोहित सिंह सहायक कमांडेंट 21वीं एसएसबी वाहिनी बगहा। नवनीत सहायक कमांडेंट चिकित्सा 65वीं वाहिनी एसएसबी बगहा,उप निरीक्षक सामान्य मोती लाल उप निरीक्षक सामान्य ( महिला) निधि पाल एवम अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## पूरे नगर निगम क्षेत्र को जल जमावमुक्त रखना मेरी प्राथमिकताओं में ऊपर:गरिमा



● लंबे समय तक मानसून सुखा गुजर जाने के बीच सोमवार की देर रात से सुबह तक बरसात के बाद जल निकासी पर सख्त हुईं महापौर

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। लंबे समय तक मानसून सुखा गुजर जाने के बीच सोमवार की रात से सुबह तक बरसात हुई। वर्षा थमने के साथ जल निकासी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी और जल निकासी की बाधा दूर करने का आदेश महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने दिया। इसके बाद सफाई निरीक्षक और सिटी मैनेजर भी जल निकासी व्यवस्था पर एक्टिव हो गए। वही महापौर श्रीमती सिकारिया ने भी दल बल के साथ पहुंच कर कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र को जल जमाव मुक्त बनाए रखना मेरी प्राथमिकताओं में ऊपर है। इसके साथ ही उन्होंने भोला बाबु कैम्पस से लेकर वीणा फामेर्सी के पास हुए जल जमाव की सफाई और कमलनाथ नगर का पानी स्वयं निकलवाया। वही सुप्रिया रोड, रेलवे लाईन के पास के मुख्य नालों से सिल्ट, कचरा और काफी उपजे जलकुंभी को हटवा कर जल निकासी को सुगम बनाया। मौके पर नगर उपायुक्त के साथ नगर निगम की पूरी टीम सक्रिय रही।

## भेल्दी में करंट से मासूम बच्चे की हुई मौत,मचा कोहराम



प्रात: किरण, संवाददाता

भेल्दी(सारण)।स्थानीय थाने के बेदवलिया गांव में बिजली की करंट से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई।मृतक सन्नी कुमार(5) सरोज कुमार गुप्ता का पुत्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के बेदवलिया गांव का सन्नी कुमार घर के समीप खेल रहा था।वही पर बिजली के खंभे में लगे टाना रड में स्पर्श होते ही उसे करंट लग गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।मासूम सन्नी कुमार दूसरी कक्षा का छात्र था।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।मासूम सन्नी की मौत के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।मां पुष्पा देवी अपने लाडले का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती पुत्र के शव से लिपटकर रोने लगती।पिता सरोज कुमार गुप्ता भी बेसूध पड़े हुए थे।बहन नैना,पलक व भाई मनी सन्नी की मौत पर रो रहे थे।रायपुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिध मदन सिंह ने मृतक के परिजन को ढाढस बढाते हुए सांत्वना दिया।इस घटना के बाद गांव वाले भी गम में डूबे हुए हैं।

## लायंस क्लब मोतिहारी कपल के आठवें स्थापना समारोह में लायंस क्लब ऑफ रक्सौल हुआ शामिल

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। मोतिहारी लायंस क्लब कपल, डिस्ट्रिक्ट 322 ई के आठवें स्थापना समारोह में लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, डिस्ट्रिक्ट 322ई के अध्यक्ष लायन साइमन रेक्स, सचिव लायन बिमल सर्राफ,कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डेंटल एण्ड ओरल हेल्थ लायन नारायण रुँगटा की सहभागिता रही। डिस्ट्रिक्ट 322ई के जिलापाल लायन गणवंत मल्लिक मुख्य अतिथि थे।स्थापना पदाधिकारी पुर्व जिलापाल लायन नम्रता सिंह ने 2024-2025 सत्र के लिए सभी क्लब पदाधिकारीगण को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रथम महिला लायन प्रेमा मल्लिक, द्वितीय उप जिलापाल लायन संगीता नंदा,लायन डॉक्टर आशुतोष शरण,लायन अमरनाथ साहु,पुर्व जिलापाल प्रकाश नंदा,पुर्व अध्यक्ष लायन अंगद सिंह आदि की उपस्थिति रही।क्लब अध्यक्ष लायन चंदेश्वर मिश्रा, सचिव लायन नवीन निशांत, कोषाध्यक्ष लायन अभिषेक लोहिया ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी उपस्थित लायंस, रोटरी क्लब से आए हुए पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण केसाथ ही गणमान्य व्यक्तियों का सादर आभार प्रगट किया। लायंस क्लब रक्सौल ने मंचासीन पदाधिकारीगण को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन लायन अनिल अग्रवाल एवं लायन सुनीता गुप्ता ने किया, जिसकी जानकारी रक्सौल लायंस क्लब सचिव सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने दी।

## युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष बने अरमान आलम मिल रहा बधाइयां

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। 06 अगस्त को युवा राजद प्रधान कार्यालय मोतिहारी मे युवा राजद जिला अध्यक्ष म. असलम के द्वारा अरमान आलम को रक्सौल प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया, जिससे रक्सौल राजद कार्यकर्ताओ मे हर्ष है। अरमान आलम के मनोनयन पर पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष युवा राजद रक्सौल सह राजद जिला उपाध्यक्ष सैफुल आजम ने बधाई देते हुए कहा कि अरमान आलम के मनोनयन से रक्सौल राजद को मजबूती मिलेगा, संगठन धारदार होगा, बिहार प्रदेश युवा राजद टीम का एक ही लक्ष्य है, 2025 चुनाव मे अपने नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री के कुर्सी पर बैठाना। मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास इस लक्ष्य मे अरमान आलम के द्वारा पूरा सहयोग मिलेगा। वही अरमान आलम ने कहा जिला अध्यक्ष जो विश्वास करके मुझे यह नई जिम्मेवारी दिए हैं, उस मै खड़ा उतरूंगा। अरमान आलम के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत होने पर पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव, सुरेश यादव, प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम, राजद जिला उपाध्यक्ष सैफुल आजम, राजद नेता सुनील कुशवाहा, युवा राजद जिला महासचिव रवि भारती, प्रदीप प्रेम, प्रखण्ड अध्यक्ष सौरंजन यादव, राजद नगर अध्यक्ष उमेश कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष अनु.जाति प्रकोष्ठ दिनेश राम, प्रखण्ड अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ संजय यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हसीबुर्र रहमान, नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मूसा आलम, प्रखण्ड अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ नीतेश कुमार गुप्ता, युवा राजद नगर अध्यक्ष दुर्गेश साह, छात्र राजद अध्यक्ष सोनू साह, बिकु यादव, कुणाल राय, मनोहर राय, मुन्ना यादव,शमीम अंसारी, एजाजुल हक सहित अन्य राजद कार्यकर्ताओ ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

## बेतिया में पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या, हथियारबंद अपराधियों ने मारी छह गोली

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। बेतिया से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। जहां पूर्व मुखिया वठिकेदार जितेन्द्र सिंह की अपराधियों ने गोलियों से छलनी कर गोली हत्या कर दी हैं। बताया जाता है कि मझौलिया प्रखंड के महना गनी पंचायत के पूर्व मुखिया जितेंद्र सिंह को अपराधियों ने बानुछापर रेलवे गुमटी के पास गोली मारी है। वे बाईक से बानुछापर स्थित अपने निवास पर जारहे थे। पूर्व मुखिया को एक के बाद एक छह गोली मारी गई है। स्थानीय लोगों ने पूर्व मुखिया जितेंद्र सिंह को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । बताया जाता है कि पूर्व मुखिया जितेंद्र सिंह ठेकेदारी करते थे और उनका एक चिमनी भी चलता है। जो मझौलिया थाना के पारस पकड़ी गांव के मूल निवासी बताए जाते हैं। बताया जाता है कि करीब 1 साल पूर्व उनके पुत्र पर भी चाकू से जानलेवा हमला किया गया था। हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना को लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। आक्रोशित लोगों ने पुलिस से मामले की जांच कर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वही इस घटना से मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 09 अगस्त को नगरपालिका चौक पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा -सारण चलाएगा सदस्यता अभियान

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा ।राष्ट्रीय लोक मोर्चा-सारण के सदस्यता अभियान को सफल बनाने को लेकर पार्टी कि बैठक मौर्य हॉस्टल (कुशवाहा छात्रावास ) गुदरी में डा0 अशोक कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेष प्रभारी के रूप में पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता श्री ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू, जिला प्रभारी के रूप में प्रदेश महासचिव जनाब महताब खान एवं श्री हेमंत कुशवाहा जी उपस्थित हुए। बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सदस्यता अभियान को पंचायत एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 09 अगस्त 2024 को छपरा के नगरपालिका चौक पर होर्डिंग बैनर एवं स्टाल लगाकर बृहत रूप से सदस्यता अभियान चलाने का निर्माण लिया गया, जिसमे सभी 20 प्रखण्डो से प्रति प्रखण्ड कम से कम 50-50 लोग शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव श्री ओमप्रकाश कुशवाहा, वरीय युवा नेता श्री राहुल सिंह,एवं जिला के पदाधिकारी डा. गणेश प्रसाद, तारकेश्वर सिंह, राजकुमार राय, इंद्रदेव सिंह, बिन्दा प्रसाद, मनोज कुमार सिंह,गणेश कुमर सिंह, आकाश सिंह, अरविन्द सिंह, शशि कुमार गोंड, राजीव कुमार, अजय शंकर प्रसाद, नीरज कुशवाहा, श्याम सुन्दर सिंह, मोहम्मद क्यूम, भूपेंद्र कुमार कुशवाहा, वंश राज आदी उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता

मशरक में स्वच्छता को लेकर महेंद्र मिश्र कला जत्था नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने आमजनों को जागरूक किया। मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौक , उच्च विद्यालय मशरक एवं उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय के समीप कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि किसी भी कुरा कचड़ा को सरकारी बनाएं गए नाले अथवा कहीं भी न फेंककर नगर पंचायत द्वारा लगाए गए कचड़ा दान अथवा कचड़ा बाल्टी में जमा करें,ऐसा नही करने पर इधर उधर फेंके गए कचड़ा के जमाव से जहरीली मच्छर होने से मलेरिया एवं डायरिया फैल सकती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपने अपने घरों में सुलभ शौचालय बनाने की बात भी बताई गई। महेंद्र मिश्र कला जत्था दल का नेतृत्व चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह कर रहे थे,इस मंच के माध्यम से गायक रणजीत राणा, नागेन्द्र ठाकुर, कुशेश्वर ठाकुर,अभय कुमार एवं महिला कलाकार मुस्कान के द्वारा स्वच्छता अभियान जागरुकता को लेकर शानदार कला प्रस्तुत किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### पोर्टल से नही बल्कि एजेंटों के जरिये पैसा वापस किया जाए : सुदामा प्रसाद

आरा।सासंद सुदामा प्रसाद ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के लाखों छोटे निवेशकों का पैसा फसा हुआ है।जो अपने बेटों बेटियों के पढ़ाई लिखाई, शादी व्याह तथा जीवन के गंभीर स्थिति में सहयोग के लिए किया था। लेकिन उन सभी निवेशकों का पैसा नही वापस हुआ।सहारा की विभिन्न निवेश स्कीमों के निवेशक जो समाज के गरीब वर्गो से आते हैं, उनके मेहनत का निवेश किया गया पैसे का रिफंड (धनवापसी) माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के ।।वर्ष उपरांत भी आज तक नहीं दिया जा सका है। उन्होंने कहा कि कल सदन में वित्तमंत्री के जवाब से सरकार की मंशा साफ हो गया।सरकार किसी भी प्रश्न का सही जवाब नही दी। आगे उन्होंने कहा कि सरकार यह कह रही है कि पैसा क्लेम करने लोग नही आ रहें हैं।जो सही प्रतीत नही लग रहा है। लोग परेशान हैं कि उनका पैसा कैसे मिलेगा।इस लिए हमारी मांग है कि गरीब पोर्टल से आवेदन करने में असमर्थ है इस लिए विभिन्न तरीके अपनाया जाए जिसमे एजेंट के द्वारा भी पैसा वापस किया जाए।

### केंद्र ने प्रसिद्ध हृदय रोग विशेज्ञ डॉक्टर एस.बी प्रसाद को किया सम्मानित

रोहतास जिले के डेहरी के प्रख्यात डॉक्टर एस.बी प्रसाद को मात्र 2 मिनट 17 सेकंड में डॉक्टरों का ऑनलाइन परीक्षा को कंप्लीट कर एक विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। डॉक्टर एस.बी प्रसाद 30 मिनट के प्रश्न को मात्र 2 मिनट 17 सेकंड में कंप्लीट कर इन्होंने पूरे देश को चकित कर दिया।इसके बाद डॉक्टर प्रसाद को देश के कोने-कोने से बधाइयाँ मिल रही है डॉक्टर एस. बी प्रसाद न सिर्फ डेहरी बल्कि रोहतास बिहार समेत पूरे भारत देश का नाम गौरवान्वित करने का काम किया हैं। अब इन्हें सम्मानित करने के लिए अमेरिका से बुलाया आया है जो हमारे जिला ही नही बल्कि पुरे बिहार के लिए बहुत ही गौरव की बात है।सम्मानित करने वालों में सोन कला केंद्र के संरक्षक, राजीव रंजन सिन्हा सचिव सतेंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, जय प्रकाश मौर्य, पारस प्रसाद, राजीव सिंह, महेंद्र राम, मुन्ना रजक, मोहन यादव, प्रदीप कुमार मौजूद रहें।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

आरा।जीविका के द्वारा सभी संकुल स्तरीय संघों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गयो जिसमें जीविका के द्वारा आज 5 हजार से ज्यादा पौधा लगाया गया है पौधारोपण कार्यक्रम विभिन्न ग्राम संगठनों के द्वारा भी आयोजित किया गयो जिसमें ग्राम संगठन की दीदियों ने पर्यवारण हो हरा झ भरा रखने के लिए अपने झ अपने घरों में पौधा रोपण की प्रखंड उदवंतनगर के प्रगति ग्राम संगठन में डीपीएम बरुन कुमार एवं ग्राम संगठन के दीदियों के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गयो साथ ही सभी दीदियों से आग्रह किए कि पर्यवरण को बचाने के लिए पौधारोपण आति आवश्यक है इसलिए सभी दीदियाँ अधिक से अधिक पौधा लगाएं और पर्यावरण को हरा झ भरा बनाऐ जीविका को वन विभाग के द्वारा अभी तक कुल 1 लाख 4 हजार से ज्यादा पौधा मिला है जिसे 1 लाख से ज्यादा दीदियों के द्वारा लगाया गया है ।

### अखिल भारतीय शांति एकजुटता संगठन ने गोष्ठी का किया आयोजन



दरियापुर।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के डेरनी बाजार में अखिल भारतीय शांति एकजुटता संगठन की अंचल इकाई के तत्वावधान में हिरोशिमा दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 के एन सिंह ने की।गोष्ठी में वक्ताओं ने साम्राज्यवादी शक्तियों की युद्धोन्माद की विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि उसका सरगना अमेरिका पुनः विश्व को युद्ध में झोंकने और अपने द्वारा उत्पादित हर प्रकार के हथियारों की बिक्री की कुत्सित योजना पर काम कर रहा है।जिससे विश्व शांति पर खतरा उत्पन्न हुआ है।आज विश्व के कई देश परमाणु शक्ति बन गए हैं।

### सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट करने के आरोप में नेता गिरफ्तार

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के कराह गांव से एक नेता को पुलिस द्वारा फेसबुक पर भडकाउ पोस्ट डालने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के मुताबिक लोक सभा चुनाव के दौरान चुनावी हिंसा के दौरान छपरा के तेलपा में एक युवक की हत्या हुई थी।उसी दौरान बनियापुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी डब्लू कुमार के फेसबुक से पुलिस द्वारा जातीय हिंसा फैलाने का आरोप लगा साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तभी उक्त नेता को पुलिस की तलाश थी। जिस नेता को पुलिस द्वारा बनियापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

## इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम, मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जाम

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव स्थित बधार में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से की अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अपराध अफ्रीका आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव निवासी श्रीभगवान सिंह के पुत्र संतोष सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे। उधर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच रास्ते से ही शव को वापस गांव ले जाकर बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सिकरौल गांव के समीप शव को सड़क के बीचों-बीच रख सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रखा गया। सड़क जाम होने कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। वही सड़क जान की सूचना प्रकार सिकरहटा थानाध्यक्ष राजीव रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर मृतक के चाचा निवास सिंह ने बताया कि कि वह गांव के बधार में स्थित अपने खेत में रोपनी कर रहे थे। जहां बगल के खेत में लगे अमरूद के पेड़ के कारण चारों तरफ बिजली का तार लगाया गया था और उसका कुछ तार उनके खेत के आदि के पास गड़ा था। रोपनी करने के दौरान वह उसी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उनके शव को वापस सब गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतक चार भाइयों में बड़े थे। उनके परिवार में मां सीता देवी,पत्नी उषा देवी व दो पुत्री पूजा,खुशबू एवं एक पुत्र राहुल कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां सीता देवी,पत्नी उषा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# रोहतास के डिहरी में कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज हुआ रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास। चल कांवरिया बाबा धाम कांवरिया संघ तारबंगला वार्ड नंबर 38-39 के शिव भक्तों ने 15-20 वर्षों से सावन के महीने में हजारों की संख्या में एक परिधान में नाचते गाते बाबा की नगरी बैजनाथ धाम पहुंचते हैं। व्यवस्थापक ललन सिंह गदर, अजय पासवान, सुई बम, के नेतृत्व में बोल बम का नारा लगाते हुए कांवरियों का जत्था तार बंगला से निकलकर निरंजन बीघा झारखंडी मंदिर डेहरी हनुमान मंदिर के बाद स्टेशन की ओर प्रस्थान करते हैं।

सुल्तानगंज रवाना होने से पूर्व कांवरियों के जत्थे ने अनुमंडल कोट हनुमान मंदिर,झारखंडी मंदिर, डेहरी बाजार हनुमान मंदिर, काली मां मंदिर, में माथा टेका बोल बम, बोल बम ,जय बाबा बैजनाथ, हर हर महादेव, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, जैसे जयकारा लगाते हुए प्रधान किए कांवरिया का जत्था को झारखंडी मंदिर पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव अनुमंडल कोट पर उमा शंकर पांडेय डेहरी बाजार हनुमान मंदिर पर गुड्डू चंद्रवंशी ने रवाना किया। इस मौके पर सोनू झुंनझुनवाला , शेट्टी यादव, लेखा पासवान, विट्टू शर्मा ,पूजा देवी, रीता देवी ,शीला देवी, रेणु देवी ,रीना देवी, बलजीत सिंह,राजा चौधरी, भगवान यादव, विकास यादव, कारा चंद्रवंशी, लक्ष्मण सिंह,राजू चौधरी, विक्की यादव, अजय सिंह लोकू गुप्ता राजा शर्मा बबन सिंह अनिल पाण्डेय सैकड़ो की संख्या मे शिव भक्त उपस्थित थे।

# फोटोग्राफर्स यूनिटी के तत्वावधान में कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आरा शहर स्थित एक निजी होटल के प्रांगण में फोटोग्राफर्स यूनिटी के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिलों से लगभग दर्जनों फोटोग्राफर्स शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी की अहम जानकारियां दी गई. वरीय फोटोग्राफर रामजी प्रसाद सिंह एवं आगत अतिथियों ने कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया।

निकौन कंपनी के टेक्निकल हेड मयूरेश सिन्हा ने बताया कि फोटोग्राफी की अहम जानकारी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है, फोटोग्राफी के तरीकों और उसे कैसे बेहतर किया जाए? इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया है. हीना खातून सेल्स निकोन ने बताया कि अक्सर इस तरह का कार्यक्रम देश के बड़े-बड़े शहरों में होता है तो हमलोगों ने भी निर्णय लिया कि जो फोटोग्राफर्स बड़े शहरों में नहीं जा सकते है तो उनके लिए इस तरह के कार्यशाला का आयोजन किया जाए. जिसमें निकौन एक्सपीरियंस जोन पटना के फोटोग्राफर राय चौधरी ने कहा कि जिनके बीच फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की अहम बारीकियों को बताया गया है और निश्चित तौर पर इसका लाभ इन लोगों को आने वाले समय में मिलेगा. फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी से संबंधित कई बारीकियों को बताया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में फोटोग्राफी के अत्याधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी देना है ताकि फोटोग्राफर्स बेहतर तरीके से अपना कार्य कर सके. बेहतर एल्बम कैसे बनाया जाए ? इसके बारे में भी जानकारी दी गई है. पहले के समय में और वर्तमान समय में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में काफी परिवर्तन हुआ है, इसी वजह से इस तरह के कार्यशाला का आयोजन किया गया है. आने वाले समय में भी और व्यापक तौर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. वहीकार्यशाला मैं निर्णय लिया गया कि वैसे फोटोग्राफरोंकी मदद की जाएगी जो जरूरतमंद हो और रात को कही फोटोग्राफी करने जातेहैं और फस जाते हैं। तो उनका हेल्प किया जा सके। इस मौके पर आजाद कुमार भारती, डब्लू सिन्हा, गुड्डू जी, विनोद कुमार, निधिस सिन्हा, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार आदि उपस्थित है



# नाथनगर प्रखंड के पंचायत की आवाज बनेंगे समाजसेवी संजीव सुमन

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। नाथनगर प्रखंड के इस पंचायत की आवाज बनेंगे समाजसेवी संजीव सुमन नाथनगर प्रखंड के भुवालपुर पंचायत अंतर्गत रामचंद्रपुर नवटोलिया गाँव में सड़क व नाले की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण पिछले एक दशक से मौत के साये में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। वर्षो से इसकी मांग को लेकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के घर का चक्कर लगा कर थक चुके हैं। पिछले वर्ष इसी सड़क के गड्ढे में पानी भर जाने के कारण स्थानीय भिखारी यादव की पुत्री की डूबने से मौत हो गई थी, जो सर्वविदित है। बावजूद अब तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली है। आज भागलपुर के वरिष्ठ समाजसेवी सह प्रदेश सचिव संजीव सुमन पंचायत वासियों से मिलकर उनके दर्द को जानने का प्रयास किया और यह संकल्प दोहराया कि जब तक सड़क की समस्या का समाधान नहीं हो जाता हम चैन से नहीं बैठेंगे। श्री सुमन ने कहा कि आखिर जब बिहार सरकार बसावट के लिए सड़क दे रहे हैं तो दुर्भाग्य है ऐसे गांव का जो एन एच पर रहते हुए गली में बच्चे डूब कर मर रहे हैं. जानकारी हो अपने गांव में सड़क की मांग यहां के ग्रामीण विगत दस वर्षो से कर रहे हैं। इस दौरान मौके पर स्थानीय दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे सबने कहा जब तक रोड नहीं तब तक वोट नहीं!



# संभावना स्कूल में चार दिवसीय राखी मेकिंग कार्यशाला का शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित ह्यशांति स्मृतिह्व संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में मंगलवार को चार दिवसीय राखी मेकिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन कला शिक्षक संजीव सिन्हा ने की। राखी मेकिंग कार्यशाला में वर्ग 6 से लेकर वर्ग 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि राखी मेंकिंग कार्यशाला अगामी 10 अगस्त तक चलेगा। 12 अगस्त को विद्यालय परिसर में ही बच्चों द्वारा बनाई गई राखियो की प्रर्दशनी लगाई जाएगी। उसमें से बेहतरीन राखियों को सेलेक्ट करके फौजी भाईयो को भेजा जाएगा। प्रदर्शनी के बाद पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। जो बच्चे बेहतरीन राखी का निर्माण करेंगे। उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्या डॉ.अर्चना सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहने बाजार में पैसे से राखियां खरीदी जाती हैं। लेकिन जो राखी बहने खुद से बनाती है, उसमें स्नेह, प्यार और कला होता है। यहां बनाई गई राखी आप अपने भाईयो को भी बांधेगी। इसके अलावे उन राखियों में से बेहतरीन राखियों को सलेक्ट करके देश की सरहद पर तैनात फौजी भाईयो को भेजा जाएगा। इन राखियों के माध्यम से हम फौजी भाईयो के स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की मंगलकामना करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन कला शिक्षक बिष्णु शंकर ने किया।

# रक्षाबंधन पर पोस्ट ऑफिस दे रहा है बहनों को अनोखा उपहार

प्रात: किरण संवाददाता

आराः रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर पोस्ट ऑफिस के द्वारा बहनों की खातिर अनोखा उपहार दिया जा रहा है क्योंकि भाई-बहनों के असीम प्रेम का यह त्यौहार अपने आप में अनूठा है रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर के आर के हेड पोस्ट ऑफिस में वाटर प्रूफ लिफाफे की बिक्री की जा रही है और यह लिफाफा मात्र 10 में बहनों को प्रदान की जा रही है क्योंकि इस लिफाफे में भर के बहने अपने भाई के लिए राखी भेज रही हैं यह लिफाफा अलग तरह का है जो की बारिश में भी बहन की राखी को सुरक्षित बचाकर उनके भाई तक पहुंचाने का काम करेगा वही इस स्पेशल लिफाफे को राखी लिफाफा के तौर पर पहचान में भी डाक कर्मियों को आसानी होगी जिससे उनको जल्द से जल्द पहुंचाया जाएगा आराके डाक अधीक्षक पवन कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी पोस्ट ऑफिस में वाटरप्रूफ लिफाफा के माध्यम से राखी भेजी जा रही है वहीं रविवार को भी पोस्ट ऑफिस को खोलकर राखी की डिलीवरी की जाएगी ताकि समय से राखी को पहुंचाया जा सके वही रक्षाबंधन को लेकर लिफाफे को खरीदने के लिए काफी संख्या में बहने भी यहां पहुंच रही हैं



# शांति, सौहार्द के साथ मनाएं नागपंचमी एवं महावीरी झंडा त्योहार : जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम)। नागपंचमी एवं महावीरी झंडा 2024 के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उदेश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नागपंचमी एवं महावीरी झंडा त्योहार में जिले में प्रेम, सद्भाव एवं शांति के वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन दृढ़संकल्पित है। जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। महावीरी झंडा के अवसर पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के चयनित स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस फोर्स की तैनाती की जा रही है। त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले अपराधियों, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि जिलेवासी किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मो यथा-फेसबुक, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स आदि पर साईबर सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरूद्ध सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि जुलूस निकालने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुज्ञप्ति लेना आवश्यक है। निर्धारित रुट के अनुरूप जुलूस निकाला जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से कहा कि आप सभी के सहयोग से पूर्व के पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया गया है। नागपंचमी एवं महावीरी झंडा का त्योहार भी शांति एवं सौहार्द के साथ सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता दें। उन्होंने कहा कि अनुमंडल, प्रखंड, थाना स्तर पर अधिकांशतः जगहों पर शांति समिति की बैठक कर ली गयी है। बैठक में सभी सदस्यों को अमन-चैन, शांतिपूर्ण तरीके से महावीरी झंडा सम्पन्न कराने को कहा गया है।

# लाखों की लागत से नाला निर्माण किसी काम का नहीं

प्रात: किरण संवाददाता



राजपुर रोहतास। राजपुर मेंन चौक जो डिहरी ऑन सोन जाने वाली मेंन रोड तालाब में परिवर्तन हो गया है जिसका मुख्य वजह वर्षा की पानी की निकासी जो अभी नला की मरम्ती का कार्य किया गया था इसके बाद भी वर्षा की पानी निकास नहीं हो पा रहा है इसके वजह से गाड़ी की आवा जाही होने के कारण पैदल चलने वालों व्यक्तियों की काफी मुश्किलों के बाद और गंदा पानी की बीच से होते हुए बाजार आने जाने में बहुत परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है इससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

# जिला कृषि कार्यालय के कार्यों तथा जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में आज दिनांक 06.08.2024 को जिला कृषि कार्यालय के कार्यों तथा जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे । जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक साप्ताहिक बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी शामिल होंगे। इस साप्ताहिक बैठक का उद्देश्य यह जानना होगा कि किसी रिटेलर को कितने उर्वरक की आवश्यकता है, किसानों को उर्वरक सही समय पर और आसानी से उपलब्ध हो पा रहा है या नहीं तथा कृषि एवं सिंचाई में कोई समस्या तो नहीं आ रही है। इन बैठकों का अनुश्रवण अनुमंडल पदाधिकारी करेंगे तथा प्रतिवेदन जिला कृषि पदाधिकारी देंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 25 अगस्त को सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी उर्वरक के खुदरा विक्रेताओं के पास जाकर किसानों से उर्वरक के दर के बारे में पूछेंगे। अगर उर्वरक किसानों को ऊंची दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है तो फिर संबंधित पदाधिकारी छापा मरेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इन कार्यो का अनुश्रवण अनुमंडल पदाधिकारी करेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य बिहार सरकार के मूल विभाग हैं। ये विभाग पंचायत स्तर तक काम कर रहे हैं। अतः ऐसे में आमजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से जुड़े मामले पेंडिंग नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कृषि संबंधी योजनाओं के पेंडिंग मामलों को पंचायतवार डेटा संकलित कर उसे शीघ्र निपटान करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह काम प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से संपन्न कराने का निर्देश दिया और उन्होंने कहा कि 10 दिनों के अंदर कार्य संपन्न नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारी का वेतन काटा जाएगा। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा जिले भर में जहां-जहां पिट कंपोज्ड (जैविक खाद) बनाए जा रहे हैं, उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने ऑर्गेनिक फार्मिंग के जरिए जिले भर में क्या-क्या उत्पादन किया जा रहा है और कहां-कहां क्या बिक रहा है, इसके बारे में पूरी सूचना उपलब्ध कराने का भी जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ऑर्गेनिक फार्मिंग के जरिए पैदा होने वाले फल-सब्जियों को मार्केट बनाकर बिक्री करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मार्केट की व्यवस्था उन जगहों पर की जानी चाहिए जहां लोग सुबह-शाम टहलने जाते हैं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि नेहरू पार्क के पास एक गुमटी लगाकर उसमें कृषि विभाग द्वारा ऑर्गेनिक फार्मिंग के उत्पादों की उपलब्धता बिक्री के लिए की जा सकती है । जिलाधिकारी ने जिन-जिन पंचायत में अभी भी सिंचाई के लिए पानी की समस्या बनी हुई है, उससे संबंधित प्रतिवेदन जल्द से जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जहां मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती की जा रही है, उससे संबंधित प्रतिवेदन भी जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेनारी, नौहट्टा, रोहतास, तिलौथू प्रखंड में मिलेट्स, स्ट्रॉबेरी और अमरूद की खेती की संभावना पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब मगध और शाहाबाद का क्षेत्र मिलेट्स की खेती के लिए जाना जाता था। इसे एक बार फिर से पुनर्जीवित किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने ड्रैगन फ्रूट्स और अंजीर की खेती की संभावनाओं को भी तलाशने का निर्देश दिया। कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रस्तावित बिक्रमगंज में किसान मेले के आयोजन को जिलाधिकारी ने सहमति दे दी है।

# नगर निगम की मेयर व उनकी टीम के भ्रष्टाचार एवं बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 का उल्लंघन का पोल जनता के समक्ष खोल रहे है

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : आज दिनांक 06 अगस्त 2024 को इस प्रेस वार्ता के माध्यम से हम सभी सासाराम, नगर निगम की मेयर श्रीमती काजल कुमारी उनकी टीम के भ्रष्टाचार एवं बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 का उल्लंघन का पोल जनता के समक्ष खोल रहे है।

मेयर द्वारा लगातार निजी स्वार्थ में नगर निगम का विकास बाधित किया जा रहा है। पार्षदगण द्वारा बैठको में पारित कुल-77,79,06,238.00 रू0 की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति का ऐजेन्डा बैठक में नहीं लाया जा रहा है ना ही स्वीकृति दी जा रही है। क्योंकि उनके द्वारा इन्तजार किया जा रहा है कि नगर आयुक्त के जाने के बाद लुट मचायेगें।

मेयर एवं उनके सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के मिलीभगत से संवेदकों से कमीशन की मांग की जा रही है जिसका ऑडियो वायरल हुआ है ऑडियों में प्रमोद कुमार मौर्या जो कि नगर निगम कार्यालय में मेयर के साथ मिलकर तालाबन्दी, सरकारी कार्य में बाधा, तोड़-फोड़ के अभियुक्त भी है एवं मेयर द्वारा उन्हें तर्दथ समिति का सदस्य भी बनाया गया है के द्वारा संवेदको से स्पष्ट रूप से कमीशन मॉगने एवं मेयर से बातचीत करने के लिए कहा गया है। जबकी सच्चाई यह है कि प्रमोद कुमार मौर्या या मेयर द्वारा किसी को कोई कमीशन नहीं दिया जाता है बल्कि सबके नाम पर मॉग कर सबको बदनाम किया जाता है यह गम्भीर अपराध है। इस संबंध में गहराई से जांच होनी चाहिए। प्रमोद मौर्या सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, वार्ड सं0 22 के पार्षद अंजू मौर्या जी के भसुर के लड़के है।

नगर आयुक्त द्वारा बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 एवं सरकारी दिशा-निर्देश के आलोक में किये गये विकास कार्य की योजनाओं का कायार्देश रद्द किया जा रहा है। जो इनके विकास विरोधी होने का परिचायक है।



# समाहरणालय स्थित सभी विभागों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : जिलाधिकारी नवीन कुमार ने आज सुबह समाहरणालय स्थित सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी की जांच की, जिसमें कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। विभिन्न विभागों के 31 कर्मचारियों अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने सभी शाखा के प्रभारी एवं कार्यालय के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों का ससमय कार्यालय में आना सुनिश्चित करें और देर से आने वाले कर्मचारी का वेतन काटा जाए और उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कायार्लीय कार्यों में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यालयों के पदाधिकारी को उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार और लाभुकों को ससमय लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जिला अभिलेखागार के काउंटर का निरीक्षण किया और वहां आए आगंतुको से पूछताछ कि कोई उनसे उनके काम के लिए पैसे तो नहीं मांगता है और अभिलेख सही समय पर प्राप्त होता है या नहीं। आगंतुकों ने बताया उन्हें कोई परेशानी नहीं है और उन्हें अभिलेख दो दिनो में प्राप्त हो जाती है।



# 15 किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में किया गया सम्मानित

बिक्रमगंज(रोहतास) : रोहतास जिला के 15 किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में विश्वविद्यालय फाउंडेशन दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सम्मान समारोह में 4 व 5 अगस्त 2024 को विभिन्न कैटेगरी में सम्मानित किया गया । ये सभी किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज दारा सबौर ले जाया गया । जिनमें से करमैनी के विजय कुमार सिंह को नवाचारी किसान के रूप में बीज उत्पादन और मत्स्य पालन ,तरार के धनंजय कुमार को वर्मी कंपोस्ट उत्पादन ,धनंजय कुमार कृषि विज्ञान केंद्र से वर्मी कंपोस्ट उत्पादन ,नौहट्टा निवासी संतोष कुमार जिन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज से गार्डनर का कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके फूलों का व्यवसाय सफलतापूर्वक कर रहे हैं और माली के रूप में अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं । उनको भी सबौर में सम्मानित किया गया । नवाचारी किसान के रूप में दावथ प्रखंड अंतर्गत मिजार्पुर गांव के सुनील कुमार को मछली पालन ,सोबेया राजपुर गांव के विजय बहादुर को नीलगाय कंट्रोल के लिए पैराशूट वायर से फेंसिंग के लिए नवाचारी किसान के रूप सम्मान मिला । सम्मानों की इसी लड़ी में मोहददीगंज के दिलीप कुमार को पी० पी० वी० एफ० आर० ए० तहत सब्जियों के पुरानी प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए पीवीएफआरए सम्मान से सम्मानित किया गया । मसोना गांव के अर्जुन सिंह को सब्जियों के सफल उत्पादन और विपणन ,सुरूहुरिया गांव निवासी भिखारी राय को पराली प्रबंधन नवाचारी किसान , नासरीगंज के दीनदयाल को पारिवारिक सब्जी उत्पादन,आदर्श कुमार को करेले का बीज संरक्षण एवं नकुल सिंह को हल्दी का बीज संरक्षण के लिए पीपीवीएफ- आरए अवार्ड ,काराकाट प्रखंड के गोड़ारी गांव निवासी अशोक कुमार को मशरूम उत्पादन एवं उससे होम्यो- पैथिक दवा का निर्माण,दिनारा गांव निवासी प्रेम कुमार पटेल को मशरूम उत्पादन एवं विपणन ,धनगाई के मंटू कुमार को छोटकी मसुर प्रभेद के संरक्षण हेतू सम्मान दिया गया । इन सभी किसानों को बिहार कृषि विश्र्वविद्यालय सबौर में आयोजित दो दिवसीय ग्रासरूट नवाचारी सम्मेलन में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं कुलपति डॉ डी०आर० सिंह एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति में प्रदान किया गया । साथ ही इनके द्वारा किए गए नवाचारों का संकलन एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित कर गणमान्य अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया । इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक व प्रधान डॉक्टर शोभा रानी, उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर रतन कुमार और कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक इंजीनियर डेनियल प्रकाश कुशवाहा ने उक्त किसानों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया ।





# मजबूरी में सोशल मीडिया पर हूं, लेकिन इन्फ्लुएंसर्स की तरह शरीर की नुमाइश नहीं करती हूं

**रश्मि गुप्ता ने टीवी इंडस्ट्री में अपने दम पर अलग पहचान बनाई है। उनके सफर के तीन पड़ाव अहम हैं, जिसमें गोरखपुर (जन्मभूमि) और मुंबई (कर्मभूमि) के बीच लखनऊ एक ठहराव है। इस शहर ने उन्हें शिक्षित करने के साथ जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदार बनाना सिखाया है। टीवी सीरियल गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा, साथ निभाना साथिया-2 के बाद अब वह शो ध्रुव तारा में एक अहम किरदार निभा रही हैं।**

### पैसों की जरूरत, होता है ये अफसोस

ऑडिशन देने जब शुरू किए, तब लगा कि यह सही जगह है। अगर जिम्मेदारी ना होती तो शायद मैं एक बड़ा या फिर लीड रोल कर रही होती। हालांकि, जिम्मेदारियों और पैसे की जरूरत की वजह से जो रोल मिला, वो कर लिया। इंडस्ट्री का नियम है, आप जो पहले कैरेक्टर कर लेते हैं, वही आपको बार-बार मिलते हैं। मुझे भी कई नेगेटिव लीड रोल ऑफर हुए। लगता है कि लीड के लिए मुझे थोड़ा इंतजार करना था। मगर उस इंतजार के लिए वक्त नहीं था। खैर, अब सब अच्छा हो रहा है, उम्मीद है जल्द ही और अच्छा होगा।

### इंफ्लुएंसर को नहीं करती हैं सपोर्ट

एक कलाकार के तौर पर आज के हिसाब से इंफ्लुएंसर कहलाना गलत नहीं, मगर मैं इंफ्लुएंसर को बिल्कुल सपोर्ट नहीं करती। हम कलाकार दिन-रात मेहनत करते हैं, एक्टिंग करते हैं, ना कि सिर्फ लिप्सिंग करके लाइक्स बटोरते हैं। आज जो रील्स बना रहे, गानों पर लिप्सिंग कर रहे अगर उनको कैमरे के सामने खड़ा कर दें तो वे एक्टिंग नहीं कर पाएंगे। कई शोज जिसमें इंफ्लुएंसर को मौका दिया गया, वो फ्लॉप भी हो गए। यह प्रोड्यूसर और चैनल के लोग नहीं समझते। उनको लगता है कि पापुलैरिटी है तो उनको ही ले लो। वे नॉन एक्टर हैं। उनको एक्टिंग नहीं आती। उनको यह नहीं पता कि डायलॉग कैसे बोले जाते हैं।

### सोशल मीडिया पर रहना पड़ता है एक्टिव

आजकल रील्स गर्ल्स, न्यू इंफ्लुएंसर की वजह से कलाकारों को भी सोशल मीडिया पर सक्रिय होना पड़ रहा है। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो नुकसान उठाएंगे। मैं खुद सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हूं, लेकिन अपने शरीर की नुमाइश नहीं करती बल्कि कर ही नहीं सकती। मैं शायरी या फिर खुद का लिखा पढ़ती हूं और ओरिजनल वॉयस पर कई मिलियन व्यूज आते हैं। फिर भी मुझे इंफ्लुएंसर कहलाना पसंद नहीं है।

### मेरे रियल लाइफ की तरह हैं कैरेक्टर

मैंने इससे पहले मेन नेगेटिव किरदार निभाए हैं, लेकिन ध्रुव तारा का मेरा किरदार जिसका नाम चंद्रा है, बाकियों से बिलकुल अलग है। मुझे लगता है कि चंद्रा बिल्कुल मेरी तरह है। मैं जैसे रियल लाइफ में हूं, वह बिल्कुल वैसी ही है इसलिए मैं एक्साइटेड हूं कि पहली बार मैं खुद को स्क्रीन पर एक किरदार के रूप में पेश कर रही हूं। इस कहानी का प्लॉट 18वीं शताब्दी में है, इसलिए शुद्ध हिंदी बोलनी पड़ती है। आजकल हम मिक्स लैंग्वेज बोलते हैं। ऐसे में इस किरदार को करते वक्त मैंने स्क्रिप्ट दो से तीन बार पढ़ी, ताकि उन शब्दों का उच्चारण सही से कर सकूं। वरना, बाकी शोज में मैं एक बार ही स्क्रिप्ट पढ़कर तैयार हो जाती थी।




## अमिताभ बच्चन और महेंद्र सिंह धोनी के साथ काम करके रोमांचित हैं प्रोड्यूसर सूरज सिंह मास

सूरज सिंह मास ने अपने बैनर फ्रसूरज सिंह मास फिल्म्सफ्र की घोषणा की है। साथ ही सूरज ने रोमांचित होकर बताया कि उन्होंने बिग बी अमिताभ बच्चन, क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और डायरेक्टर मनीष रुक्मणी शर्मा, सह निर्माता सचिन देशमुख और राजूगोपाल पोदाला के साथ निर्माता के रूप में टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी ब्रांड टीवीसी विज्ञापन किया है। उनके एड फिल्म में मॉडल एक्ट्रेस सीमा मीना ने भी काम किया है।

सूरज सिंह मास मुंबई में एक स्वतंत्र निर्माता हैं। वे एक प्रोड्यूसर के रूप में फिल्म जगत के महानायक अमिताभ बच्चन और महेंद्र सिंह धोनी के साथ ज्यूपिटर टीवीएस विज्ञापन शूट करके बेहद उत्साहित हैं।

सूरज सिंह मास को फिल्म, संगीत और टीवी विज्ञापनों में गहरी रुचि है।उन्होंने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस और कास्टिंग एजेंसी फ्रसूरज सिंह मास फिल्म्सफ्र की स्थापना की है। यह कंपनी कई फिल्मों, विज्ञापन फिल्मों, संगीत वीडियो और लोकप्रिय स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसिद्ध श्रृंखलाओं में शामिल रही है। वित्तीय वर्ष 2018 में, सूरज सिंह मास फिल्म्स को एक माइक्रो-एंटरप्राइज के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जो मुख्य रूप से फोटोग्राफिक फिल्म प्रसंस्करण में लगी हुई थी।

वर्तमान में, यह कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका में एक उच्च-बजट वाली हिंदी फिल्म का निर्माण कर रही है। सूरज सिंह मास फिल्म्स रचनात्मकता को तकनीकी विशेषज्ञता के साथ मिलाने का प्रयास करती है, जिसका लक्ष्य भारतीय फिल्म उद्योग में एक महत्वपूर्ण पहचान बनाना है। गुणवत्ता और नवाचार के प्रति समर्पण के साथ, सूरज सिंह मास सम्मोहक कहानी और प्रभावशाली कंटेंट के माध्यम से अपने दृष्टिकोण को आकार देने में विश्वास रखता है।

सूरज सिंह मास ने बिजनेसमैन डॉ निकेश ताराचंद जैन माधानी का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सुनिधि अपनी गायकी में ऑटो ट्यून से करती हैं परहेज

सुनिधि चौहान बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल की गायकी के लिए मशहूर हैं। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट दिए हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान सुनिधि गायकी में ऑटो-ट्यून के उपयोग के बारे खुलकर बातें करती नजर आईं। सुनिधि चौहान से जब पूछा गया कि क्या वे अपने गानों में ऑटो-ट्यून का प्रयोग करती यहीं। इस सवाल के जवाब में गायिका कहती हैं, मैं ऑटो-ट्यून का उपयोग नहीं करती हूं। चाहे मुझे 100 बार गाना पड़े, लेकिन ऑटो-ट्यून से परहेज करती हूं। सुनिधि चौहान अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, कई गायक और गायिका हैं जो ऑटो-ट्यून का प्रयोग करते हैं। ऑटो ट्यून एक ऐसा प्रभाव है जो आवाज को थोड़ा और चमका देता है। आजकल वे इसका प्रयोग हर जगह करते हैं, लेकिन मुझे इससे दिक्कत है। किसी भी तकनीक को कम और सही जगह पर इस्तेमाल किया जाए तो फायदा जरूर होता है। सुनिधि चौहान भी कहती हैं, आजकल हर गायक और गायिका इसका प्रयोग करने लगे हैं जो सही नहीं है। इसके साथ मेरी समस्या यह है कि जब इसे हर किसी की आवाज पर इस्तेमाल किया जाता है तो सभी आवाज़ें एक जैसी लगती हैं। सुनिधि कहती हैं, मैंने इसका अनुभव किया है। ऑटो ट्यून कोई खराब टेक्निक नहीं है। यदि आप तकनीक का सही तरीके से उपयोग करते हैं तो यह आपके गाने को निखारने का काम करेगी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि सबकी आवाज एक जैसी हो जाएगी, लेकिन समानता जरूर देखने को मिलेगी।

## आने वाले दिनों में इन पांच बड़े अभिनेताओं के साथ परदे पर दिखेंगी रश्मिका



रश्मिका मंदाना आने वाले दिनों में इंडस्ट्री के कई बड़े अभिनेताओं के साथ दिखने वाली हैं और उनके प्रशंसक उन सभी फिल्मों को देखने का इंतजार कर रहे हैं। रश्मिका मंदाना और विक्की कौशल की जोड़ी को परदे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्सुक हैं, दोनों छावां फिल्म में एक साथ काम करते नजर आएंगे। पुष्पा में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की जोड़ी देखने को मिली थी, अब इसके दूसरे भाग यानी पुष्पा 2 में भी दोनों साथ-साथ दिखाई देंगे। फिल्म 06 दिसंबर, 2024 को रिलीज होगी, हालांकि, इस पर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। रश्मिका मंदाना बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के साथ सिकंदर फिल्म में अभिनय करती नजर आएंगी। फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। एनिमल के बाद एक बार फिर से इसके सीक्वल एनिमल पार्क में रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर दिखने वाले हैं। कुबेरा फिल्म में रश्मिका और धनुष की जोड़ी देखने को मिलेगी, इसका निर्देशन शेखर कमुला कर रहे हैं।

## बिग बॉस में बतौर होस्ट अनिल कपूर ने साझा किए दिलचस्प अनुभव

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 का सफर आज पूरा हो रहा है। आज शो का ग्रैंड फिनाले है, जिसमें विजेता का एलान होगा। इस बार का शो अनिल कपूर ने होस्ट किया है। यह बतौर होस्ट भी उनका डेब्यू है। अनिल कपूर ने इस शो से जुड़ने का अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने इसे शानदार और कभी न भूल पाने वाली यात्रा बताया है। अनिल कपूर का कहना है कि इस शो से जुड़ना उनके लिए निजी तरक्की जैसी है। बिग बॉस ओटीटी 3 के ग्रैंड फिनाले के प्रीमियर के लिए सिर्फ चंद घड़ियां और बाकी हैं। सब तैयारियां हो चुकी हैं। यह शो आज रात 9 बजे जियोसिनेमा प्रीमियम पर लाइव स्ट्रीम होगा। बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन काफी रोमांचक रहा है। सभी प्रतिभागियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है तो दूसरी तरफ शो में ड्रामा भी खूब देखने को मिला है। अब जब शो का सीजन समाप्त होने की कगार पर है तो होस्ट अनिल कपूर ने बिग बॉस के अपने सफर के बारे में बात की है। अनिल कपूर ने कहा, बिग बॉस ओटीटी 3 ने मेरे अंदर मौजूद एक बच्चे और एक पिता को बाहर निकाला है! मैं यहां हंसा हूं, मैं सख्त भी रहा हूं, मैंने खुशी और गुस्सा दोनों महसूस किया है। इन सभी चीजों के जरिए मैंने महूसस किया है कि प्रतिभागियों के साथ-साथ यह मेरी भी निजी तरक्की है। अनिल कपूर ने आगे कहा, प्रतिभागियों को तमाम चुनौतियों से गुजरते हुए आगे बढ़ते देखना बेहद शानदार अनुभव रहा है। जैसे-जैसे हम ग्रैंड फिनाले के करीब पहुंच रहे हैं, मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि ट्रॉफी कौन घर ले जाता है। यह सीजन वास्तव में हम सभी के लिए एक कभी न भूलने वाली यात्रा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि रणवीर शौरी, कृतिका मलिक और साई केतन को भी शो से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। लेकिन, खबर सच है तो मुकाबला अब सना मकबूल और नेजी के बीच होगा।





# वेतन समानता पर तब्बू ने साझा किए अपने विचार

**बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तब्बू इन दिनों अपनी फिल्म 'औरों में कहां दम था' के प्रचार प्रसार में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन भी नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। निर्देशक नीरज पांडे के साथ फिल्म प्रचार के दौरान अभिनेत्री ने बॉलीवुड में वेतन समानता के महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचारों को खुलकर साझा किया।**

### वेतन समानता पर अपना रुख किया साफ

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक साक्षात्कार में अभिनेत्री तब्बू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय फिल्म उद्योग में पुरुष और महिलाओं के वेतन अंतर को लेकर महिलाओं से अक्सर सवाल पूछे जाते हैं। बातचीत में उन्होंने कहा, 'हर मीडियाकर्मी महिलाओं से वेतन समानता के बारे में पूछेगा। वह कहेंगे कि एक पुरुष को अधिक भुगतान किया जाता है और आपको कम भुगतान किया जाता है।' अभिनेत्री ने आगे कहा, आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं? आप उस व्यक्ति से क्यों नहीं पूछते जो उन्हें अधिक भुगतान कर रहा है।'

### वेतन समानता पर पुरुषों से भी होना चाहिए सवाल

अभिनेत्री को लगता है कि लोग इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने की कोशिश करते हैं और वह बस इतना ही कह सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नफरत है कि मुझे कम भुगतान किया जा रहा है' या 'मुझे जो भुगतान किया जा रहा है, उससे मैं खुश हूं।' उन्होंने आगे कहा, आप पुरुष अभिनेता से क्यों नहीं पूछते कि आपको अधिक भुगतान क्यों मिल रहा है? इससे नजरिया बदल सकता है और अगर कोई बाहरी नजरिया होगा तो पूरी बात बदल जाएगी। शारीरिकता हमेशा उस नजरिए के बारे में होती है, जिसे दिखाया जा रहा है।' तब्बू का मानना है कि वेतन असमानता के बारे में बातचीत एक अधिक न्यायसंगत उद्योग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है और इसे सही लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

# ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं समर्थ जुरेल

टीवी अभिनेता समर्थ जुरेल के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। समर्थ जल्द ही ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज होने वाली है, जिसे इसी साल रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, समर्थ जुरेल जिस वेब सीरीज में अभिनय करते दिखेंगे, उसका नाम चंगेज है। इसका निर्देशन जजविंदर सोढ़ी द्वारा किया जा रहा है। इसकी कहानी एक गैंगस्टर पर आधारित है। कहा जा रहा है कि समर्थ राजस्थानी रोल में दिखाई देंगे। वेब सीरीज चंगेज में समर्थ जुरेल के साथ-साथ दिग्गज अभिनेता यशपाल शर्मा भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इन दोनों के अलावा चित्तरंजन त्रिपाठी और उज्ज्वल चोपड़ा भी इसमें काम करते हुए दिखेंगे। फिलहाल सीरीज के मुख्य कलाकारों के बारे में खुलासा होना बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आधिकारिक तौर पर पूरी स्टारकास्ट के बारे में जानकारी दे दी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, चंगेज की टीम ने हाल ही में, अपने चंडीगढ़ शेड्यूल का काम खत्म किया है। इसकी शूटिंग काफी पहले से चल रही थी और अब बचे हुए हिस्सों को फिल्माने का काम किया जाएगा। कहा जा रहा है कि बची हुई शूटिंग को मुंबई में पूरा किया जाएगा। मालूम हो कि समर्थ जुरेल टीवी शो उडारियां और मैत्री में काम कर चुके हैं।



## व्यापार

संसेक्स
80981.95 पर बंद
निफ्टी
24717.70 पर बंद

सोना
70,000
चांदी
87,200

## संक्षिप्त समाचार

### दीपकमल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** ऑटोमोटिव उद्योग में अग्रणी दीपकमलने एक ही शहर में एक लाख से अधिक ऑटो-रिक्शा बेचकर, एक लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए इसे प्रतिष्ठित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हाल ही मे लंदन, यूनाइटेड किंगडम स्थित ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में यूके के शैडो मिनिस्टर ऑफ एनर्जी जॉय मॉरिसि, लेबर पार्टी के वरिष्ठ लीडर और ब्रिटिश सांसद वीरेंद्र शर्मा, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष और सीईओ संतोष शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम शक्ति केंद्र के संस्थापक राजराजेश्वर गुरुजी, लंदन के पूर्व मेयर सुनील चोपड़ा और अन्य जानी-मानी हस्तियां शामिल हुई थी। कंपनी की ओर से दीपकमल कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुज गुप्ता ने रिकार्ड प्रमाणपत्र प्राप्त किया। मीडिया से बात करते हुए, श्री गुप्ता ने आभार व्यक्त किया और समाज के व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए प्रभावी तरीके से समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### सैमसंग ने 'इंडिया चीयर्स फॉर नीरज' कैम्पेन की घोषणा की




**गुरुग्राम एजेंसी।** सैमसंग ने अपने 'इंडिया चीयर्स फॉर नीरज' कैम्पेन के जरिए प्रशंसकों से आगे आने और नीरज चोपड़ा को अपनी शुभकामनाएं भेजने का अनुरोध किया है। इस कैम्पेन के साथ, सैमसंग इंडिया नीरज को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और अपनी सीमाओं से आगे जाने के लिए सपोर्ट करना चाहता है। उपभोक्ताओं के उत्साह को दिशा देने और राष्ट्र के सामूहिक उत्साह को बढ़ाने के लिए, सैमसंग इंडिया ने नीरज चोपड़ा के लिए सपोर्ट जुटाने के लिए एक फिल्म का अनावरण किया है। इस फिल्म में दिग्गज एथलीट की मजबूती और दृढ़ संकल्प शक्ति को दर्शाया गया है। इसमें दिखाया गया है कि नीरज कई चुनौतियों से कैसे पार पाते हैं। यह फिल्म इस बात पर प्रकाश डालती है कि सैमसंग का हाल ही में लॉन्च किया गया गैलेक्सी जेड फोल्ड6 स्मार्टफोन उनकी इस यात्रा में कैसे मदद करता है। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 अपनी शक्तिशाली गैलेक्सी एआई टेक्नोलॉजी के साथ सीमाओं से आगे जाकर उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। गैलेक्सी एआई से पावर्ड गैलेक्सी जेड फोल्ड6 इंटरप्रेटर और नोट असिस्ट जैसे एआई फीचर्स के साथ आता है, जिसकी मदद से यूजर्स अधिक प्रभावी ढंग से बातचीत कर सकते हैं, यह उनकी उत्पादकता बढ़ाता है और उनके काम करने और जीने के तरीके को बदलने की सुविधा देता है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा, सैमसंग लोगों को उनकी सीमाओं को तोड़कर आगे बढ़ने और महानता हासिल करने के लिए सशक्त बनाने में विश्वास करता है। हम नीरज चोपड़ा के पीछे अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं, जो उत्कृष्टता और असीमित संभावनाओं का प्रतीक हैं। ये ऐसे मूल्य हैं जिनका सैमसंग बेहद सम्मान करता है। इंडिया चीयर्स फॉर नीरज कैम्पेन के साथ, हमारा लक्ष्य देश की सामूहिक ऊर्जा का इस्तेमाल करना और नीरज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है। इस कैम्पेन के तहत बिल्कुल नया गैलेक्सी जेड फोल्ड6 प्राप्त करने के अलावा, नीरज चोपड़ा को स्पेशल एडिशन गैलेक्सी ं फ्लिप6 और एक व्यक्तिगत फ्लिपसूट केस भी मिलेगा।

# जेफ बेजोस की नेटवर्थ में आई 1,34,075 करोड़ की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी और ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के मालिक जेफ बेजोस को करीब 28 महीने बाद बड़ा नुकसान हुआ है। अमेजन के शेयरों में भारी गिरावट आई है जिसके चलते कंपनी के मार्केट कैप में 130 अरब डॉलर से अधिक की कमी आ गई है। इस गिरावट के कारण जेफ बेजोस की नेटवर्थ में करीब 1,34,075 करोड़ रुपए (16 बिलियन डॉलर) की भारी-भरकम गिरावट आई है।

आपको बता दें कि बीते 5 साल में यह बेजोस का तीसरा सबसे बड़ा वित्तीय नुकसान है। साल 2019 में तलाक के बाद उनकी संपत्ति में बड़ी गिरावट आई थी और अप्रैल 2022 में अमेजन के शेयरों में 14 फीसदी की गिरावट देखी गई थी। उसके बाद अब करीब 9 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है।



### एक महीने में आई 15 प्रतिशत की गिरावट

आंकड़ों के अनुसार नैसडैक पर कंपनी के शेयर 8.78 फीसदी यानी 16.17 डॉलर की गिरावट के साथ 167.90 डॉलर पर आ गए हैं। कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी का शेयर 160.55 डॉलर पर भी पहुंचा। खास बात तो ये है कि बीते एक महीने में अमेजन के शेयरों में 15 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में गिरावट की वजह से कंपनी के मार्केट कैप काफी कम हुआ है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी का मार्केट कैप 134 अरब डॉलर कम हुआ है। मौजूदा समय में कंपनी का एमकैप 1.77 ट्रिलियन डॉलर है। खास बात तो ये है कि बीते 5 साल में जेफ बेजोस को ये तीसरा सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। अप्रैल 2019 में तलाक की घोषणा के बाद जेफ बेजोस को 36 बिलियन का नुकसान हुआ था। उसके बाद अप्रैल 2022 में, जब एमेजॉन के शेयरों में 14 फीसदी की गिरावट आई थी।

### नेटवर्थ में बड़ी गिरावट

अगर बात नेटवर्थ की करें तो जेफ बेजोस को 15.2 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। अगर इसे भारतीय रुपए में देखें तो 1.27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान है। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी की अब कुल नेटवर्थ 191 अरब डॉलर रह गई है। वैसे मौजूदा साल में जेफ बेजोस को 14.6 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। अगर बीते एक महीने की करें तो जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 31 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। वैसे जेफ बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी बने हुए हैं। सबसे ऊपर नाम एलन मस्क का है।

## पहली तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा 17035 करोड़ रुपये रहा, ब्याज से आमदनी 16 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने शनिवार को 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के नतीजे जारी किए। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में बैंक को 17,035 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ हुआ। यह एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की ओर से रिपोर्ट किए गए 16,884.29 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे से 0.9 प्रतिशत अधिक है। भारतीय स्टेट बैंक के शुद्ध मुनाफे का यह आंकड़ा बाजार के 16,786 करोड़ रुपये के अनुमान से भी अधिक है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक का अर्जित ब्याज 1,11,526 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में ऋणदाता की ओर से रिपोर्ट किए गए 95,975 करोड़ रुपये के मुकाबले 16 प्रतिशत अधिक है।

## हलवाई का बेटा, पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए ट्यूशन पढ़ाया, खड़ा कर दिया 35 हजार करोड़ का बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बंधन बैंक। नाम तो सुना होगा। हो सकता है कि आपका इस बैंक में अकाउंट भी हो। लेकिन क्या कभी सोचा है कि इस बैंक की स्थापना किसने की थी? इस बैंक की नींव रखने वाले शख्स का नाम है चंद्रशेखर घोष। इस बैंक की आज लगभग हर राज्य के प्रमुख शहरों में ब्रांच हैं। लेकिन इसकी शुरुआत इतनी आसान नहीं रही। चंद्रशेखर ने साल 2001 में इसकी शुरुआत एक एनजीओ के तौर पर की थी। बाद में उन्?होंने इसे देश के सबसे बड़े माइक्रोफाइनेंस संस्थान के रूप में बदल दिया। अगस्त 2015 में यह बैंक में बदल गया। आज इस बैंक की मार्केट कैपिटल करीब 35 हजार करोड़ रुपये है।



### अब बात इस बैंक को शुरू करने वाले चंद्रशेखर की

बात साल 1960 की है। अगरतला (त्रिपुरा) के एक गरीब परिवार में एक बच्चे का जन्म हुआ। नाम रखा गया चंद्रशेखर घोष। चंद्रशेखर का बचपन काफी गरीबी में बीता। पिता की मिठाई की छोटी सी दुकान थी। घर का खर्च किसी तरह चल पाता था। घर की आर्थिक स्थिति सही न होने के बाद भी चंद्रशेखर ने किसी तरह अपनी पढ़ाई जारी रखी। स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद वह 1978 में ढाका (बांग्लादेश) चले गए। वहां से चंद्रशेखर ने सांख्यिकी में ग्रेजुएशन की डिग्री ली। इस दौरान उन्होंने अपना खर्च चलाने के लिए आश्रम में रहते हुए बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाया।

### ऐसे मिली बैंक खोलने की प्रेरणा

ढाका में रहने के दौरान चंद्रशेखर को 1985 में एक अंतर्राष्ट्रीय विकास गैर-लाभकारी संगठन में नौकरी मिल गई। यहीं पर उन्होंने ग्रामीण महिलाओं पर छोटी-छोटी वित्तीय सहायता के परिवर्तनकारी प्रभाव को देखा। चंद्रशेखर इससे काफी प्रेरित हुए। उन्होंने इस मॉडल को भारत में भी लागू करने के बारे में सोचा।

# महिला सीईओ के महंगे शौक, एनजीओ की करोड़ों की रकम से स्विट्जरलैंड में बिताए 7 दिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी के लिए काम करने वाले अमेरिकी एनजीओ ग्लाड की सीईओ सीईओ सारा केट एलिस को लोगों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सारा पर आरोप हैं कि उन्होंने एनजीओ की रकम का इस्तेमाल अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए किया है। सारा इस एनजीओ की प्रेसिडेंट भी हैं और इसके वित्तीय लेन-देन को भी देखती हैं। सारा पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने एनजीओ की रकम से न केवल महंगे हवाई सफर किए हैं बल्कि महंगे होटल में भी रुकी हैं। साथ ही उन्होंने घर में बने ऑफिस का भी रेवोनेशन एनजीओ की रकम से कराया है। इन सब चीजों में करोड़ों रुपये का खर्च आया जिसका भुगतान एनजीओ ने किया। ये सारी जानकारी न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में सामने आई हैं।



एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल जनवरी में सारा और उनके दोस्तों के लिए स्विट्जरलैंड में सात दिन के लिए सात कमरों वाला लग्जरी होलिडे हाउस बुक किया गया था। इसका खर्चा एनजीओ ग्लाड ने उठाया था। रिपोर्ट के मुताबिक यहां हफ्तेभर रुकने का खर्च 5 लाख डॉलर (करीब 4.20 करोड़ रुपये) आया था। सारा और उनकी टीम यहां देवास में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने आए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स को मिले डॉक्यूमेंट के अनुसार सारा ने यहां एक दिन स्कीइंग भी की थी।इसका भुगतान भी एनजीओ ने ही किया था।

सारा पर घर के ऑफिस रेनोवेशन में लाखों रुपये खर्च करने का भी आरोप है। सारा ने कथित तौर पर लॉन्ग आइलैंड में अपने घर के ऑफिस को अपग्रेड कराने में 20 हजार डॉलर (करीब 17 लाख रुपये) खर्च किए थे। इसमें उन्होंने एक झूमर भी लगवाया था, जिसका खर्च भी एनजीओ के खाते में जोड़ा गया।

### साल में कर डाली 30 बार हवाई यात्रा

न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में पाया गया है कि सारा ने लिमिट से ज्यादा हवाई सफर किया और उसका भुगतान एनजीओ की ओर से किया गया। सारा को साल में 4 बार ही एनजीओ के खर्चे पर हवाई सफर की अनुमति थी। बावजूद इसके उन्होंने साल में 30 बार हवाई यात्रा की। यह सफर उन्होंने फर्स्ट क्लास टिकट पर किया। यही नहीं, एनजीओ के कॉन्ट्रेक्ट के अनुसार सारा को साल में छुट्टियां बिताने के लिए 25 हजार डॉलर (करीब 21 लाख रुपये) का अलाउंस दिया गया था। लेकिन उन्होंने साल 2022 में तीन हफ्ते की छुट्टियों के लिए ही एनजीओ को 15 हजार डॉलर का बिल भेज दिया।

### सारा का किया बचाव

न्यूयॉर्क टाइम्स के इन आरोपों पर ल्रष्ठ ने सारा का बचाव किया है। ल्रष्ठ के प्रवक्ता रिचर्ड फेरारो ने इस बात से इनकार किया कि सारा ने स्विट्जरलैंड में आलीशान यात्रा की थी। उन्होंने कहा कि यह एलिस और उनकी टीम की दावोस यात्रा का खर्च एरियाडेन गेट्टी फाउंडेशन से मिले दान से उठाया गया था। वहीं सारा ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# दुनिया का सबसे अमीर भिखारी, मुंबई में फ्लैट से लेकर दुकान तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेड लाइट या दूसरी जगह पर आपने कई भिखारी देखे होंगे। क्या आपने सोचा है कि सोचा है कि कोई भिखारी करोड़पति भी हो सकता है? मुंबई में रहने वाले भरत जैन दुनिया के सबसे अमीर भिखारी हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संपत्ति करीब 8 करोड़ रुपये है। यही नहीं, इनके पास मुंबई में फ्लैट और दुकाने हैं। इनकी मासिक इनकम करीब 80 हजार रुपये है, जो किसी साधारण नौकरीपेशा के मुकाबले काफी ज्यादा है। वह दिन में 10 से 12 घंटे मुंबई में भीख मांगते हैं। इससे उन्हें रोजाना करीब 3 हजार रुपये मिलते हैं।



### बच्चों ने की है कॉन्वेंट स्कूल से पढ़ाई

भरत के फ्लैट की कीमत करीब 2 करोड़ रुपये है। यही नहीं, उन्हें दुकानों से भी करीब 30 से 40 हजार रुपये महीने का किराया मिलता है। उनके दो बच्चे हैं जो कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के उन्होंने रकम का बड़ा हिस्सा कई जगह निवेश भी किया है। इससे भी उन्हें कमाई होती है। इतनी संपत्ति होने के बावजूद भी भरत छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और आजाद मैदान में भीख मांगते हैं। वह परेल एरिया में रहते हैं। भरत का परिवार स्टेशनरी की दुकान चलाता है। इससे भी उन्हें कमाई होती है। भरत के परिवार के लोग उनसे भीख मांगने को अब मना करते हैं, फिर भी उनका भीख मांगना जारी है।

### ये भी हैं दुनिया के अमीर भिखारी

भरत के अलावा देश में और भी कई ऐसे भिखारी हैं जिनकी संपत्ति लाखों में है। करीब दो साल पहले एक रिपोर्ट के मुताबिक ये भी लखपति भिखारी हैं। हालांकि अब ये जिंदा हैं या नहीं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। जानें ऐसे ही कुछ भिखारियों के बारे में:-

### सरवातिया देवी

सरवतिया देवी अमीर भिखारियों की लिस्ट में शामिल हैं। यह भीख से महीने में करीब 50 हजार रुपये कमाती हैं। एक जानकारी के मुताबिक इन्होंने जीवन बीमा भी कराया है। वह इसका सालाना प्रीमियम 36 हजार रुपये देती हैं।

### लक्ष्मी दास

लक्ष्मी दास ने 16 साल की उम्र से भीख मांगना शुरू किया था। यह भीख मांगकर हर महीने करीब 30 हजार रुपये कमाती हैं।

### संभाजी काले

संभाजी काले भी मुंबई में भीख मांगते हैं। इन्हें खार के समीप भीख मांगते हुए देखा जा सकता है। एक जानकारी के मुताबिक इनके बैंक अकाउंट में करीब 2 लाख रुपये जमा थे। यह प्रॉपर्टी से जुड़ा बिजनेस भी करते हैं।

## ओला इलेक्ट्रिक के आईपीओ को 35 फीसदी आवेदन मिले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के 6,145 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को पेशकश के पहले दिन शुक्रवार को 35 प्रतिशत आवेदन मिले। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शाम पांच बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, इस निर्गम के तहत की गई 46.51 करोड़ शेयरों की पेशकश के मुकाबले 16.31 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। कंपनी के आईपीओ को ज्यादातर खुदरा निवेशकों का समर्थन मिला और उनके लिए आरक्षित हिस्से को 1.57 गुना अभिदान मिला। गैर-संस्थागत निवेशकों के खंड को 20 प्रतिशत अभिदान मिला। हालांकि, पात्र संस्थागत बोलीदाताओं के लिए आरक्षित हिस्से में कोई खास बोली नहीं लगी।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक परप्यूरा से पीड़ित 61 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक परप्यूरा से पीड़ित एक महिला का सफलतापूर्वक इलाज करके एक बार फिर से चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट की मिसाल कायम की है। थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक परप्यूरा खून से संबंधित एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी है, जो दुनिया भर में 10 लाख लोगों में से किसी एक को अपनी चपेट में लेता है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में हेमेटोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट, डॉ. कौमिल पटेल इस मरीज का इलाज करने वाली टीम की कमान संभाल रहे थे। टीटीपी यानी थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक परप्यूरा खून से संबंधित एक दुर्लभ बीमारी है, जिसमें पूरे शरीर में छोटे ब्लड वेसल्स में खून के थक्के बनने लगते हैं। इन थक्कों के कारण प्लेटलेट की संख्या में कमी (थ्रोम्बोसाइटोपेनिया) हो सकती है, रेड ब्लड सेल्स नष्ट (हेमोलिटिक एनीमिया) हो सकते हैं और सीमित मात्रा में खून के बहन की वजह से शरीर के अंगों को नुकसान हो सकता है। चिकित्सा जगत में टीटीपी को एक आपात स्थिति माना जाता है, तथा इससे जुड़ी गंभीर जटिलताओं या मौत को रोकने के लिए तुरंत इलाज करना बेहद जरूरी हो जाता है। प्लाज़्मा एक्सचेंज थेरेपी (प्लाज़्माफेरेसिस) इसका प्राथमिक उपचार है

# 10 दिन बाद लौटी सोने की चमक, फिर पहुंचा 70 हजार के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की चमक लौट आई है। 10 दिन बाद इसकी कीमत फिर से 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पार हो गई है। बता दें कि पिछले हफ्ते 23 जुलाई को पेश बजट में सोना और चांदी से कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई थी। इसके बाद तो इन धातुओं की कीमत धड़ाम हो गई थी। 23 जुलाई को सोने में 4 हजार रुपये से ज्यादा की गिरावट आई थी। 23 जुलाई की सुबह सोने की कीमत करीब 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम थी। बजट के बाद यह गिरकर 68500 रुपये के करीब आ गई थी। तब से इसकी कीमत 70 हजार रुपये के अंदर थी।

शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 646 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आया। इस तेजी के साथ सोने की कीमत 70300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 23 जुलाई को बजट के बाद यह पहली बार है जब सोने की कीमत 70 हजार रुपये के पार पहुंची है। सोने की कीमत में इस बढ़त के बाद निवेशकों का इसमें फिर से भरोसा जाग सकता है। हालांकि चांदी की कीमत अभी भी उस स्तर पर नहीं पहुंची है जो बजट वाले दिन थी। पिछले कुछ दिन छोड़ दें तो इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है। चांदी में अभी भी मंदी है। बजट वाले दिन से लेकर अब तक इसमें सुधार नहीं आया है। शुक्रवार को भी इसमें 383 रुपये की गिरावट आई। इस गिरावट के साथ इसकी कीमत 82211 रुपये प्रति किलो रह गई है। बजट वाले दिन 23 जुलाई को सुबह चांदी की कीमत करीब 89 हजार रुपये प्रति किलो थी। बजट के बाद इसकी भी कीमत में 4 हजार रुपये प्रति किलो से ज्यादा की गिरावट आई। इस गिरावट के साथ चांदी की कीमत 84275 रुपये प्रति किलो तक आ गई थी।



# लक्ष्य सेन ने रचा पेरिस ओलंपिक में इतिहास

● पदक से सिर्फ एक जीत दूर, सेमीफाइनल में मारी एंट्री ● क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन ने दर्ज की रोमांचक जीत

## सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बने पहले भारतीय शटलर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक 2024 के 7वें दिन भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने इतिहास रचते हुए मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस तरह लक्ष्य सेन अब मेडल जीतने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। सेमीफाइनल में वह अगर जीत हासिल करते हैं तो उनका मेडल पक्का हो जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, लक्ष्य सेन ओलंपिक के मेंस सिंगल्स बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचने भारत के पहले खिलाड़ी भी बने हैं। क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन को रोमांचक मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पी वी सिंधू और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी के हारने के बाद अब पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में सारी उम्मीदें लक्ष्य पर टिकी हैं। भारत के लिए ओलंपिक में महिला एकल बैडमिंटन में साइना नेहवाल (2012) कांस्य, रजत (2016) और कांस्य (2020) जीत चुकी हैं। राष्ट्रमंडल चैम्पियन लक्ष्य का सामना अब 2021 के विश्व चैम्पियन सिंगापुर के लोह कीन यू और ओलंपिक चैम्पियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलेसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। भारत के लिए ओलंपिक बैडमिंटन पुरूष एकल स्पर्धा में पारूपल्ली कश्यप 2012 लंदन ओलंपिक में और किदाम्बी श्रीकांत 2016 रियो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे।

### दीपिका क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस (एजेंसी)।** दीपिका ने जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन को 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अब उनका सामना हमवतन भजन कौर से हो सकता है, जिनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया की डायनांडा चोइरुनिसा से होगा।

### पेरिस ओलिम्पिक में लक्ष्य सेन

ग्रुप एल - बनाम जूलियन कैरागी (बैल्जियम)
21-19, 21-14 (जीत)
ग्रुप एल - बनाम जोनाथन क्रिस्टी (इंडोनेशिया)
21-18, 21-12 (जीत)
राऊंड 16 - बनाम एचएस प्रणोय (भारत)
21-12, 21-6 (जीत)
क्वार्टरफाइनल - बनाम चाउ टीएन चेन (ताइपे)
19-21, 21-15, 21-12 (जीत)

लक्ष्य इससे पहले पिछले 5 में से 4 मैच चेन से हार चुके थे। दोनों के बीच मुकाबला बराबरी का था और पासा पल पल पलटता रहा। दोनों ने लंबी रेलियां लगाई और पिछड़कर वापसी करते रहे। पहले गेम में एक समय स्कोर 15.15 से बराबर था और लक्ष्य ने तीन अंक की बढ़त बना ली। लेकिन चेन ने वापसी करते हुए तीन अंक बनाये और बैकहैंड पर लक्ष्य की गलती का फायदा उठाते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी दोनों ने आक्रामक शुरूआत की। जब स्कोर 7.7 था तब लक्ष्य ने लाइन कॉल के लिए रिव्यू लिया जिसका फैसला उनके पक्ष में नहीं रहा।

### ओलंपिक में बाहर होने के बाद बोलीं सिंधु

## मैं खेल जारी रखूंगी लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने शुक्रवार को कहा कि वह ओलंपिक खेलों से प्री क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद संक्षिप्त ब्रेक लेंगी क्योंकि वह अपने करियर की 'सबसे कड़ी हार में से एक' से उबर रही हैं लेकिन उन्होंने अपने आगे के सफर का 'सावधानीपूर्वक' मूल्यांकन करने के बाद खेल जारी रखने का वादा किया।

रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधु चीन की दुनिया की



नौवें नंबर की खिलाड़ी ही बिंग जियाओ से सीधे गेम में हारने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गईं। सिंधु ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अपने भविष्य के बारे में मैं स्पष्ट होना चाहती हूं, मैं खेलना जारी रखूंगी, हालांकि थोड़े समय के ब्रेक के बाद। मेरे शरीर और उससे भी महत्वपूर्ण बात, मेरे दिमाग को इसकी जरूरत है। हालांकि मैं आगे की यात्रा का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने की योजना बना रही हूं और जिस खेल से मैं बहुत प्यार करती हूं, उसे खेलने में ज्यादा आनंद ढूंढूंगी।

उन्होंने लिखा, 'यह हार मेरे करियर की सबसे कठिन हार में से एक है। इसे स्वीकार करने में समय लगेगा लेकिन जैसे-जैसे जीवन आगे बढ़ेगा, मुझे पता है कि मैं इसे स्वीकार कर लूंगी। भारत की शीर्ष खिलाड़ियों शामिल इस 29 वर्षीय ने कहा कि खेलों के लिए उनकी तैयारी आदर्श नहीं थी लेकिन यहां आने के बाद उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। उन्होंने कहा, 'पेरिस 2024 की यात्रा एक संघर्ष थी जिसमें दो साल तक चोट से जूझना और खेल से लंबे समय तक दूर रहना शामिल था। इन चुनौतियों के बावजूद यहां खड़े होकर और तीसरे ओलंपिक में अपने अद्भुत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं वास्तव में धन्य महसूस करती हूं।

## ओलंपिक में मनु भाकर का सफर खत्म

### मनु ने हैट्रिक चूककर भी वो कर दिखाया, जो कोई नहीं कर सका

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर का सफर खत्म हो गया है। वह 25 मीटर पिस्टल इवेंट के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। एक समय वह लगातार टॉप-3 में चल रही थीं। लेकिन 8वें राउंड में 5 में से 2 ही टारगेट हिट कर पाईं। इसकी वजह से चौथे पर चली गईं। फिर तीसरे और चौथे नंबर की शूटर में शूटआउट हुआ। वहां मनु को हार मिली।



### तीन इवेंट के फाइनल में पहुंची

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में तीन इवेंट में हिस्सा लिया। वह सभी इवेंट के फाइनल में भी पहुंचीं। मनु एक ओलंपिक में तीन इवेंट का फाइनल खेलने वाली भारत की पहली एथलीट बन गई हैं। यही वजह है कि मेडल की हैट्रिक नहीं लगाने के बाद भी उनके नाम इतिहास में दर्ज हो गया।

### यूथ ओलंपिक में जीत चुकीं गोल्ड

मनु भाकर यूथ ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। 2018 में 16 साल की उम्र में अर्जेंटीना में हुए यूथ ओलंपिक के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड जीता था। वह यूथ ओलंपिक गोल्ड जीतने वाली भारत की पहली महिला के साथ ही पहली शूटर भी थीं।

### ओलंपिक मेडल जीतने वाले पहली भारतीय शूटर

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में सबसे पहले 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वह ओलंपिक के शूटिंग इवेंट में मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला हैं। इसके बाद 10 मीटर मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉज जीतकर उन्होंने अपना दूसरा मेडल पूरा किया था।

### वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2024

## कार्लसन से हारे अर्जुन, डबल्यूआर टीम को बढ़त

**अस्ताना, कज़ाकिस्तान (एजेंसी)।** विश्व रैपिड टीम शतरंज चैंपियनशिप के पहले तीन राउंड के बाद विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के नेतृत्व वाली टीम डबल्यूआर नें भारत की टीम एमजीडी1 को पराजित करते हुए एक बार फिर अपना खिताब जीतने की और मजबूत कदम बढ़ा दिये है।

डबल्यूआर टीम में कार्लसन नें तीसरे राउंड में पहले बोर्ड पर भारत के अर्जुन एरिगासी को एक शानदार राजा और प्यादों के एंडगेम में काले मोहरो से पराजित किया, दूसरे बोर्ड पर एसएल नारायनन को यान नेपोमनिशी से, चौथे बोर्ड पर प्रणव वी को अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पराजय का सामना करना पड़ा, एमडीजी1 की ओर से पांचवें बोर्ड पर हारिका द्रोणावल्ली नें हाऊ ईफ़ान को और छठे बोर्ड पर मिहिर शाह नें वादिम रोसेंस्टेन को मात दी और तीसरे बोर्ड पर रौनक साधवानी नें यान डूड़ा से बाजी ड्रॉ खेली पर डबल्यूआर टीम 3.5-2.5 से बाजी जीतने में सफल रही।



अन्य मुकाबलो में दो विश्व चैम्पियन डींग लीरेन और जून वेंजून की मौजूदगी में डिकेड चाइना नें टीम हंस को 4-2 से, टीम चैसि नें किंग्स ऑफ चैस करको को 4-2 से, यूएई की टीम अल ऐन नें रुकिस को 5-1 से, मेजबान कजकिस्तान चैस नें मिश्र को 6-0 से पराजित किया। रैपिड में कुल 12 राउंड खेले जाएँगे।

## एंजेला कैरिनी को आईबीए से मिलेंगे 50 हजार डॉलर

### 'पुरुष' बॉक्सर के खिलाफ खेलने से कर दिया था मना



**पेरिस (एजेंसी)।** इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने घोषणा की है कि वह पेरिस ओलंपिक में अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खेलीफ के खिलाफ वेल्टरवेट राउंड ऑफ 16 मुकाबले से हटने के बाद इटली की एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि देगी। यह मैच केवल 46 सेकंड तक ही चल पाया था। कैरिनी खलीफ के आक्रामक मुक्कों से अभिभूत हो गई, जिसके कारण वह जल्दी बाहर हो गई।

### आईबीए ने लगा रखा है बैन

पिछले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय मान्यता छीन ली गए। आईबीए ने यह भी कहा कि कैरिनी के महासंघ और कोच प्रत्येक को 25,000 डॉलर मिलेंगे। इस घटना ने खेलों में लैंगिक पात्रता पर व्यापक विवाद को जन्म दे दिया है। आईबीए के पात्रता नियमों में असफल होने के कारण 2023 विश्व चैंपियनशिप में दोनों एथलीटों को अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद, खेलीफ को ताइवान के डबल विश्व चैंपियन लिन यू-टिंग के साथ पेरिस में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मंजूरी दे दी गई थी।

### पेरिस ओलंपिक 2024-तीरंदाजी

## धीरज और अंकिता की मिश्रित जोड़ी कांस्य पदक मुकाबले में हारी

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत पेरिस ओलंपिक में मिश्रित युगल तीरंदाजी में पदक से चूक गए जिन्हें कांस्य के पदक मुकाबले में अमेरिका की कैसी कॉफहोल्ड और ब्रैडी एलिसन की जोड़ी ने 6-2 से हराया। धीरज और अंकिता की पांचवीं वरीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहला सेट जीतने के बावजूद किम वूजिन और लिम सिहियोन की दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीय जोड़ी से 2-6 से हारने से कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंची थी। अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ उनकी शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसमें उन्होंने पहले दो सेट गंवा दिए।

भारतीय तीरंदाजों ने तीसरा सेट जीतकर वापसी की उम्मीद जगाई लेकिन कैसी और ब्रैडी की जोड़ी ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और 38-37, 37-35, 34-38, 37-35 से कांस्य पदक जीत लिया। इससे पहले धीरज और अंकिता को दक्षिण कोरियाई जोड़ी से 38-36, 35-38, 36-38, 38-39 से हार झेलनी पड़ी। धीरज और अंकिता ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला सेट 38-36 से जीता। लिम ने आठ और 10 अंक के साथ शुरुआत की जबकि किम ने दोनों बार नौ अंक जुटाए। धीरज ने



अपने दोनों निशाने 10 अंक पर लगाकर जीत सुनिश्चित की। भारतीय जोड़ी ने दूसरा सेट 35-38 से गंवाया। लिम और किम ने 10-10 अंक से शुरुआत की।

अंकिता पहले प्रयास में 8 अंक ही जुटा सकी जबकि धीरज ने नौ अंक पर निशाना साधा। लिम और किम दोनों ने दूसरे प्रयास में नौ अंक के साथ जीत सुनिश्चित की और स्कोर 2-2 किया। धीरज और अंकिता तीसरा सेट भी 36-38 से हार गए। लिम ने नौ और किम ने 10 अंक से शुरुआत की जिसके जवाब में अंकिता और धीरज ने नौ-नौ अंक जुटाए। लिम और किम ने अपने अंक दोहराकर मजबूत स्कोर बनाया।

## टी20 सीरीज गंवाने के बाद कोच जयसूर्या ने निकाली श्रीलंकाई टीम में खामी

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका अंतरिम कोच सनथ जयसूर्या ने कहा कि भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 श्रीलंका में हार के बाद उनके खिलाड़ियों को अपनी 'क्रिकेट जागरूकता' में सुधार करने पर काम करना होगा। श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान कई बार अच्छी स्थिति में होने के बाद लगातार विकेट गंवाए और टीम को 0-3 से हार झेलनी पड़ी। जयसूर्या ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले कहा कि मुझे प्रतिबद्धता की कमी नहीं दिखती, लेकिन उन्हें दबाव से बेहतर तरीके से निपटना होगा। उन्हें मैच की परिस्थितियों को लेकर अपनी क्रिकेट जागरूकता को बेहतर करने की जरूरत है। हम इस हार की जिम्मेदारी ले रहे हैं। आप इससे दूर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें इस बात का एहसास होगा हमें तब तक उन्हें विश्वास और समर्थन देते रहना होगा।

जयसूर्या ने कहा कि बल्लेबाजों को लगातार छक्के लगाने की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि श्रीलंका के मैदान बड़े है और चौके तथा दो रन दौड़कर लेने के पर्याप्त मौके देते हैं। उन्होंने कहा, ''जब आप पावर हिटिंग के बारे में बात करते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि आपको (श्रीलंका में) इसकी उतनी आवश्यकता है। अगर आप पर्याप्त चौके और पर्याप्त दो रन लगाते हैं, तो आपको वह स्कोर मिल जाता है जिसकी आपको जरूरत है।

श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि श्रीलंका के मैदान थोड़े बड़े हैं। ऐसा कोई कारण नहीं है कि आप चौके लगाने के साथ दो या तीन रन नहीं चुरा सकते है। अगर आप ऐसा कर सके तो आप इतने सारे छक्के मारे बिना भी काम पूरा कर सकते हैं। इस पूर्व दिग्गज हरफनमौला ने कहा कि खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला जैसे खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना स्वीकार करने के लिए तैयार रहना



चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें एक कोच के रूप में, एक सहयोगी स्टाफ के रूप में, एक टीम के रूप में आलोचना को भी स्वीकार करना होगा।

एक क्रिकेटर के रूप में अपने समय में मुझे इस (परिस्थिति) से गुजरना पड़ा है, हर क्रिकेटर को इससे गुजरना पड़ता है। जब आलोचना होती है, तो आपको इसे स्वीकार करना होगा। जयसूर्या ने उम्मीद जताई की नवनियुक्त कप्तान चरित असलांका जल्द ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि असलांका इस प्रारूप में हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं लेकिन जब आपको कप्तानी मिलती है तो कुछ दबाव होता है। आपको थोड़ा समय देना होगा।

## 14 गेंद में एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं : रोहित शर्मा

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ हले वनडे में जीत की स्थिति में होने के बावजूद ारतीय टीम को टाई से संतोष करना पड़ा। श्रीलंका पहले खेलते हुए 230 रन बनाए थे। भारतीय टीम ो 14 गेंदों पर एक रन चाहिए था लेकिन अर्शदीप रूप में आखिरी विकेट गिर जाने के कारण ुकाबला टाई हो गया। मैच के बाद निराश भारतीय प्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ो श्रीलंका के खिलाफ मैच में जीत के लिए 14 गेंद एक रन बना लेना चाहिए था। भारतीय टीम 231 न के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 58 रन की ज पारी के बावजूद 47.5 ओवरों में 230 रन पर मट गई।

भारतीय खिलाड़ी श्रीलंका के 4 स्पिनरों के ामने कभी सहज नहीं रहे। कप्तान रोहित ने मैच के ाद कहा कि स्कोर हासिल किया जा सकता था। ेकिन इसके लिए आपको अच्छी बल्लेबाजी करनी ोगी। हमने टुकड़ों में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन य नहीं बना पाए। हमने अच्छी शुरुआत की। ेकिन हमें पता था कि स्पिन आने पर खेल बदल



जाएगा। हमने कुछ विकेट गंवा दिए और पिछड़ गए। कप्तान ने ज्यादा आलोचना नहीं करते हुए कहा कि हमने अक्षर पटेल और केएल राहुल के बीच साझेदारी से वापसी की। लेकिन इनके आउट होने से फिर संतुलन गड़बड़ा गया। 14 गेंद में एक रन नहीं बना पाने से निराश हूं, लेकिन मैं ज्यादा नहीं कहूंगा।

### ऐसा रहा मुकाबला

कप्तान रोहित शर्मा के बाद मध्यक्रम बल्लेबाजों के जोर से भारतीय टीम ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंकाई टीम से पहला वनडे मुकाबला टाई करवा लिया। श्रीलंकाई टीम ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 230 रन बनाए थे। पाथुम निसांका 56 तो डुनिथ 67 रन बनाने में सफल रहे थे। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी रही। लेकिन वाशिंगटन सुंदर, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के जल्द आऊट होने के कारण स्थिति गड़बड़ हो गई। लेकिन अंत में केएल राहुल, अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने संक्षिप्त पारियां खेली। 48वें ओवर में भारतीय टीम ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट गंवाए जिससे मुकाबला टाई हो गया। श्रीलंका के लिए हसरंगा ने 3 तो असलांका और डुनिथ ने 2-2 विकेट लिए।

### रोहित बतौर कप्तान सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बने

भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच टाई हो गया। अब वनडे सीरीज के नतीजे के लिए बाकी 2 मैच जरूरी हो गया। दूसरा वनडे 4 अगस्त को कोलंबो में ही खेला जाएगा। भारत ने टी-20 सीरीज 3-0 से जीती थी। बतौर कप्तान रोहित सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बने।

### किसी टाईड गेम में सबसे ज्यादा रन

इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी टाईड गेम में किसी प्लेयर के द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर आ गए हैं। पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के डीन जोंस हैं जिनके 5 इनिंग में 328 रन हैं। वहीं रोहित के 6 इनिंग में 302 रन हैं।

### बतौर कप्तान इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सिक्स

किसी भी कप्तान द्वारा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के मामले में रोहित शर्मा ने इयोन मॉर्गन को पछाड़ा हैं। अब उनके 234 सिक्स हो गए हैं, जबकि मॉर्गन के 233 सिक्स हैं। वहीं तीसरे नंबर पर पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईआईएम संबलपुर के मैनेजमेंट इमर्शन प्रोग्राम में शामिल हुए आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के 62 छात्र

**संबलपुर एजेंसी।** देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम संबलपुर ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए मैनेजमेंट इमर्शन प्रोग्राम (एमआईपी) का आयोजन किया। चार दिवसीय आवासीय मैनेजमेंट इमर्शन प्रोग्राम का उद्देश्य आईआईएम संबलपुर में मैनेजमेंट एजुकेशन के साथ ही विद्यार्थियों को कैम्पस लाइफ का गहन अनुभव प्रदान करना था। 30 जुलाई से 2 अगस्त 2024 के दौरान आयोजित मैनेजमेंट इमर्शन में आईआईएलएम विश्वविद्यालय के 62 छात्र शामिल हुए। इस प्रोग्राम को विभिन्न इंटरैक्टिव सत्रों, कार्यशालाओं और केस स्टडीज़ के माध्यम से फ़्लिप्ड कक्षाओं, व्यावहारिक प्रबंधन अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक अनुभव में अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया। आईआईएम संबलपुर के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों ने इस प्रोग्राम को और प्रभावी बनाने में सहायता की।

इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को नजदीक से जानने और समझने का अवसर भी मिला। इसके अलावा, उन्होंने एक सोशल आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अट्टाबीरा में बुनाई उद्योगों का दौरा भी किया। इस यात्रा ने उन्हें स्थानीय बुनकरों से जुड़ने, उनके शिल्प को समझने और बुनकर समुदाय को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करने में आईआईएम संबलपुर के योगदान को समझने का अवसर प्रदान किया।

### 54 प्रतिशत माता-पिता के पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता

**बेंगलुरु एजेंसी।** बच्चे स्वभाव से जिज्ञासु होते हैं और माता-पिता हमेशा ऐसे सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं जिससे उनकी जिज्ञासा शांत हो। यह बात अमेज़न एलेक्सा के कांतार के ज़रिये जून 2024 को छह शहरों में 750 से अधिक अभिभावकों के बीच किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में सामने आई। इस सर्वेक्षण से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 54 प्रतिशत माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि उनके पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता। साथ ही इसमें 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यदि उन्हें पता न हो तो वे तुरंत सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते हैं। गौरतलब है कि सर्वेक्षण में शामिल 44 प्रतिशत माता-पिता ने मौके पर ही मनगढ़ंत जवाब देने की बात स्वीकार की। सर्वेक्षण में शामिल केवल 3 प्रतिशत माता-पिता ने सवाल को अनदेखा किया या बच्चे को सवाल पूछने से रोकने के लिए विषय बदल दिया। बच्चे अक्सर कार कैसे बनाएं?, ब्रह्मांड कितना बड़ा है?, हवाई जहाज कैसे उड़ता है?, और मछली पानी के नीचे कैसे सांस लेती है?, जैसे सवाल पूछते हैं। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 60 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि वे अक्सर हैरान हो जाते हैं जब बच्चे ऐसे सवाल पूछते हैं जो दिखने में आसान लगते हैं।

### कुंवारापुर फिल्म के माध्यम से मालवा और निमाड़ को प्रेजेंट किया: राजेंद्र राठौर

**इंदौर।** स्थानीय कलाकारों के हुनर को दुनिया के सामने लाने के लिए अविनाश फिल्म्स और मेक्सन बैटरी के बैनर तले कॉमेडी फिल्म 'कुंवारापुर' बनाई है। फिल्म के डायरेक्टर राजेंद्र राठौर की यह पहली थियेटर रिलीज फिल्म है, जो 9 अगस्त को सिनेमाघर में आ रही है। फिल्म के मुख्य कलाकार असरानी, विक्रम कोचर, अविनाश तिवारी, अन्नपूर्णा द्विवेदी, गरिमा अग्रवाल, उर्मिला शर्मा के साथ स्थानीय कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया है। फिल्म के निर्माता लक्ष्मण बर्फा है। रतलाम के सैलाना के रहने वाले डायरेक्टर राजेंद्र राठौर मुंबई में काम कर रहे हैं। वह अब तक 50 विज्ञापन फिल्में और 10 म्यूजिक वीडियो के साथ शॉर्ट फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं। उनके निर्देशन में सोनू सूद, हेमा मालिनी, उर्वशी रौतेला, भाग्यश्री, गौहर खान जैसे कई कलाकार काम कर चुके हैं। डायरेक्टर राजेंद्र राठौर ने बताया कि - अभी तक मध्य प्रदेश का कोई रीजनल सिनेमा नहीं है।

# जिसको बड़ा नेता बनना है, वह दबाएगी पैर, कांग्रेस एमएलए का वीडियो दिखा भाजपा ने घेरा



**जयपुर, एजेंसी।** विधायक के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस विधायकों ने राजस्थान विधानसभा में रात गुजारी। इस दौरान एक विधायक की विवादित टिप्पणी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। वायरल हुए एक वीडियो में कांग्रेस विधायक यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि जिसको बड़ा नेता बनना है, वह पैर दबाएगी। बड़े के चरण दबाने से ही बड़े बनते है। धरने पर बैठे विधायकों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। मदन राठौड़ ने एक्स पर लिखा, राजस्थान विधानसभा में धरना दे रहे कांग्रेस के विधायक यह कह रहे हैं कि जिसको बड़ा नेता बनना है, वह पैर दबाएगी। नारीशक्ति के प्रति कांग्रेस के नेताओं की यह सोच शर्मनाक और निंदनीय है। लगता है लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ नैतिक मूल्य भी कांग्रेसी विधायक भूल गए हैं। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को सदन से निलंबित करने के बाद भारी हंगामा हो गया था। इस फैसले के विरोध में कांग्रेस विधायक पूरी रात सदन में धरना पर बैठ गए। इसी दौरान नेताओं में हुई बातचीत का एक वीडियो बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने शेयर किया है, जो इस समय वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक कांग्रेस विधायक कहते हुए सुनाई दे रहे है कि जिसको बड़ा नेता बनना होगा वर पैर दबाएगी।कांग्रेस विधायक विधानसभा में पूरी रात धरने पर बैठे रहे और तालियां बजाते हुए एक सुर में रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम भजन गाते रहे।

सरकार की ओर से मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा,राजस्थान विधानसभा के सदस्य मुकेश भाकर द्वारा आज आसन की तरफ उंगली उठाकर जो अभद्र व्यवहार किया गया है उसके लिए उन्हें वर्तमान सत्र की बैठकों से निलंबित किया जाए इस पर अध्यक्ष देवनानी ने कहा, भाकर को सदन से निलंबित किया जाता है।इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। जब कार्यवाही वापस शुरू हुई तो कांग्रेस विधायक वहां मौजूद रहे। उनसे बाहर जाने के लिए कहा गया. मगर वो नहीं गए। इसके बाद मार्शल को उन्हें बाहर निकालने के लिए कहा गया।

## सूटकेस के अंदर मिली लाश, साथी की हत्या के बाद शव ठिकाने लगाने जा रहे थे दिव्यांग

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। दो लोग हत्या के बाद शव को सूटकेस में छिपाकर ले जा रहे थे। यह लोग शव को लेकर ट्रेन में सवार हुए थे और ऐसी आशंका है कि उसे ठिकाने लगाने जा रहे थे। लेकिन दादर स्टेशन पर ट्रेन में चेकिंग के दौरान यह सुरक्षाबलों के हत्थे चढ़ गए। पुलिस के मुताबिक डेडबॉडी की शिनाख्त हो गई है। वहीं, सूटकेस में शव लेकर जा रहे लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जानकारी संबंधित थाने को दे दी गई है। खास बात यह है कि जिस शख्स का शव मिला है वह भी दिव्यांग था और दोनों आरोपी भी दिव्यांग हैं।

जानकारी के मुताबिक दो लोग एक सूटकेस लेकर ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान आरपीएफ और जीआरपी ने चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान शक होने पर सूटकेस खुलवाया गया तो उसमें से शव निकला। इसी दौरान एक आरोपी वहां से भाग निकला, जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में दूसरे आरोपी को भी उल्हासनगर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि घटना पिढ़ौनी थाना क्षेत्र में हुई है। आरोपियों की पहचान जय प्रवीण चावड़ा और सुजीत सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

## जंगल में मिली यूएस की महिला का बड़ा दावा, कहा- खुद को ही पेड़ से बांध लिया था



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक जंगल में लोहे की जंजीर से पेड़ से बंधी मिली 50 वर्षीय अमेरिकी महिला ने अब पुलिस को बताया है कि उसने खुद को जंजीर से बांधा था और इस घटना में कोई और शामिल नहीं था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने महिला द्वारा आत्म-क्षति पहुंचाने के इस कृत्य के लिए उसकी मानसिक स्वास्थ्य स्थिति का हवाला दिया है। ऐसा बताया जा रहा है कि महिला मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही है। एक चरवाहे ने 27 जुलाई को जंगल में जब उसकी चीखें सुनीं तो मामला सामने आया। पेड़ से बंधी महिला काफी कमजोर दिखाई दी। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने उसे बचाया और अस्पताल ले गई।

सिंधुदुर्ग पुलिस ने शनिवार को महिला का बयान दर्ज किया, जिसमें उसने बताया कि वह तीन ताले और लोहे की जंजीर लेकर आई थी और उसने एक ताले और जंजीर का इस्तेमाल करके खुद को सोनुरली गांव के पास जंगल में एक पेड़ से बांध लिया। पुलिस ने उसके पास से उसके अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी और तमिलनाडु के पते वाला आधार कार्ड बरामद किया है। उसके पास से उसके अमान्य हो चुके वीजा की कॉपी भी बरामद हुई है।

पुलिस को दिए बयान में अमेरिका महिला ने यह भी बताया है कि उसका कोई पति नहीं है। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को यह पता चला है कि महिला की मां अमेरिका में रहती है, लेकिन अब तक उनके परिवार से किसी ने संपर्क नहीं किया है। अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि महिला कितने दिनों तक जंगल में चेन से बंधी हुई थी।

## अलवर में सिलीसेढ़ क्षेत्र में अवैध होटल-रेस्टोरेंट पर चला बुलडोजर, निशाने पर भूमाफिया



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के अलवर शहर से करीब 16 किमी दूर सिंचाई विभाग की जमीन पर ( सिलीसेढ़ एरिया) कैचमेंट एरिया (डूब क्षेत्र) में बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गई। होटल और रेस्टोरेंट खोलकर लोग मोटी कमाई करने लगे और इसके जिम्मेदार कलेक्टर-एसडीएम सिंचाई विभाग के साथ रिव्यू मीटिंग करते रहे। लेकिन आज अलवर प्रशासन ने सिलीसेढ़ क्षेत्र में बने अवैध होटल-रेस्टोरेंट पर बड़ी करवाई कर दी। सिलीसेढ़ क्षेत्र में बने अवैध होटल-रेस्टोरेंट सहित किये गए अन्य अतिक्रम पर 6 जेसीबी और भारी पुलिस दल-बल के साथ प्रशासन पंहुचा।पहले चरण में 16 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। सिलीसेढ़ के बहाव क्षेत्र में किए गए 16 अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत झील के बहाव व सरिस्का के बफर जोन में किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं हो सकता लेकिन सिलीसेढ़ में अतिक्रमण की बाढ़ आ गई। साथ ही विधानसभा में भी

पहले चरण में 16 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। सिलीसेढ़ के बहाव क्षेत्र में किए गए 16 अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। सिलीसेढ़ झील के बहाव क्षेत्र और बफर जोन में बनाए गए होटल पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की है। मंगलवार की सुबह 6 बजे से ही प्रशासन का अमला पहुंच गया।शुरुआत सिलीसेढ़ में की गई अवैध प्लाटिंग से की गई। अवैध प्लाटिंग के लिए चारों ओर दीवार बनाकर रोका गया रास्ता हटाया गया। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। भारी मात्रा में फोर्स है। सिलीसेढ़ में प्रभावशाली लोगों के होटल-रेस्टोरेंट झील के बहाव क्षेत्र व बफर जोन में बने हुए हैं। बता दें इस क्षेत्र में लगभग 150 से ज्यादा अतिक्रमण हो गए। साथ ही विधानसभा में भी नेताओं ने यह मुद्दा उठाया। पहले चरण में 16 अतिक्रमण चिन्हित किए गए। इन पर कार्रवाई 4 अगस्त को होनी थी लेकिन प्रशासन तिथि दो बार आगे बढ़ता रहा। अब 6 अगस्त को कार्रवाई हुई है।

सिलीसेढ़ में प्रभावशाली लोगों के होटल-रेस्टोरेंट झील के बहाव क्षेत्र व बफर जोन में बने हुए हैं। जिन्हे प्रशासन ने एनजीटी के आदेश पर सर्वे कराया। बफर जोन में 14 होटल-रेस्टोरेंट मिले हैं। वहीं झील से 50 मीटर के दायरे में बहाव क्षेत्र में 16 अतिक्रमण मिले। पूर्व में नोटिस देने के बाद ये करवाई की गई।

## शेख हसीना के बेटे का बयान- देश नहीं छोड़ना चाहती थी मां, अब बांग्लादेश बन जाएगा पाकिस्तान



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और देश छोड़कर भारत आ गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेख हसीना अगले कुछ दिनों तक भारत में शरण ले सकती हैं और इसके बाद वह लंदन जा सकती हैं। शेख हसीना बांग्लादेश छोड़कर नहीं जाना चाहती थीं, लेकिन परिवार के दबाव के चलते उन्हें ऐसा करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में मौजूद उनके बेटे और पूर्व मुख्य सलाहकार सजीब वाजेद जॉय ने इस बारे में खुलासा किया है।

सजीब वाजेद जॉय ने एक इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश अब पाकिस्तान जैसा हो सकता है। शेख हसीना बांग्लादेश छोड़ना नहीं चाहती थीं। लेकिन परिवार के दबाव के कारण और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता की वजह से उन्होंने देश छोड़ा। हमने जोर दिया कि यह उनके लिए सुरक्षित नहीं है। हम उनकी शारीरिक सुरक्षा को लेकर चिंतित थे, इसलिए हमने उन्हें देश छोड़ने को कहा।मैंने आज सुबह शेख हसीना से बात की। बांग्लादेश में अराजकता की स्थिति आप देख सकते हैं। वह ठीक हैं लेकिन बहुत निराश हैं। यह उनके लिए बहुत दुख की बात है क्योंकि बांग्लादेश को एक विकसित राष्ट्र बनाना उनका सपना था। उन्होंने पिछले 15 वर्षों में इस दिशा में बहुत मेहनत की और देश को उग्रवादियों और आतंकवाद से सुरक्षित रखा। बावजूद इसके अब मुखर अल्पसंख्यक, विपक्ष और उग्रवादियों ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है।

जनवरी में लगातार चौथी बार सत्ता में आई शेख हसीना को सात महीने से भी कम समय में अपने देश को छोड़ना पड़ा। उन्होंने एक मिलिट्री हेलीकॉप्टर के जरिए अपनी बहन के साथ भारत में शरण ली। उनके बेटे ने बताया कि इस बारे में कोई चर्चा नहीं की गई कि शेख हसीना आगे कहां जाएंगी। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में चुनाव होंगे, लेकिन वर्तमान में हमारी पार्टी के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। मुझे नहीं लगता कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो पाएंगे। हमने पहले ही बता दिया है कि हम क्या कर सकते हैं। हमारे परिवार ने बांग्लादेश में विकास का काम किया है। अगर बांग्लादेश के लोग खड़े होने की इच्छा नहीं दिखाते, तो उन्हें वही नेतृत्व मिलेगा, जिसके वे हकदार हैं।

सजीब वाजेद ने बातचीत के दौरान कहा कि बांग्लादेश अब पाकिस्तान जैसा हो सकता है, उनका इशारा कट्टरपंथ की ओर था। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी मां ने देश के लिए अच्छा काम किया, तो उन्होंने जवाब दिया, बिल्कुल, आवामी लीग अभी भी देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी बनी हुई है, जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी मां का बांग्लादेश में लौटने का कोई प्लान है, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं। वह 77 साल की हैं।

## मुस्लिम कर रहे हिंदू मंदिरों की हिफाजत, बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन के बीच अनोखी मुहिम




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शनों के बीच हिंदू मंदिर निशाने पर हैं। इस बीच वहां के कुछ छात्रों ने एक अनोखी मुहिम शुरू की है। यह लोग टोली बनाकर बारी-बारी से मंदिरों की रक्षा कर रहे हैं, ताकि मुस्लिम प्रदर्शनकारी इसे निशाना न बना सकें। गौरतलब है कि नरसिंगदी जिले के कांदीपारा गांव में काली मंदिर पर हमला हुआ है। रात के तीन बजे ढाका के ढाकेश्वरी हिंदू मंदिर की पहरेदारी करते हुए छात्रों के विजुअल्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर जा चुकी हैं और सेना ने मोर्चा संभाल लिया है, जिसने अंतरिम सरकार बनाने का ऐलान कर दिया है। बांग्लादेश के मुस्लिम धर्मगुरु भी खुद ही मंदिरों की हिफाजत में लगे हुए हैं। इसके अलावा हिंदू इलाकों में सेना भी तैनात की गई है। सेना यहां पर हिंदुओं की मुसलमानों से हिफाजत कर रही है। बांग्लादेश में देशव्यापी आंदोलन के समन्वयकों ने सोमवार को छात्रों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद देश में पैदा हुई स्थिति में किसी को भी लूट का मौका न मिले। इसके साथ ही समन्वयकों ने छात्रों से वांछित लक्ष्य हासिल होने तक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का आग्रह किया। आंदोलन के समन्वयकर्ताओं में से एक नाहिद इस्लाम ने छात्रों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि वर्तमान स्थिति में किसी को भी लूट का अवसर न मिले। इस्लाम ने एक बांग्ला समाचार चैनल के साथ बातचीत में कहा कि हमें अपनी राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा करनी है। इस अवसर पर किसी को भी लूटने का मौका नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने छात्रों से वांछित लक्ष्य प्राप्त होने तक शांतिपूर्वक सड़कों पर बैठने की अपील करते हुए कहा कि उनके आंदोलन का उद्देश्य अन्य बातों के अलावा दमनकारी व्यवस्था में सुधार करना है।

# जनरल ज़मान से बचना..., भारत ने एक साल पहले ही हसीना को किया था आगाह

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में फैले अराजकता के बीच सोमवार को पीएम हसीना को आखिरकार इस्तीफा देना पड़ा। जान बचाने के लिए देश छोड़ने की भी नौबत आ गई और देश संभालने की जिम्मेदारी अब सेना ने ले ली है। हालांकि इन सब से पहले भारत ने एक साल पहले ही जनरल ज़मान को लेकर आगाह किया था। पिछले साल 23 जून, 2023 को बांग्लादेश के सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने से पहले शीर्ष भारतीय अधिकारियों ने शेख हसीना को जनरल ज़मान के चीन की तरफ झुकाव को लेकर आगाह किया था। हसीना को जनरल वेकर-उस-ज़मान को सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त करके भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर ध्यान न देने की कीमत चुकानी पड़ी है।



देश में बढ़ते विरोध को रोकने के बजाय जनरल ज़मान ने शेख हसीना को देश छोड़ने की चेतावनी दी। 15 साल से प्रधानमंत्री पद पर काबिज हसीना को सेना ने सिर्फ 45 मिनट का समय दिया। जुंटा ने बीएनपी नेता खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया। इस बात का सबूत है कि अब देश में जमात-ए-इस्लामी और इस्लामी छात्रशिबिर जैसे इस्लामी संगठन देश की कट्टरपंथी राजनीति में आगे आएंगे। इससे पहले शेख हसीना ने अप्रैल 2023 में ही संकेत दे दिया था कि वह जनवरी 2024 में होने वाले आम चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। हालांकि और अपने समर्थकों के कहने के बाद वह बेमन से चुनाव मैदान में उतरी थीं। इस्लामवादियों और पश्चिमीं एजेंटों के खतरे को अच्छी तरह से जानते हुए हसीना नहीं चाहती थीं कि उनके परिवार में कोई भी उनका उत्तराधिकारी बने क्योंकि उन्हें पता था कि उनके विरोधी उन्हें मार देंगे। इस तरह हसीना इस्लामवादियों के खिलाफ एक मजबूत दीवार थीं जो सोमवार को सेना की साजिशों की वजह से आखिरकार ढह गई।

**कट्टरपंथी छात्र हो सकते हैं सेना के खिलाफ:** भले ही सेना और उत्साही कट्टरपंथी शेख हसीना के जाने का जश्न मना रहे हों लेकिन बांग्लादेश खुद पाकिस्तान, मालदीव और श्रीलंका की तरह आर्थिक संकट के कगार पर है और उसे इससे उबरने के लिए पश्चिमी देशों की मदद की जरूरत होगी। बेरोजगारी की दर को देखते हुए जेईआई से जुड़े कट्टरपंथी छात्र सेना के खिलाफ हो सकते हैं।

### भारतीय ज्योतिषी ने पहले ही कर थी शेख हसीना की भविष्यवाणी, कहा था अगस्त में सावधान रहना

बांग्लादेश हिंसा से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा दे चुकी हैं और सुरक्षा के लिहाज से मुल्क से भी निकल चुकी हैं। अब कहा जा रहा है कि हसीना के इस हाल की भविष्यवाणी भारत के एक ज्योतिषी ने एक साल पहले ही कर दी थी। फिलहाल, पूर्व पीएम भारत में हैं और कहा जा रहा है कि उन्हें ब्रिटेन में शरण मिलने के लिए मंजूरी का इंतजार है। ज्योतिषी प्रशांत किनी ने अपने ही भविष्यवाणी पर बात की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की एक पुरानी पोस्ट शेयर की और कहा, मैंने पहले ही पूर्वानुमान लगा लिया था कि शेख हसीना अगस्त 2024 में मुश्किल में होंगी। क्या वह अपना देश छोड़कर भाग रही हैं। खबरें हैं कि परिवार के कहने पर ही हसीना ने देश छोड़े का फैसला किया है। किनी ने अपनी पुरानी पोस्ट शेयर की, जिसमें कहा था, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर मेरी भविष्यवाणी है कि शेख हसीना को 2024 के मई, जून, जुलाई और अगस्त महीने में सतर्क रहना चाहिए। उनपर जानलेवा हमले भी हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हसीना के इस्तीफा देने के बाद ही प्रदर्शनकारी उनके आवास पर पहुंच गए थे और जमकर हंगामा किया था। एजेंसी वार्ता के अनुसार, बांग्लादेश में दंगाइयों ने अपने नेता औ हसीना के इस्तीफे के बीच अवामी लीग राजनीतिक दल के कई प्रतिनिधियों के घरों और कई सरकारी इमारतों में तोड़फोड़ की, हसीना के पूर्व निवास को भी लूट लिया गया। यूएनबी समाचार एजेंसी ने पार्टी नेताओं के हवाले से यह खबर दी। शेख हसीना के इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद लोगों के एक समूह ने प्रवासी मामलों और विदेशी रोजगार राज्य मंत्री के आवास, शहर के न्याय विभाग और अवामी लीग के सदस्य अवामी लीग के शहर सचिव के आवास में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129